


# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 287
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 31 जुलाई, 2023




**पीएसएलवी की होगी 58वीं उड़ान**

अप्रैल में भी सिंगापुर के लिए पीएसएलवी-सी55/टेलियोज-2 मिशन भेजा गया था। इसरो ने बताया कि पीएसएलवी की यह 58वीं उड़ान होगी।

### इसरो के पास है भरोसेमंद लॉन्च सिस्टम

पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) सिस्टम को दुनिया के सबसे विश्वसनीय लांचरों में से एक माना जाता है। इसरो ने अपनी लॉन्च सेवाओं को किराए पर देने के लिए निजी खिलाड़ियों को भी शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। इसरो ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास प्रतिष्ठा बना ली है। उसने दिखाया है कि वह बिना किसी चूक के सैटेलाइट लॉन्च कर सकता है। दिलचस्प है कि यहां तक कि ऐसे देश जो अपने दम पर सैटेलाइट लॉन्च कर सकते हैं, वे भी इसरो के लॉन्चर को चुन रहे हैं। इनमें अमेरिका, जापान, फ्रांस और इजरायल शामिल हैं।

# इसरो ने लॉन्च किए सिंगापुर के 7 सैटेलाइट

- इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने सभी को बधाई दी
- सैटेलाइट लॉन्च करने में उस्ताद बन गया है इसरो
- दुनिया कर रही है भारत की क्षमता पर भरोसा

## इसमें 360 किलो वजन वाला डीएस-एसएआर, जो हर मौसम में दिन-रात हाई रेजोल्यूशन तस्वीरें लेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी | श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सैटेलाइट छोड़ने के मामले में उस्ताद बन चुका है। रविवार को उसने सिंगापुर की सात सैटेलाइट को अपनी निर्धारित कक्षाओं में सफलतापूर्वक फिट कर दिया। मिशन चंद्रयान-3 के बाद यह इसरो की दूसरी बड़ी सफलता है। पीएसएलवी रॉकेट के जरिये उसने सिंगापुर के सैटेलाइट लॉन्च किए। यह पहला मौका नहीं है जब भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने किसी दूसरे देश के लिए सैटेलाइट को लॉन्च किया है। कई सालों से वह ऐसा करती आ रही है। सच तो यह है कि सैटेलाइट लॉन्च करना उसकी कमाई का बड़ा हिस्सा बन चुका है। बड़े-बड़े देश इस मामले में उसकी विशेषज्ञता का लोहा मानते हैं। अंतरिक्ष विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में इसरो के लॉन्च व्हीकल का इस्तेमाल करके 44 विदेशी सैटेलाइट लॉन्च किए गए। मार्च 2023 तक अंतरिक्ष एजेंसी ने 37 विदेशी सैटेलाइट लॉन्च किए। यह कोई मजाक की बात नहीं है। सिंगापुर क्या, अमेरिका और ब्रिटेन तक के सैटेलाइट इसरो लॉन्च कर चुका है। सवाल यह उठता है कि आखिर भारत के पास ऐसा क्या है जो बड़े-बड़े दिग्गजों के पास नहीं है क्यों तमाम दूसरे देश इसरो से अपने सैटेलाइट लॉन्च करवाते हैं ये सैटेलाइट लॉन्च करने और करवाने का पूरा चक्कर क्या है आइए, यहां इसके बारे में सब कुछ समझते हैं।

### भारत ने तकरीबन हर बड़े मुल्क को सेवा दी

दरअसल, इसरो 1999 से कमर्शियल आधार पर विदेशी ग्राहकों के लिए सैटेलाइट लॉन्च कर रहा है। अलग-अलग ग्राहकों के लिए वह सैकड़ों सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेज चुका है। इनमें से ज्यादातर सैटेलाइट स्मॉल और नैनो श्रेणी के हैं। इस तरह के लॉन्च इटली, इजरायल, फ्रांस और सिंगापुर जैसे देशों के लिए किए गए हैं। वाणिज्यिक आधार पर अब तक लॉन्च किए गए सभी सैटेलाइट के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत ने तकरीबन हर बड़े मुल्क को सेवा दी है। इनमें अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, बेल्जियम, इटली, ऑस्ट्रिया और डेनमार्क से लेकर संयुक्त अरब अमीरात, कजाकिस्तान, तुर्की तक शामिल हैं। इन देशों के साथ भारत की पार्टनरशिप को सिर्फ व्यावसायिक नजरिये से देखना सही नहीं होगा। अलबत्ता, इसका जियो-स्ट्रैटेजिक महत्व भी है।

### गिने-चुने देशों के पास है क्षमता

सबसे महत्वपूर्ण तो यह है कि दुनिया के गिने-चुने देश देशों के पास ही अंतरिक्ष में सैटेलाइट लॉन्च करने की क्षमता है। ऐसे में लाजिमी है कि दूसरे देशों को अपने सैटेलाइट लॉन्च करने के लिए इसरो पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा सैटेलाइट लॉन्च करने की क्षमता रखने वाले चंद देशों में उत्तर कोरिया और ईरान जैसे देश भी शामिल हैं। उनकी लॉन्च क्षमताएं बहुत ज्यादा विकसित नहीं हैं। ये राजनीतिक रूप से भी अछूते हैं। लॉन्च सेवाओं को किराये पर लेने के लिए यूरोपीय संघ, अमेरिका, रूस, जापान और चीन अच्छे विकल्प हैं। भारत इस मार्केट में उभरता हुआ खिलाड़ी है। हालांकि, दुनिया की आंखें भारत पर इसलिए गड़ी हुई हैं क्योंकि उसके पास सबसे भरोसेमंद और लागत प्रभावी लॉन्च सुविधाएं हैं।

## सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड का योगी ने किया शुभारंभः योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक के लिए होगा फोन, डैशबोर्ड से होगी रैंकिंग और ग्रेडिंग

# छह साल में यूपी के लिए लोगों में धारणा बदली: सीएम योगी

### सीएम योगी ने कहा, जिन्हें शांति और सौहार्द नहीं पसंद, वह माहौल खराब करने का करते हैं प्रयास

- डैशबोर्ड से 53 विभागों की योजनाओं को किया गया रजिस्टर्ड

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी में चल रही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक लेने के लिए डैशबोर्ड और सीएम कमांड सेंटर का उद्घाटन रविवार को सीएम योगी ने किया। लखनऊ के शास्त्री भवन एनेक्सी में उद्घाटन समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा और अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद भी मौजूद रहे। सीएम कमांड सेंटर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की भी सुविधा मिलेगी। सीएम डैशबोर्ड में कुल 53 विभागों की 588 योजनाएं और परियोजनाएं रजिस्टर्ड की गई हैं। अब डैशबोर्ड के जरिए विभिन्न योजनाओं के रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक लेने के साथ ही उनके प्रोजेक्ट के प्रदर्शन के अनुसार मासिक रैंकिंग और ग्रेडिंग भी दी जाएगी। शेष पेज 10 पर...



### जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करके न हो कोई भी आयोजन: सीएम योगी

सीएम योगी कहा कि सभी कार्मिकों के कार्यों की समीक्षा होनी चाहिए। थानों की समीक्षा पुलिस अधीक्षक, जिला स्तर पर विभागों की समीक्षा जिला अधिकारी और मंडल स्तर पर मंडलायुक्त करें। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए जनपद स्तर पर हमें एक ऐसा मैकेनिज्म बनाना होगा जिससे जल्द से जल्द लोगों की समस्या का समाधान हो सके। अगर हम एंबुलेंस को यहां से बैठ कर मॉनिटर कर सकते हैं तो जनपद की हर एक गतिविधि को भी मॉनिटर किया जा सकता है। अब टेक्नोलॉजी इतनी बेहतर हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनपद स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान हो जाए। लोगों की कहीं भटकना न पड़े।

### लाभार्थियों को सीधे जायेगा फोन

गुजरात की तर्ज पर बनाए गए सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में लाभार्थियों से फीडबैक लिया जा सकेगा. इस बावत लाभार्थियों के पास फोन जायेगा और उससे फीडबैक लिया जायेगा. इससे सरकार के विभिन्न प्रोजेक्ट की प्रदर्शन के अनुसार मासिक रैंकिंग व ग्रेडिंग भी होगी.

### आम जनता की मजबूती को सौगात

लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) के पंचम तल पर बनाए गए सीएम ने कमांड सेंटर में वीडियो कांफ्रेंसिंग, काल सेंटर, टेक्निकल एवं ट्रेनिंग रूम की सुविधा होगी. सीएम डैशबोर्ड पर वर्तमान में कुल 53 विभागों की 585 योजनाएं व परियोजनाएं पंजीकृत हैं. वहीं महत्वपूर्ण 37 विभागों के 94 प्रमुख प्रोजेक्ट चिह्नित किए गए हैं.

### ये जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के अंदर देश का ग्रोथ इंजन बनने के सामर्थ्य है। पुरुषार्थ को परिश्रम के साथ जोड़कर हम यूपी को अग्रणी राज्यों की श्रृंखला में खड़ा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड का एक-एक डाटा शुद्ध होना चाहिए। हमें एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को आगे बढ़ाना है। इसमें किसी भी प्रकार की हेराफेरी नहीं होनी चाहिए। फील्ड से अपलोड होने वाले डाटा का वेरिफिकेशन किया जाएगा। हम समय-समय पर उसको चेक करेंगे, देखेंगे कि ऐसा तो नहीं कि केवल कागजी खानापूर्ति हो रही है। इसलिए जो भी डाटा आए वह सुव्यवस्थित हो और समयबद्ध तरीके से पूरी हो। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नगर विकास मंत्री एके शर्मा मौजूद रहे।

# अतीक के वकील विजय मिश्र को एसटीएफ और पुलिस ने लखनऊ से किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



माफिया अतीक अहमद के वकील विजय मिश्र को शनिवार की रात एसटीएफ की मदद से पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। पहले उन्हें हिरासत में लिया गया था। दरअसल, विजय मिश्र विभूति खंड स्थित एक नामी होटल में ठहरे थे। उनके खिलाफ दो महीने पहले तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा प्रयागराज के अतरसुइया थाने में एक फर्नीचर व्यवसायी ने दर्ज कराया था। बताते हैं कि उन्हें इसी सिलसिले में पकड़ा गया है। शनिवार को विजय मिश्र किसी काम से लखनऊ गए थे। रात करीब 11 बजे लखनऊ एसटीएफ और प्रयागराज पुलिस की टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया। एसटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज पुलिस की ओर से विजय की गिरफ्तारी को लेकर मदद मांगी गई थी। उसकी लोकेशन लखनऊ में होने की सूचना भी दी गई थी। इसके बाद ही उसे हिरासत में लेकर प्रयागराज पुलिस को सौंप दिया गया। उधर, विजय मिश्र के जूनियर अधिवक्ता हिमांशु कुमार ने बताया कि कुछ लोग इनोवा कार से आए थे। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताया और फिर विजय को अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस के मुताबिक, विजय मिश्र पर तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में 23 मई को अतरसुइया थाने में लकड़ी व्यवसायी सईद अहमद ने एफआईआर दर्ज कराई थी। शेष पेज 10 पर...

### अतीक से रहा बेहद करीबी नाता

विजय मिश्र अतीक के भाई अशरफ के मुकदमे देखते थे। कुछ मामलों में वह अतीक के भी कानूनी सलाहकार रहे, मुकदमे लड़े। विजय मिश्र को अतीक का बेहद करीबी माना जाता रहा है। चर्चा यह तक थी कि उमेश पाल हत्याकांड के बाद साबरमती जेल में बंद अतीक का जो ऑडियो वायरल हुआ था, उसमें बात विजय मिश्र से ही हो रही थी। इसमें दावा किया गया था कि उमेश पाल हत्याकांड अभी नहीं कराना चाहिए था, क्योंकि उस वक्त विधानसभा का सत्र चल रहा था।

# योगी कैबिनेट का 10 दिन में होगा विस्तार!

### राजभर, दारा सिंह का मंत्री बनना कंफर्म, मंत्रिमंडल की 6 सीट अभी रखी जाएंगी खाली

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



योगी कैबिनेट का पहला विस्तार 8 से 10 दिन के अंदर होना तय माना जा रहा है। इसमें हाल ही में एनडीए में शामिल सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान का मंत्री बनना कंफर्म है। खबर यह भी है कि अभी योगी मंत्रिमंडल की 6 सीट खाली रखी जाएंगी। ताकि, आगे की जरूरत के हिसाब से इसे इस्तेमाल किया जा सके। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, अगर सबकुछ ठीक रहा तो 5 या 7 अगस्त को मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। दोनों नए नेताओं-ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। दोनों नेताओं को इसकी जानकारी भी देने की सूचना है। माना जा रहा है कि इसीलिए 2 दिन पहले राजभर ने खुद मंत्रिमंडल में जल्द शामिल होने की बात कही थी। इसके अलावा, दिल्ली में एनडीए की बैठक में शामिल होने के बाद राजभर ने सीएम योगी, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात की।

### मंत्रिमंडल विस्तार छोटा होगा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, यह मंत्रिमंडल विस्तार बहुत छोटा होगा। चर्चा है कि इसमें सिर्फ ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान को शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा, किसी अन्य दल या फिर बीजेपी की ओर से किसी को भी मंत्री पद मिलने की संभावना बेहद कम है। हालांकि, इस मंत्रिमंडल विस्तार पर राजभवन में फाइल पहुंच चुकी है। सिर्फ फाइनल मुहर लगनी बाकी है। योगी मंत्रिमंडल में वर्तमान में सीएम योगी समेत कुल 52 मंत्री हैं। इनमें 2 डिप्टी सीएम समेत कुल 18 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और 20 राज्य मंत्री हैं। मंत्रिमंडल में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 60 तक हो सकती है। ऐसे में लगभग 8 जगह खाली हैं। अगर राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाता है तो मंत्रियों की संख्या बढ़कर 54 हो जाएगी। यानी, अभी मंत्रिमंडल की 6 सीटें अभी खाली रहेगी। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी वर्तमान मंत्रिमंडल में कोई भी बड़ा बदलाव नहीं करना चाहती है। क्योंकि, ओपी राजभर कुछ शर्तों के साथ एनडीए में दोबारा शामिल हुए हैं।

### दारा सिंह चौहान को दोबारा घोसी से मिल सकता है टिकट

दारा सिंह चौहान ने विधायकी से भी इस्तीफा दे दिया है। यानी, वह इस समय विधायक भी नहीं हैं। मऊ की घोसी सीट से वह सपा विधायक रहे हैं। बीजेपी में शामिल होने से पहले उनके इस्तीफे को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंजूर कर लिया था। उनकी विधानसभा सीट को रिक्त घोषित करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिफिकेशन भी भेज दिया है। अब जल्द ही चुनाव आयोग वहां उपचुनाव की तारीखों का भी ऐलान कर सकता है। लेकिन, बीजेपी की तैयारी है कि दारा सिंह चौहान को पहले मंत्री बनाया जाए। उसके बाद जिस सीट से उन्होंने इस्तीफा दिया है। उसी सीट से उन्हें फिर से चुनाव मैदान में उतारा जाए। चर्चा इस बात की भी काफी रही कि बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें वहां अपना उम्मीदवार बना सकती है। अब जिस तरह से दारा सिंह चौहान को दोबारा मंत्री बनाने की बात सामने आ रही है। उससे यह बिल्कुल साफ है कि दारा सिंह चौहान दिल्ली की बजाए प्रदेश में ही सक्रिय रहेंगे।

**गोरखधंधा** आमतौर पर किसी का भी आय प्रमाण पत्र 60 हजार रुपए सालाना से कम नहीं बनाया जा रहा

# आज की ताजा खबर, उत्तर प्रदेश में नहीं है कोई गरीब!

- दावा- 70 साल से भी ऊपर के वृद्धों जिनकी एक रुपए की आय नहीं है उनकी आय 60 हजार या इससे अधिक दिखाई जा रही
- अलग-अलग जिलों से आ रही शिकायतें, कानपुर की एक 72 वर्षीय महिला आय प्रमाण पत्र में सुधार के लिए लगा रही डीएम ऑफिस के चक्कर

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

लखनऊ। लगता है उत्तर प्रदेश में कोई गरीब नहीं बचा है। यह कोई राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप नहीं है। सरकारी तंत्र का नया ढर्रा है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लोग जन एक्सप्रेस कार्यालय में शिकायत कर रहे हैं। उनका आरोप है सरकारी अफसर 5 हजार रुपए महीने से कम आय नहीं दिखा रहे। जबकि हकीकत में उनकी आय इससे कहीं कम या फिर है ही नहीं। पीड़ितों का आरोप है कि यह सब गोरखधंधा सरकारी तंत्र द्वारा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोगों को वृद्धावस्था पेंशन न देनी पड़े। ऐसा ही एक मामला कानपुर से सामने आया है। कानपुर के दादा नगर निवासी 72 वर्षीय मूराति ने आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था। पत्र में उन्होंने बताया था उनकी कोई आय नहीं है। वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करना है। शासन के मानकों के अनुसार 4000 रुपए मासिक आय के हिसाब से वार्षिक आय प्रमाण पत्र बनवाने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद सरकारी तंत्र ने उनका आय प्रमाण पत्र 60 हजार रुपए सालाना का बना दिया। वृद्धावस्था पेंशन की आस में महिला जिलाधिकारी कानपुर के ऑफिस के चक्कर काट रही है, ताकि उसके आय प्रमाण पत्र में संशोधन हो जाए और वह वृद्धावस्था पेंशन पा सके। यह किसी एक महिला या कानपुर का ही मामला नहीं है। सरकारी कर्मचारी मनमानी पर उतारू हैं, सरकार की योजना और मंशा के बावजूद लोगों को योजना के लाभ से वंचित कर रहे हैं।





उत्तर प्रदेश शासन

### 72 साल की महिला को बना दिया मजदूर

कानपुर की जिस महिला मूराति ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया उसकी उम्र 72 वर्ष है। उसने आवेदन में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है कि वह किसी तरह का काम करने में असमर्थ है और उसकी कोई आय नहीं है। इसके बावजूद सरकारी कर्मचारी ने मौके पर जाकर जो रिपोर्ट लगाई है वह हास्यास्पद है। रिपोर्ट के अनुसार मूराती मजदूरी करती है और इससे 5 हजार रुपए महीने कमाती है। शासन द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र पर तहसीलदार के डिजिटल हस्ताक्षर हैं। यानी तहसीलदार भी इसे सच मान रहे हैं और प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं।

### इसका मतलब दाल-रोटी का संकट तो किसी को नहीं, हकीकत जुदा है

सरकारी कर्मचारी जिस मनमानी से आय प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं उससे तो ऊपर हुक्मरानों और मंत्रियों को यही संदेश जा रहा होगा कि उत्तर प्रदेश में अब बुजुर्ग से बुजुर्ग व्यक्ति भी 5 हजार रुपए महीने कमा रहा है। इसलिए किसी को भी दाल रोटी और रोजमर्रा की जिंदगी के खर्चों के लिए किसी स्तर पर कोई परेशानी नहीं है सब खुशहाल हैं। लेकिन हकीकत इससे जुदा है।

### शासन का ही प्रमाण पत्र, अब कैसे वृद्धावस्था पेंशन दे शासन

वृद्धावस्था पेंशन देने वाला भी शासन ही है और हकीकत से परे आय प्रमाण पत्र जारी करने वाला भी शासन के गैर जिम्मेदार अफसर हैं। गलत आय प्रमाण पत्र जारी करने के बाद ये अफसर किसी हाल में आय प्रमाण पत्र में संशोधन करने को राजी नहीं हैं। ऐसे में शासन की योजना होने के बावजूद जरूरतमंद लोग इससे वंचित रह रहे हैं।

### मजाक बना दिया है व्यवस्था को

सरकारी अमला इस कदर निरंकुश है की व्यवस्था और योजना मजाक बनकर रह गई हैं। सीएम योगी योजनाओं की घोषणा करते हैं ताकि पात्रों को उसका लाभ मिल सके लेकिन सरकारी कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक योजनाओं को पलीता लगाने में लगे हुए हैं। उनकी इन कारगुजारियों का खामियाजा गरीब और मजबूर लोगों को भुगतना पड़ रहा है।




# शिक्षा सुधार चुनौती, व्यवसायीकरण के चलते समान शिक्षा समान चिकित्सा का नारा फेल

जन एक्सप्रेस | सरोज पाण्डेय

फतेहपुर। शिक्षा सुधार सरकार सामने चुनौती से कम नही है। शिक्षा और स्वास्थ विभागो मे भ्रष्टाचार का बोलबाला चल रहा है। सबका साथ का विकास के चलते इन प्रमुख विभागो से देश का भविष्य सुनिश्चित होता है। जहॉ सभी वर्गो को स्वस्थ रहना जितना आवश्यक है। वही शिक्षित होना भी उससे कम नही है लेकिन शिक्षालयो का व्यसाईकरण करके पवित्र शिक्षालयो को व्यवसाई केन्द्रो का रुप दिया जा रहा है। जहॉ शिक्षा केन्द्रो को आदर एवं सम्मान के रुप मे देखकर शीश नवाने की परम्परा रही है। वही विद्या केन्द्र व्यवसाई केन्द्रो से भी बद्तर स्थित मे पहुॅच रहे है। शिक्षा माफियॅा शिक्षा को धन कमाने का साधन बनाते जा रहे है। जहॉ नई शिक्षा नीति देकर शिक्षा सुधार का प्रयास किया जा रहा है। वही शिक्षा माफिया शिक्षा के नाम पर धन उगाही करके अभिभावको की जेबे ठीली कर रहे है।

जहॉ शिक्षा माफिया बडे-बडे आलीशान भवन तैयार करके फीस, स्कूली डेऊस, टई, बेल्ट के नाम पर मोटी रकम वसूलते है। वही निजी विद्यालयो की पाठ्य पुस्तके निर्धारित बुक स्टालो या फिर स्कूल द्वारा दिया जा रहा है। उनमे भी कमीसन के चलते पॉच रुपये मे मिलने वाली किताब पचास रुपये मे दिया जा रहा है। जहॉ सरकारो का शत्-प्रतिशत् शिक्षा का प्रयास किया जा रहा है। वही शिक्षा लगातार महगी होती जा रही है। एक तरफ शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए प्राथमिक विद्यालयो मे मिड्डे मिल सहित निशुल्क स्कूली डेऊस, किताब, जूते आदि देकर बच्चो को शिाक्षा के प्रति रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। वही शिक्षा के नाम पर शिक्षा माफिया शिक्षा व्यवसाय कर रहे है और लोगो से मोटी रकम वसूल रहे है। विद्यालयो के शिक्षक



एवं शिक्षरेतर कमिर्यो को स्वामी विवेकानन्द जी के वाक्यो को याद दिलाने की आश्यकता पड रही है कि ''जिस देश के शिक्षा मे गिरावट आयी उस देश का पतन निष्चित है'' सरकारे शिक्षा के उत्थान के लिए सर्व शिक्षा अभियान सहित अन्य योजनाओ को लागू करने का अथक प्रयास कर रही है। वही शिक्षा माफियॉ शिक्षा का व्यवसाई करण करके शिक्षा को पतन की ओर लिए जा रहे है। जहॉ गुरुकुल परम्परा की नकल करके आवासीय विद्यालयो का निर्माण किया जा रहा है। वही विद्यालयो का आधुनिकता के आवरण से ढककर गुरुकुल परम्परा का अपमान किया जा रहा है और गुरु और शिष्य के सम्बन्धो को कलंकित किया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के प्रामाण पत्रो की बिक्री शिक्षा बाजारो मे किया जा रहा है। जिससे सामान्य परिवारो के बच्चे शिक्षा से बंचित हुये जा रहे है और सरकारो का समान शिक्षा समान ईलाज का नारा नकारा ही साबित हो रहा है। आम धारणा होती जा रही है कि शिक्षा बुद्धि विकास एवं शिक्षा के लिए नही बल्कि सरकारी नौकरियो के लालसा के लिए लिया जा रहा और पैसे के बलपर परीक्षार्थी शिक्षा प्रमाण पत्र हासिल कर रहे है। जहॉ विद्यालयो की सख्या मे तेजी से इजाफा हो रहा है और शहरो, कस्बो सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे सरकारी गैर सरकारी शिक्षा संस्थान खोले जा रहे है। वही शिक्षालयो का लोप होता जा रहा है। शिक्षा के नाम पर संस्कृत विद्यालयो सहित मदरसो को भी संचालित किया जा रहा है। वही आधुनिक शिक्षा के लिए ईजीनियरिंग इस्ट्यूट, मेडिकल कालेज आदि संस्थान ग्रामीणान्चलो तक पहुच गये है लेकिन शिक्षालय के नाम पर व्यापारिक साधन कहना ज्यादा उचित होगा। निजी संस्था संचालक मनमानी धन वसूली कर रहे है और अकूत धन कमाने की कनोकामना पूर्ण कर रहे है। जिससे सामान्य छात्र पात्र होने के बाद भी अपात्रता की श्रेणी खडा देखा जा रहा है। वही सरकारे शिक्षा माफियाओ की मूक समर्थक बनकर रह गयी है। जब कि आवश्यकता है शिक्षा के हो रहे पतन को रोकना वह तभी सम्भव है कि सरकारी संस्थानो सहित निजी संस्थान संचालको के शिक्षा का व्यवसाईकरण को रोकने की है। तभी शिक्षा का उत्थान किया जा सकता है और देश समाज का उत्थान सम्भव है। प्रदेश की योगी सरकार के लिए यह एक चुनौती से कम नही है। देखना यह है कि भाजपा सरकार की बडी डीगे शिक्षा जैसे अहम् मुद्दे मे कितना सफल होती है और सबका साथ सबका विकास का नारा मे कितनी सत्यता है। यह तो भविष्य के गर्भ मे समाहित है।

## विद्युत करंट से ताजियादार की मौत, तीन झुलसे

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर

कोतवाली क्षेत्र मे देर रात ताजियॉ दफना कर घर लौट रहे ताजियादार की करेंट लगने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जब कि तीन गम्भीर रुप से झुलस गये। मौके पर पहुॅची थाना पुलिस ने घायलो को ईलाज हेतु अस्पताल भेज दिया और शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि पच्चीसापर मजरे खैरई निवासी सुहेल, शेरा, अबरार, सलमान देर रात मुहर्रम मे ताजिया भ्रमण मे गये थे और मातम के बाद करबला मे ताजिया दफना कर घर लौट रहे थे। तभी ताजिया का अवशेष पानी बरसने से गीला हो गया था और रास्ते मे नीचे लटक रही हाईटेन्सन तार ताजिया से छू गयी। जिसमे सुहेल पुत्र शहीद 16 वर्ष की मौके पर मौत हो गयी। जब कि साथ मे चल रहे शेरा, ऐहरीफ, अबरार, सलमान गम्भीर रुप से झुलस गये। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे और घायलो को ईलाज हेतु अस्पताल भेजा।

## पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** लापता युवक का शव घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर एक पेड़ पर लटका मिला। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचुल्ला गांव निवासी संजय यादव (26) का शव घर से दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित जंगल में लगे लभेड़ के पेड़ से रस्सी से लटका मिला। शुक्रवार को चरवाहों ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। बड़े भाई मनोज ने बताया कि संजय तीन दिन पहले घर से निकल गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं है। वह गांव-घर में घूमता फिरता रहता था। पिता बैजनाथ यादव के नाम सात बीघा खेती है। घर में मां घस्सी देवी है।

## एक ही लाइसेन्स में धधक रही कई कोयला भट्ठियां

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

एक तरफ जहॉ पर्यावरण को बचाने के लिए प्रति वर्ष केन्द्र व प्रदेश की सरकारे लगातार पौध रोपड का टारगेट देकर अकूत धन का आवंटन कर रही है। वही विभागीय साठ-गांठ के चलते हरे प्रतिबन्धित पेडो का कटान तेजी से किया जा रहा है। जनपद मे थाना क्षेत्रो मे अबैध कटान करके कोयला भट्ठियां संचालित कर रहे है। जब कि ऑकडे कुछ और ही बया कर रहे है और धरातल की स्थित कुछ और ही है।

बताया गया कि कोयला भठ्ठियो के लाइसेंस 2011 तक दस थे। इसके बाद 2021-22 में 05, लाइसेंस बढे और वर्ष 2022-23 में 6 लाइसेंस जारी हुये। इस तरह से सदर तहसील में कुल 21, कोयला भठ्ठियों के लाइसेंस है। एक लाइसेंस मे चार भठ्ठियां संचालित होती है इस तरह से 44 भठ्ठियां चल रही है। सदर तहसील मे सबसे ज्यादा ग्राम पंचायत कोर्राकनक, दतौली व रामनगर कौहन में लाइसेंस दिए गए हैं। लाइसेंस धारी



वन क्षेत्र को उजाड़ने में पूरी तरह से तुले है।

विभागीय अधिकारियों और क्षेत्रीय पुलिस की सांठगांठ से छूट व, प्रतिबंधित प्रजाति के पेडो को काटकर लकड़ियों से कोयला बनाकर पर्यावरण को प्रदूषित करके हरियाली को उजाड़ रहे है। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन के जंगल में धधक रही कोयला भाठ्ठियां पर्यावरण को प्रदूषित कर रही है। वहीं हरियाली को भी निगल रही हैं काफी अर्से से भठ्ठियां चल रही है। जिन्हें प्रशासन ने बीच में बंद करवा दिया था लेकिन कुछ ही समय बाद फिर बन्द भट्ठियां धधकने लगी। वही वन विभाग की माने तो जॉच प्रक्रिया चल रही है और जल्दी ही अबैध भट्ठियो को बन्द कराकर कानूनी कार्यवाही किया जायेगा।

## गलत सूचना देने पर होगी कार्रवाई: डीएम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला पोषण समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में हुई। बाल विकास परियोजना अधिकारी मानिकपुर को निर्देश दिए कि जिन केंद्रों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सैम बच्चों की रिपोर्ट शून्य दिया है उनसे सही तरीके से सर्वे कराएं। अन्यथा मानदेय रोका जाएगा। अगर गलत पाया जाए तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं समाप्त की जाए। डीएम अभिषेक आनंद ने कहा कि सैम बच्चों की सूची ई-कवच एप पर फीड कराई जाए। पोषण पुनर्वास केंद्र से ठीक होकर जाने वाले बच्चों की फिर से जांच आरबीएसके टीम करें। प्रत्येक माह निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गृह भ्रमण कर समुदाय आधारित गतिविधियों को देखें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास से कहा कि जिन केंद्रों पर वजन मशीनें खराब हो गई हैं या नहीं है वहां व्यवस्था कराते हुए सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी पोषाहार का वितरण सही तरीके से कराएं। डीपीआरओ, सीएमओ एक पत्र सभी ग्राम प्रधानों को जारी करें कि ग्राम स्वास्थ्य निधि से गोद भराई व अन्न प्रासन का कार्य बीएचएसएनडी सेशन के दौरान कराएं। 1 से 17 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैम्पस में कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

## ग्रामोदय स्टॉल में कुलपति प्रो. डॉ भरत मिश्रा ने बताई विश्वविद्यालय की विशेषताएं

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिल भारतीय शिक्षा समागम का शुभारंभ किया। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आईटीपीओ में आयोजित समागम में मध्य प्रदेश से संभवतः एकमात्र महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को शामिल होने का मौका मिला। यहां पर कुलपति प्रो. भरत मिश्रा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की एक टीम ने अकादमिक, रिसर्च, एक्सटेंशन गतिविधियों, अकादमिक नवाचारों और सामाजिक दायित्व की गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय ने यहां पर 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' थीम के साथ स्टॉल भी लगाया। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए स्टॉल पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष्य में विश्वविद्यालय के योगदान, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, ग्रामोदय से राष्ट्रोदय अभियान से अंगीकृत जानकारी प्रस्तुत की गई थी। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत निर्मित सामग्री और ग्रामोदय संदेश न्यूजलेटर भी प्रदर्शित किया गया। समागम में आए अतिथियों ने स्टॉल पर आकर जानकारी हासिल की।



**ग्रामोदय कैम्पस में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण**

अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन तथा प्रमुख टीवी चैनल में किया गया था। ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैम्पस में भी इस प्रसारण को देखा गया। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को कुलपति ने दी जानकारी**

ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रदर्शनी देखने पहुंचे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को 'ग्रामोदय से राष्ट्रोदय' अभियान व अन्य गतिविधियों की जानकारी कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने दी। प्रो. मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय की दिशा किए गए प्रयासों के अपडेट्स की जानकारी के शीघ्र केंद्रीय ग्रामोदय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिये जाने का आग्रह भी किया।

**कमिश्नर व अधिकारियों ने की सराहना**

मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त कर्मवीर शर्मा और जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर के कुलपति प्रो अविनाश तिवारी ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के स्टॉल को देखा और सराहना की। प्रदर्शनी संयोजन कर रहे प्रो. अमरजीत सिंह और डॉ. सूर्य प्रकाश शुक्ल ने स्टॉल में आगंतुकों को जानकारी प्रदान की।

## बजरंग दल के जिला संयोजक बने अंकित प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की कानपुर प्रान्त योजना की बैठक में पदाधिकारियों को नए दायित्व सौंपे गए हैं। जिसके तहत छेदीलाल गौतम को प्रान्त अर्चक पुरोहित, रामशरण को विभाग समरसता प्रमुख, अब तक जिला संयोजक रहे अजय यादव को विभाग संयोजक बनाया गया है। साथ ही चित्रकूट जिले का नया जिला संयोजक अंकित प्रताप सिंह को बनाया गया है। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगल मातृ शक्ति एवं दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों से प्रान्तीय संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सामाजिक एवं राष्ट्रीय हित के कार्यों को आगे बढाने की अपेक्षा की है।

## कामदगिरि स्वच्छता समिति ने बाहर निकाला कचरा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

कामदगिरि स्वच्छता समिति के बैनर तले निरंतर चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत रविवार को कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में 80वां अभियान चलाया गया। जिसमें परिक्रम मार्ग की सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक भी किया गया।

चित्रकूट धाम कर्वी नगर पालिका परिषद के अधीशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि जिलाधिकारी की प्रेरणा से कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। परिक्रमा पथ को साफ सुथरा रखने के साथ ही अभियान का उद्देश्य है कि स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छता में सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के हिस्से में ठेले वाले अनियंत्रित रहते हैं और गंदगी का कारण बनते हैं। इसके चलते परिक्रमा मार्ग में बडी संख्या में



मवेशी भी एकत्र होते हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश क्षेत्र के चित्रकूट में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस और नगर पंचायत की संयुक्त समिति बनाते हुए साधु संतों के सहयोग से परिक्रमा मार्ग को साफ सुथरा बनाया जाए। जिसमें गंदगी फैलाने वालों पर कडी कार्यवाही का भी प्राविधान हो। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने बताया कि स्वच्छत रहते हुए ही स्वयं और परिवार को स्वस्थ रखा जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि सभी को अपने आस-पास सफाई रखनी चाहिए और अपने परिवार के बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रखना चाहिए।

इस मौके पर जितेन्द्र केशरवानी, शुभम केशरवानी, कृष्णा शुक्ला, राजेन्द्र त्रिपाठी, अंकुर केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार, मिथलेश कुमार, राजेन्द्र गुता व पप्पू आदि मौजूद रहे।

## शोक सभा मे बुंदेली सेना ने दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** देश के जाने माने पत्रकार टिल्लन रिछारिया और नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी नरेंद्र अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर बुंदेली सेना ने शोक सभा आयोजित किया। जिसमें दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मूलतः कर्वी के पुरानी बाजार में जन्मे टिल्लन रिछारिया नें देशभर में पत्रकारिता की अलख जगाई, उनका आकस्मिक निधन एक अपूर्णीय क्षति है। इसी तरह उद्योग व्यापार संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री रहे स्टेशन रोड कर्वी निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी और पत्रकार अमित अग्रवाल के पिता नरेंद्र अग्रवाल का आकस्मिक निधन पीड़ादायी है। नगर के सदर बाजार में शोक सभा करके दोनों दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अंकित पहारिया, जानकी शरण गुप्ता, रामनरेश यादव, धर्मेंद्र ओझा, सुरेंद्र शेरा, कर्वी माफी प्रधान बद्री सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## जल संरक्षण पहल की जमीनी हकीकत से आंकड़े कोसों दूर

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

जल संरक्षण दिशा मे शासन-प्रशासन लगातार गम्भीर बने है और आम जनमानस को जल संरक्षण के लिए जागरुक करते हुये तालाबो से अबैध कब्जे हटाने सहित मनरेगा योजना के तहत् नये तालाबो का निर्माण जैसी पहल किया जा रहा है लेकिन इन सब पहल और प्रयासो मे मात्र औपचारिकता ही निभायी जा रही है। पुराने तालाबो से अबैध कब्जे हटाने का अभियान मात्र औपचारिकता ही साबित हुई और भूमाफिया आज भी तालाबो को पुराई करा बिक्री कर रहे है।

नगर पालिकाओ सहित नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रो मे सैकडो की तादात मे तालाबो मे अबैध भवन खडे है और प्रशासन के ऑकडे मात्र शोपीस बनकर रह गये है। शहर मुख्यालय मे आधा दर्जन से भी अधिक तालाबो मे सैकडो की सख्या मे भवन निमार्ण करके बस्तिया बनी है। वही प्रशासन कही भूमाफियाओ के आदालतो की व्यूह रचना मे फॅसकर ऑकडे पेस कर रहा है। यही कुछ आलम नगर पंचायतो सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे बडे-बडे तालाबो का नामोनिसान ही मिट गया है। तो कही सिमटकर छोटे तालाब के रुप मे अपनी उपस्थिती दर्ज करा रहे है।

बताते चलें कि तमाम समाजसेवी स्थानीय प्रशासन को अबैध कब्जो से अवगत कराते हुये खाली कराने की मांग करते रहे है और आज भी कर रहे है, लेकिन साठ-गॉठ के चलते समाज सेवियो की मांग को धता बताया जा रहा है। वही भूमाफियॉ हौसले मन्द होकर शासन की मुहिम को ही हवा मे उडा रहे है। खागा नगर पंचायत क्षेत्र मे भी आधा दर्जन से भी अधिक तालाबो की पुराई कराकर सरकारी कालोनियो के साथ ही बहुमंजिला भवन खडे है और केन्द्र व प्रदेश सरकार के साथ ही न्यायालय के आदेश की हॅसी उडा रहे है। जब कि प्रशासन के ऑकडे हकीकत से कोसो दूर है। इसी प्रकार धाता विकास खण्ड क्षेत्र के भीमपुर गॉव मे लगभग 27 बीधे का तालाब मात्र कुछ ही विस्वा का तालाब बनकर रह गया है। जिसको खाली कराने के लिए स्थानीय लोगो ने प्रशासन से कई बार मांग कर चुके है, लेकिन परिणाम तो ठाक के तीन पात ही साबित हुये। जल ही जीवन है की मुहिम पर चलना होगा और मात्र ऑकडो से यह मुहिम नही पूरी किया जा सकता है। इसके लिए जन जागरुकता के साथ प्रशासन को भी लगना होगा तभी शासन के जल संरक्षण अभियान को सफल बनाय जा सकता है।

## देर रात करबला में दफन हुये ताजिया

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

नगर के निर्धारित मार्गो मे जूलूस के साथ ताजियो का भ्रमण कराया गया। वही सदर मुख्यालय सहित कस्बो, नगरो व ग्रामीण क्षेत्रो मे हजरत इमाम हुसेन सहित 72 अनुयायियो के सहादत की याद मे मातम मनाया गया और प्रमुख चैराहो व निश्चित स्थानो मे लाठी, तलवार, भाला, बल्लम आदि के करतब दिखाया गया।

जिसको देखने के लिए मुस्लिम समाज सहित अन्य वर्गो के लोगो के आकर्षण का केन्द्र बना रहा और देर रात तक भारी हुजूम जमा रहा। जहॉ मुख्यालय मे अण्डे के उपर बनी ताजिया लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। वही अन्य ताजिया भी लोगो के आस्था व आकर्षण का केन्द्र बनी रही।

इसी के साथ ताजियो के भ्रमण के बाद अलग-अलग स्थानो मे तरह-तरह के कर्तब देखने के लिए महिलाये, पुरुष व बच्चे देर रात तक जमे रहे। जनपद मे हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल देते हुये ताजिया भ्रमण मे तमाम राजनैतिक दलो के साथ गणमान्य लोग भी पूरी श्रद्धा व विस्वास के साथ नगर भ्रमण किया और कर्तबो के देखने के लिए मौजूद रहे। वही सुरक्षा व्यवस्था मे भारी पुलिस बल मौजूद रहा। ऐसी मान्यता है कि हजरत इमाम हुसेन सहित उनके 72 अनुयायियो को सहादत की याद मे मुहर्रम मनाया जाता है। जिनकी याद मे मातम मनाया जाता है और लाठी, तलवार आदि का प्रर्दशन करके हजरत के लिए सर्मपण की भावना प्रदर्शित किया जाता है। इस पर्व मे मुस्लिम समाज के सभी वर्गो के लोगो द्वारा अलग-अलग ताजिया तैयार करके निर्धारित मार्गो मे भ्रमण कराते है और कर्तब का प्रर्दशन करते है।

## सोलर पावर पार्क के लिए क्षेत्रीय किसानों के साथ एसडीएम ने की बैठक

जन एक्सप्रेस | मऊ, चित्रकूट

उत्तर प्रदेश में बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार सौर उर्जा उत्पादन को बढावा दे रही है। इसके तहत चित्रकूट जनपद के मऊ क्षेत्र में टुस्को और यूपी नेडा सोलर प्लांट लगाएंगे। जिसके लिए 10 गांवों के किसानों की जमीनें ली जानी है। धर्मनगरी में हुए टूरिज्म कान्क्लेव ग्लोबल इनवेस्टर समिट में यहां उद्योग लगाने के लिए बडे पैमाने पर निवेशकों ने उत्साह दिखाया था। जिसके तहत निवेश के प्रस्ताव के बाद अब धरातल पर काम शुरू हो गया है। इसी क्रम में मऊ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डोडिया माफी में टुस्को लिमिटेड द्वारा 800 मेगा वाट का सोलर पावर पार्क



स्थापित किया जाना है। जिसके तहत 10 गांवों के काश्तकारों की भूमि अनुबंध पर लिए जाने का काम चल रहा है। जिसमें लगभग 42 फीसदी जमीन का अनुबंध कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी क्रम में रविवार को उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने क्षेत्र में काश्तकारों के साथ बैठक की एवं किसानों की समस्याओं की जानकारी ली।

इस मौके पर मऊ तहसीलदार राजेश कुमार यादव, परियोजना के अपर महाप्रबंधक संजय महर, वरिष्ठ प्रबंधक पीके भट्ट, यूपी नेडा के परियोजना अधिकरी अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । सोमवार । 31 जुलाई 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 30 जुलाई से 03 अगस्त 2023 के मध्य मेघ गर्जना एवं बज्रपात के साथ हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.8 (-1.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.8 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 85 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 10.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## हद कर दी आपने- क्यों नहीं हुआ ट्रांसफर ?

# दस साल से अंगद पांव जमाए बैठे हैं एडिशनल सीएमओ डॉक्टर सुबोध प्रकाश

**जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे**

**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिलों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की ट्रांसफर एक्सप्रेस बड़ी तेजी से चलाई गई है। लेकीन इस एक्सप्रेस में कानपुर नगर के एडिशनल सीएमओ डॉक्टर सुबोध प्रकाश बीते दस वर्षों से सवार नहीं हो पाए हैं या यूं कहें की जनाब अंगद पांव जमाए बैठे हुए हैं। लोग तो यहां तक दावे करते हैं कि जो अवैध अस्पताल चलाने वाले हैं उनकी यूनिटी इनकी पैरवी करती है जिससे इनका संरक्षण हमेशा सभी पर बना रहे। यूपी के स्वास्थ्य विभाग में जमकर ट्रांसफर एक्सप्रेस चलाई गई है । सभी जिलों के सीएमओ और एडिशनल सीएमओ का ट्रांसफर हुआ है। कानपुर शहर से भी पूर्व सीएमओ का ट्रांसफर हो गया लेकिन मजे की बात तो यह है कि सभी जिलों के स्वास्थ विभाग के अधिकारियों के ट्रांसफर होने के बाद भी शहर के एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश का ट्रांसफर अभी तक नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर सुबोध प्रकाश नगर में बीते 10 वर्षों से तैनात हैं। एडिशनल सीएमओ बनाए जाने से पूर्व यह कल्याणपुर सीएचसी प्रभारी रह चुके हैं। 2020 में डॉक्टर



सुबोध प्रकाश को कानपुर शहर का एडिशनल सीएमओ बनाया गया था। तब से लगातार डॉक्टर सुबोध प्रकाश इसी पद पर तैनात हैं। हैलट उर्सला से अच्छे और नामचीन डॉक्टरों का ट्रांसफर गैर जनपद हो गया जो जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनकर हर संभव मदद करते थे। लेकिन डॉक्टर सुबोध प्रकाश का अब तक ट्रांसफर क्यों नहीं हुआ ? सूत्रों ने तो यहां तक बताया कि डॉक्टर सुबोध प्रकाश का ट्रांसफर अवैध हॉस्पिटल चलाने वाले एक जुट होकर रुकवाते हैं। फिलहाल नगर में इनके जमे रहने से सरकार की किरकिरी जरुर हो रही है। इस मामले में भी डॉक्टर सुबोध प्रकाश का भी पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# लखनऊ के शातिर लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़, दबोचा, हथियार बरामद



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में लूट की ताबड़तोड़ घटनाएं करके दहशत फैलाने वाले दो शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में हत्थे चढ़ गए। मूल रूप से राजधानी लखनऊ के रहने वाले शातिर बदमाश शहर में आकर लूट की घटनाएं करते थे। दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। हाल ही में दोनों बदमाशों ने नौबस्ता और थाना क्षेत्र में चैन लूट की दो वारदातों को अंजाम दिया था। तबसे साउथ जोन की पुलिस टीम लगातार इनकी तलाश में जुटी हुई थी। दबोचे गए दोनों लूटेरों के नाम राहुल शर्मा उर्फ विक्की , वा राजू वर्मा है। पुलिस टीम को इनके पास से 03 मोबाइल, नकद 270/- रुपये, 02 अदद तमंचा 315 बोर, 04 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद चैन पीली धातु, एक मोटर साईकिल, 1 चैन पीली धातु की मिली है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र.निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाण्डेय उ.नि. राजेश कुमार, उ.नि शैलेष कुमार पाण्डेय, उनि. जयवीर सिंह, उनि. विनोद कुमार, उनि नितिन कुमार, उनि. आशीष मिश्रा, विकास चौहान, हे.का. हरगोविन्द सिंह, का0 सौरभ पाण्डेय, कां0 मुकेश चाहर शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मानवता का भोजन संस्था ने हैलेट के बाल रोग विभाग के बाहर बांटा कढ़ी चावल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** मानवता का भोजन संस्थान द्वारा कानपुर के हैलेट हॉस्पिटल के बाल रोग विभाग के पास बीते दिन रविवार को कढ़ी चावल का वितरण किया गया। जिसमें कम से कम 400 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने आगे बढ़ कर आज हुए भोजन



वितरण में अपना सहयोग प्रदान किया। आपको बता चलें कि यह संस्था वर्ष 2017 से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत है। भोजन वितरण के अलावा यह संस्था ज़रूरतमंदों को वस्त्र वितरण, नि:शुल्क चिकित्सा सेवा, वृद्धाश्रम में सेवा, वृक्षारोपण आदि कार्य भी विगत कई वर्षों से करती आ रही है। इतना ही नहीं यह संस्था जरूरतमंद बहनो और बेटियों की शादी में भी हर संभव सहायता देने का प्रयास करती रही है। संस्था का प्रमुख उद्देश्य ज़रूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करना है। संस्था के वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि वे इस संस्था के माध्यम से गरीब और ज़रूरतमंदों तक सहायता पहुंचा सके। जिसमें स्वछता का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अर्पित शुक्ला, राहुल गुप्ता, शिवम मिश्रा, प्रभा शंकर शुक्ला, गौरव शुक्ला, नितेश अग्रवाल, दिलीप पाण्डेय, नमन अग्रवाल, विक्रम भार्गव, तुषार गुप्ता, अमित अग्रवाल आदि सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# माफियाओं से पीड़ित जनता की मदद करने पहुंची महापौर, वृद्ध महिला का घर कराया कब्जा मुक्त

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बीते दिन रविवार को शहर में उस समय कुछ अमन चैन को नापसंद करने वाले लोगों ने उसे समय माहौल को गर्म करने का प्रयास किया जब कानपुर नगर की महापौर प्रमिला पांडे थाना बजरिया क्षेत्र स्थित लुधौरे में रहने वाले कुछ गरीब हिंदुओं के परिवारों की विनती सुनने के के बाद उनकी समस्या का निराकरण करने उनकी बस्ती में पहुंची हुई थी। कारण यह था कि कुछ माफिया जिसमें हिंदू परिवार रह रहे हैं उनके मकानों के कथित फर्जी मकान मालिक खड़े कर खरीद फरोख्त के कागजात दिखाकर जबरन उनसे खाली करवा रहे थे और वहां पर जो मंदिर बने हुए थे उन पर भी अपनी इमारते तान ली थी जिसका निरीक्षण करने पुलिस फोर्स





थाना बजरिया क्षेत्र में तैनात सुरक्षा बल व बजरिया कोतवाल से न्याय की गुहार लगाती हुई पीड़ित महिलाएं ।

के साथ महापौर पहुंची हुई थी।
मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन रविवार को थाना बजरिया क्षेत्र के लुधौरे
में रहने वाले कुछ परिवारों ने कानपुर नगर की महापौर प्रमिला पांडे से जाकर बताया कि यह सभी सैकड़ो वर्ष से यहां पर निवास कर रहे हैं लेकिन कुछ ऐसे माफिया जो गिरोह बनाकर फर्जी कागजात तैयार कर फर्जी मकान मालिकों को खड़ा कर लेते हैं और उसके बाद बारी-बारी से सभी लोगों को निकाल रहे हैं। इन लोगों ने क्षेत्र के मंदिरों को भी निशाना बना लिया उन्हें खत्म करके अपने मकान तैयार करवा लिए हैं। महापौर ने सभी की विनती सुनने के बाद निरीक्षण करने के लिए जिला प्रशासन की टीम के साथ पहुंची। महापौर निरीक्षण कर ही रही थी कि इसी दौरान एक राजपति नाम की महिला जिसकी उम्र लगभग 85 वर्ष होगी। उनके सामने आ गई और अपना दर्द बयां करते हुए बोली की एक माफिया ने जबरन उसके घर पर कब्जा कर लिया है जिसके बाद मौके पर ही महिला को उसके घर में प्रवेश कराया गया। महापौर ने जनता को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही जिला प्रशासन की एक टीम तैयार कर यहां की जांच करवाएगी और वहां से चली गई। इसी बीच कुछ लोगों ने माहौल बिगाड़ने कर सांप्रदायिक रंग देने की नीयत से भ्रामक प्रचार करना आरंभ कर दिया जिसके बाद तत्काल पुलिस कमिश्नर बी.पी. जोगदंड और संयुक्त पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी ने महज कुछ ही पलों में दूध का दूध पानी का पानी कर दिया और स्पष्ट कर दिया कि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है मौके पर भारी सुरक्षा बल भी तैनात कर दिया गया है।

### बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान पर आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत खरीफ की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। यह जानकारी देते हुए चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय



के प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डॉ.सोहन लाल वर्मा ने बताया कि किसान अपनी खरीफ फसलों का बीमा समय से करा लें। जिससे होने वाली आर्थिक क्षति से बचा जा सके। राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं फसल बीमा योजना के विशेषज्ञ डॉ.विकास कुमार ने बताया कि खरीफ फसल के लिए बीमित राशि का 2 फीसदी प्रीमियम राशि देय है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में खरीफ में धान,मक्का,बाजरा, तिल,उड़द,अरहर एवं ज्वार के लिए एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमा किया जा रहा है। उन्होंने किसानों को अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 011 2338 1092 या फसल बीमा विशेषज्ञ डॉ.विकास कुमार के 80 0448 2305 नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी।

### शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में निर्माणाधीन पाथवे, ओपेन जिम एवं अखाड़े का विधायक मैथानी ने किया निरीक्षण




**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में निर्माणाधीन पाथवे, ओपेन जिम, अखाड़ा आदि का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि अखाड़ा बन जाने से पहलवान प्रैक्टिस इत्यादि कर सकेंगे और प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे साथ ही पाथवे का निरीक्षण कर बताया कि पार्क में टहलने आने वाले लोगों को चलने योग्य मार्ग प्रशस्त हो जाएगा और बच्चे बूढ़े बुजुर्ग प्रातः काल टहल सकेंगे। विधायक जी ने बताया कि ओपन जिम के बन जाने से आसपास के लोग जिम करके अपना शरीर फिट रख सकेंगे निरीक्षण उपरांत पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न किया। विधायक जी ने बताया कि पार्क में पौधे लग जाने से शुद्ध वातावरण मिल जाएगा और टहलने घूमने आने वाले लोगों को शुद्ध वायु प्राप्त होगी। सांस लेने में कोई समस्या नहीं हो सकेगी। आने वाली पीढ़ी से एक एक पौधा अवश्य लगवाये। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी, पार्षद नीरज रक्सेल, नगर निगम अधिशासी अभियंता, जेई, एई, संजय लाला, अजीत श्रीवास्तव, आकाश, आदि लोग मौजूद रहे।

### किशोरी से रेप करने के प्रयास की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** रावतपुर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर नई बस्ती में रहने वाली 14 वर्षीय नौवीं कक्षा की छात्रा के साथ रेप करने के प्रयास के मामले का आरोप लगा है। छात्रा के परिजनों ने बताया कि मस्वानपुर आदर्श नगर नई बस्ती निवासी मकान मालिक जितेंद्र राजभर के पुत्र रोमी(32) ने पुत्री के साथ गलत काम करने की कोशिश की है। उनकी पुत्री पेशाब करने के बाद वह बाथरूम से बाहर निकल ही रही थी कि तभी रोमी उसे उसे दबोच लिया और मुंह बंद कर खाली पड़े कमरे में ले जाने लगा। विरोध करने पर उसका सिर दरवाजे में भेड़ दिया। सिर में चोट की वजह से वह बेहोश हो गई थी । परिजनों ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

### बाबा के जयकारे संग भक्तों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बाबा भैरवनाथ सेवा समिति के द्वारा श्रावण मास के मौके पर चौथे सोमवार की पूर्व संध्या पर बारवां विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा भोलेनाथ को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण शुरू किया गया। इस भण्डारे का आयोजन बाबा भैरवनाथ सेवा समिति परिवार के द्वारा किया गया। विशाल भण्डारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्राहण किया। यह भंडारा सुरसा मंदिर रामबाग चौराहे पर किया गया। भंडारा बाबा मातादीन सेवाधारी के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख रूप से जितेन्द्र, श्रवण,रवि,ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, गोपाल जी श्रीवास्तव, गोपी श्रीवास्तव, शिवम सोनकर, पप्पू ठाकुर आदि शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना, आभूषण व नगदी पार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर थाना के टिकरा चौकी अंतर्गत मकसूदाबाद गांव में बीती रात चोरों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया जहां से ढाई लाख रुपए की नगदी सहित सोने के आभूषणों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बिठूर थाने का फोर्स व टिकरा चौकी का फोर्स ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।
सूत्रों के मुताबिक मोनू पाल जोकि शटरिंग ठेकेदार है के घर से लॉकर में रखे 200000 नगद के अलावा सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। वही उनके पड़ोसी रिंकू वर्मा और जमुना वर्मा के घरों से बीती रविवार की रात चोरों ने 10-10 हजार रुपए की नगदी के अलावा सोने की अंगूठियां, सोने की चैन, मंगलसूत्र, पायल, झुमके, चुराकर नौ दो ग्यारह हो गए। रात में 12:30 बजे जब रिंकू वर्मा की पत्नी नगीना ने मोबाइल मांगा तो रिंकू वर्मा मोबाइल लेने के लिए नीचे कमरे में गया तो देखा कि घर के ताले टूटे पड़े थे। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। जिसके बाद ग्रामीण घरों से बाहर आ गए और चारों ओर टॉर्च से देखने लगे। वही 112 नंबर पर पुलिस को चोरी की घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बिठूर थाना प्रभारी और टिकरा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। और घटनास्थल से पुलिस ने साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़ितों को झाड़ियों में एक मोटरसाइकिल पड़ी मिली है। मोटरसाइकिल पर कन्नौज का नंबर अंकित है। पीड़ितों ने मोटरसाइकिल पुलिस के हवाले कर दी है। घटना के बाद से पुलिस लगातार चोरों की तलाश कर रही है। बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक मोटरसाइकिल मिली है जिसके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है जल्दी चोर सलाखों के पीछे होंगे।

## शराब ठेके से हुई चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद, नहीं हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रावतपुर थाना क्षेत्र की नमक फैक्ट्री चौराहे स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके में चोर ने हाथ साफ कर दिया। फाइबर सीट काट कर दाखिल हुए चोर ने काउंटर में रखे लगभग चार हजार रुपए और कुछ शराब के पौवे पार कर दिए हैं। हालांकि चोर की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। शराब विक्रेता ने बताया कि वह सुबह जब दुकान पहुंचा तो काउंटर का गुल्लक खुला था। इसके बाद छत की ओर देखा तो फाइबर सीट टूटी हुई थी। यहीं से चोर अंदर दाखिल हुआ और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। दुकान में लगे कैमरे में एक चोर गुल्लक से रुपए निकालते दिखाई दे रहा है। चोर के साथ एक और साथी चोर था जो कैमरे से बचकर निगरानी कर रहा था। पहले भी एक बार दुकान में चोरी हो चुकी है। जिसमें अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# हड्डी वाला गैंग के सदस्यों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा

## पुलिस के सामने फिर से आ गया हड्डी वाला गैंग, जन एक्सप्रेस में छपी खबर के बाद लखनऊ तक में चर्चा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर के थाना बेकनगंज में बीते दिन रविवार को हड्डी वाला गैंग परिवार के सदस्यों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मुक़दमा दर्ज होने के बाद जॉच में जुट चुकी है। वहीं दूसरी ओर अभी भी हड्डी वाला गैंग परिवार के वह लोग जिन्होंने बहशियाना अंदाज में घटना को अंजाम दिया था वह सभी पीड़ीत परिवार के सदस्यों को ठिकाने लगाने के लिए दिन रात ढूंढ रहे हैं।
ज्ञातव्य हो कि 29 जुलाई को रात के समय लगभग 3.30 बजे क्षेत्र के दबंग व मशहूर हडडी वाला गैंग के सदस्यों ने घर में घुस कर लाठी डंडों महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर बच्चों को जमकर पीटा था जो उनके रास्ते में आया वह उनकी ज्यादती मारपीट का शिकार हुआ इस दौरान इन लोगों ने सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ एक प्रेस के ऑफिस में भी तोड़फोड़ की थी आरोप है कि ऑफिस में रखे 40000 रुपए भी लूट ले गए थे। इस मामले में शहरीयान हडडी वाला जो परेड के 03 जून 2022 के दंगे मे वाछित चल रहा है उसके साथ साथ, यासीन हडडी वाला, मुन्ना बच्चा हडडी वाला, शाहनबाज हडडी वाला, अब्दुला शाहरूख व चार से पांच अज्ञात के खिलाफ़ मुक़दमा दर्ज हुआ है। वहीं दूसरी ओर जन एक्सप्रेस में खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद हड्डी वाला गैंग फिर से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की नजर में आ गया है। यह वही हड्डी गैंग है जिसके लोग दिनदहाड़े मर्डर कर दिया करते थे अभी भी इस गैंग के कई सदस्य गौकशी में लिप्त हैं कई लोगों को तो सजा भी हो चुकी हैं। लखनऊ तक में रविवार को हड्डी वाला गैंग की चर्चा रही।

### सीएसजेएमयू में अकादमिक सत्र 2023-24 पीएचडी की परीक्षा हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा बीते दिन रविवार को संपन्न कराई गई। 54 विषयों पर कराई गई इस प्रवेश परीक्षा के लिए 3 सेंटर निर्धारित थे। जिसकी उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।सभी आवेदक अपने उत्तरों का मिलान कर 02 अगस्त 2023 तक ईमेल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

# ज्वेलर्स शॉप का शटर तोड़ कर जेवरात व नगदी की गायब

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी थाना क्षेत्र में चोरों ने शनिवार देर रात शिवकटरा स्थित ज्वेलर्स की दुकान का शटर तोड़ डाला और इसके बाद नकदी और जेवरात समेत करीब ढाई लाख रुपये का माल पार कर दिया। सुबह दुकान पहुंचने पर दुकानदार को जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार, जाजमऊ के पोखरपुर निवासी पप्पू सोनी सर्राफ हैं। उनकी शिव कटरा में रहने वाले अनिल मिश्रा के मकान में राधारानी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है।उन्होंने बताया कि शनिवार रात को वह दुकान बंद करके आ गए थे। रविवार को जब वह दुकान पहुंचे, तो शटर बंद होने के बावजूद उसका लॉक टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा, तो नकदी, ढाई किलो चांदी और 10 ग्राम सोना समेत ढाई लाख रुपये का माल गायब था। सीसीटीवी खराब होने से नहीं कैद हुए चोर उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखें। हालांकि सीसीटीवी काम नहीं करने के कारण आरोपी कैद नहीं हो सके है। थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# पीएम मोदी की मन की बात के 103वें एपिसोड को सुना

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 103वें एपिसोड को भाजपा दक्षिण जिले के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने एलईडी के माध्यम से सुना। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदाओं पर चर्चा करते हुए लोगों से जल संरक्षण और वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों से अपने घरों में तिरंगा फहराने व इस परंपरा को जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुझे हज यात्रा करके वापस लौटने वाली मुस्लिम महिलाओं से भी बड़ी संख्या में पत्र मिले हैं। इस बार चार



हजार महिलाओं ने बिना किसी पुरुष साथी या %मेहरम% के %हज% किया। यह एक बहुत बड़ा बदलाव है। रविवार को प्रसारित इस एपिसोड को अलग-अलग बूथो पर भाजपा नेताओं जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष डॉ.वीना आर्या पटेल ने भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सरसौल के श्री हरि लॉन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं संग मोदी के मन की बात कार्यक्रम को एलईडी के माध्यम से सुना। इस कार्यक्रम में आसपास के किसान ग्रामीणों के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वही विधायक महेश त्रिवेदी ने गोविंद नगर के एक गेस्ट हाउस में अल्पसंख्यक समाज के लोगों के साथ व कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किदवई नगर के सीमा फार्च्यून गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात सुनी। इस अवसर पर पूनम द्विवेदी, प्रबोध मिश्रा, राम बहादुर यादव, रमेश कुशवाहा, विनय मिश्रा, विजय मक्कड़, अमित मिश्रा, करुणेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र हरमोहन व पुत्रवधू अंकिता उर्फ रूबी पत्नी हरमोहन जिनका चाल चलन, आचरण व कार्य व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य के प्रति सही नहीं है अपने पुत्र व पुत्र वधू उनके व्यवहार व लड़ाई झगड़े से आजिज होकर उनके द्वारा किए हुए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मैंने अपनी चल अचल संपत्ति से उनको बेदखल कर दिया है।

**- चंद्रपाल पुत्र स्वर्गीय केदार निवासी ग्राम तकीपुर, कंजती थाना चौबेपुर, तहसील बिल्हौर, जिला कानपुर नगर**

# प्रशासन का नहीं भय शराबियों की बल्ले-बल्ले

जन एक्सप्रेस | राजेश पाल

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** क्षेत्र के मदिरा सेंटरों पर शराबियों की शराब पीने के बाद कस्बे के मुख्य सड़कों पर हरकतें अब लोगों के लिए परेशानी का शबब बनती देखी जा रही है। शराब पीने के बाद शराबी कहीं भी किसी जगह अपना नाटक करना शुरू कर देते है। क्षेत्र मे दिनों-दिन बढ़ती जा रही शराबियों की इन हरकतों पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। जैनम गंज किशनी ऊंचगांव सत्थिन कस्बा सहित छोटे-बड़े चौराहों पर या फिर कोई भी सार्वजनिक स्थान हो ये लोग अक्सर अपना नाटक दिखाते हुए देखे जा सकते है। अक्सर कस्बा के समीप अंबेडकर चौराहे से लेकर जगदीशपुर मोड़ तक नहर की दोनों पटरियों पर शराबियों का नजारा देखा जा सकता है।

**कस्बे के नहर की पटरियों पर लगता है शराबियों का जमावड़ा, स्थानीय लोगों ने मदिरा सेंटरों पर स्थानीय प्रशासन से की गश्त की मांग**





## स्थानीय लोगों से साझा किया गया दर्द

स्थानीय लोगों से दर्द साझा किया गया तो लोगों ने बताया विभाग के जिम्मेदारों को बार-बारअवगत कराया जाता है। बावजूद कोई कार्रवाई या प्रशासन का भय शराबियों में नहीं देखा जाता है। आबादी के बीच कस्बे का मुख्य मार्ग होने के चलते महिलाएं, युवतियां व स्कूली बच्चे सभी आते-जाते है। शराबियों को सड़क की पटरियों पर हुड़दंग करते देख वहां से निकलने की हिम्मत नहीं होती। बहुत से शराबी तो शराब पीकर बाजारों में गालियां तक निकलते देखे जाते है। जिसका बाजारों में से गुजरने वाले बच्चों व महिलाओं पर बुरा असर पड़ता है। लोगों की मांग है कि प्रशासन को इन शराबियों पर अंकुश लगाने के लिए बाजारों में खुले ठेकों के आसपास पुलिस गश्त शुरू की जाए ताकि इन शराबी तत्वों की बेजार हरकतों से लोगों को निजात मिल सके।

# प्रतिभा ने सुल्तानपुर का नाम विश्वपटल पर किया रोशन

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



मिसेज इंडिया वर्ल्ड (आईएनसी) सीजन 4 में यूपी से एकमात्र चयनित प्रतिभागी रही प्रतिभा श्रीवास्तव पत्नी अंकित राजन पुत्री सुरेश चंद्र श्रीवास्तव निवासी शास्त्री नगर सुल्तानपुर ने सेमीफाइनल में जगह बनाते हुए जिले का नाम रोशन किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रतिभा श्रीवास्तव ने कहा कि आज की महिलाएं जो सोचती है कि हम शादीशुदा हो जाने के बाद कुछ नहीं कर सकते हैं यह कहना गलत होगा अपनी क्षमता और कार्यकुशलता से आज महिलाएं देश के सभी पदों पर विराजमान है प्रतियोगिता में हार जीत महत्त्व नहीं रखता अनुभव महत्त्व रखता है भारतीय परंपरा संस्कृति जन-जन से जुड़ी है अपने संस्कार को साथ लेकर हम आगे बढ़े भारतीयों के लिए यह प्रतियोगिता श्रीलंका में आयोजित की गई जिसमें विदेशों में रह रहे सभी भारतीयों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता कोलंबो श्रीलंका में आयोजित की गई थी। जिसमें ज्यूरी के रूप में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा, अभिनेता व मॉडल डिनो मोरिया, क्रिकेटर श्री एस. संत थे।

प्रतिभा श्रीवास्तव ने 1200 प्रतिभागियों में से ऑनलाइन ऑडिशन के जरिये आखिरी 70 में जगह बनाई जिनका प्रदर्शन कोलंबो श्रीलंका में पिछले 19 जुलाई को हुआ और 70 प्रतिभागियों में भी प्रतिभा ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। प्रतिभा श्रीवास्तव ने प्रारंभिक शिक्षा महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर से ली, उसके बाद कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर से एमबीए किया और इंदौर में जॉब भी किया। प्रतिभा का संगीत से भी गहरा लगाव रहा है, वह सिटी आइडल सुल्तानपुर की विनर भी रह चुकी हैं। उन्होंने रामपुर संगीत घराने से संगीत की शिक्षा ले रखी है।सन 2021 में प्रतिभा का विवाह प्रयागराज निवासी अंकित राजन से हुआ जो कि एक आई.टी. इंजीनियर हैं। कोलंबो श्रीलंका से प्रतियोगिता में भाग लेने के उपरांत प्रथम नगर आगमन पर श्री चित्रगुप्त धाम परिवार द्वारा प्रतिभा का स्वागत और सम्मान किया गया। उक्त जानकारी श्री चित्रगुप्त धाम परिवार सीताकुंड द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता द्वारा दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर प्रतिभा को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मंदिर परिवार के उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की, संस्था के प्रबंधक पवन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश श्रीवास्तव,वरिष्ठ समाज सेवी रमेश चंद्र श्रीवास्तव, दिनकर श्रीवास्तव, राजकुमार खरे, आशीष श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव के साथ साथ परिवार जन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजवीर श्रीवास्तव ने किया।

# गायत्री शक्तिपीठ अमेठी द्वारा महायज्ञ संपन्न

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जनपद के गूजीपुर गांव के 65 घरों में रविवार को एक साथ एक समय गायत्री यज्ञ के मौके पर पूरा गाँव गायत्रीमय हो गया। हर घर से गायत्री मंत्रोचार के साथ पड़ने वाली आहुतियों से पूरे वातावरण में यज्ञ की सुगंध फैल गई। एक साथ इतने घरों में आयोजित यज्ञ से पूरे गांव में आस्था और श्रद्धा का माहौल दिखा। बताते चलें कि एक वर्ष से निरन्तर चल रहे अभियान में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर मां गायत्री के दर्शन के उपरांत पीले वस्त्र में गायत्री परिवार की टोली गूजीपुर के लिये रवाना हुई। पूरे गांव में हवन को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला। जिला समन्वयक डॉ.त्रिवेणी सिंह ने कहा कि अमेठी गायत्री परिवार इस उपलब्धि पर हर्षित है। परम् पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की प्रेरणा और सूक्ष्म संरक्षण में एक वर्ष पहले शुरू किया गया गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान अब विराट रूप लेने लगा है। कई क्षेत्रों से कार्यक्रम की मांग आने लगी है।जो इस अभियान की सफलता का द्योतक है।

इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओ ने गुलमोहर का वृक्ष लगाकर पर्यावरण संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। यज्ञाचार्य अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि अपनी जड़ों से दूर होती पीढ़ी को गायत्री परिवार अपनी संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य धरातल पर कर रही है।यज्ञाचार्य रामयश ने कहा कि गुरुदेव के बताये सूत्र साधना, उपासना और आराधना से जुड़कर ही जीवन को धन्य बनाया जा सकता है। राधेश्याम तिवारी ने कहा कि मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के उद्देश्य से शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाई जा रही है। योजनाओं के माध्यम से लोगों के चिंतन में उत्कृष्ट विचारों और व्यवहार में शालीनता लाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है। रमेश चंद्र पांडेय ने कहा कि गायत्री सद्बुद्धि के देवी है।घर-घर में देव स्थापना और नियमित गायत्री मन्त्र के जप से लोगों की बौद्धिक चेतना का विकास होगा। ग्राम प्रधान अरविन्द पांडेय ने गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने सुचारु रूप से गांव के हर घर में गायत्री माता की स्थापना और घर घर में यज्ञ का कार्यक्रम पहली बार हुआ है।भविष्य में गायत्री परिवार के हर आयोजन में गूजीपुर के लोग पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ खड़े मिलेंगे।

## रज्जू खान के नेतृत्व में सपा राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का प्रतापगढ़ जाते समय रतापुर चैराहे में सपा के राष्ट्रीय नेता रज्जू खान के नेतृत्व में सैकड़ों सपाईयों ने स्थानीय रतापुर चैराहे पर भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव निकट है, कार्यकर्ता अभी से जुट जायें, बूथ स्तर तक की कमेटियों का गठन कर ले, जिससे चुनाव आसानी से जीता जा सके। श्री यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होता है। कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से आलोक यादव जिला पंचायत सदस्य, जिला सचिव मुशीर अहमद, पूर्व जिला सचिव नजीर खाँ, राजदेव यादव, अजय यादव प्रधान मैनूपुर, छविनाथ यादव, शैलेन्द्र यादव, इकरार खान, शकील पहलवान, हसीन खाँ, लखन यादव आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डाकघर को दूसरे जनपद से अटैच करने से क्षेत्रवासियों में रोष

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

तहसील मुख्यालय स्थित डाकघर बल्दीराय का कार्य सुल्तानपुर से ना होकर अमेठी जनपद से अटैच किया गया है जिससे नागरिक जरा से कार्य के लिए डाकघर का महीनों तक चक्कर लगा रहे हैं वही डाकघर के उपभोक्ता भी अधिकारियों की मनमानी से त्रस्त है। बार-बार मांग के बावजूद भी डाकघर को अपने मूल जनपद से नहीं जोड़ा जा रहा है जिससे क्षेत्रीय नागरिकों में काफी रोष व्याप्त है।

बता दें कि सुल्तानपुर जनपद के तीन उप डाकघर क्रमशः बल्दीराय कुड़वार वल्लीपुर को डाकघर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अपने मूल जनपद से हटाकर अमेठी जनपद से अटैच कर दिया गया है। जिससे यहां के उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानियां झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ता कई बार डाकघर के जिम्मेदार अधिकारियों से मांग ही कर चुके हैं लेकिन अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रहे। क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उक्त डाकघरों में अगर रजिस्ट्री की जाती है तो पहले वह अमेठी जनपद जाती है फिर सुल्तानपुर जनपद में आती है जिससे मूल जनपद में जहां रजिस्ट्री 2 दिन में प्राप्त हो जाती है वही अमेठी जनपद से 1 सप्ताह के ऊपर लग रहा है। यही उपभोक्ताओं ने बताया कि फिक्स डिपाजिट भी इसी तरह की जा रही है ऐसे ही कई कागजात है जो अमेठी जनपद से वेरीफाई होते हुए सुल्तानपुर जनपद में मुहैया हो रहे हैं उपभोक्ताओं ने बताया कि डाकघरों की कार्यशैली भी उपभोक्ताओं के समझ के परे हो रही है। इस संबंध में डाकघर के एक बाबू ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर डाकघर को अमेठी जनपद से अटैच किया गया है डाकघर के ग्राहकों के कार्य के लिए जो सुविधाएं मुहैया है वह उपलब्ध करवाई जा रही है। लेकिन सवाल यह उठता है कि डाकघरों को सुल्तानपुर जनपद में मेन कार्यालय होने के बावजूद भी अमेठी जनपद से क्यों जोड़ा गया है यह सोचने का विषय है। फिलहाल डाकघर के केंद्रीय जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सुल्तानपुर जनपद के ग्राहकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने मुख्य डाक अधीक्षक उत्तर प्रदेश से शिकायत करते हुए तत्काल उक्त डाकघरों को सुल्तानपुर अटैच किए जाने की मांग की है।

# सांप के डसने पर क्या करें, क्या न करें

जन एक्सप्रेस | अमेठी

अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा सर्पदंश से बचाव के उपाय,सर्पदंश की स्थिति में क्या करें,क्या न करें के सम्बन्ध में गाइडलाइन जारी किये गये हैं। उन्होने बताया कि सर्पदंश होने पर सांप से दूर हो जाये और घबराये नहीं, जिस जगह पर सर्पदंश है वहां से सभी प्रकार के आभूषण जैसे घड़ी,अंगूठी आदि को निकाल दें। सर्पदंश वाले अंग को न मोड़े,पीड़ित व्यक्ति का सर ऊंचा करके लिटायें या बैठायें,घाव को तुरन्त साबुन या गर्म पानी से साफ करें। काटे हुये अंग को पट्टी या सूती कपड़े से बांध दें।पीड़ित व्यक्ति को तुरन्त नजदीकी अस्पताल लेकर जायें।सांप द्वारा काटे जाने पर डंक की जगह पर किसी धारदार वस्तु से काटकर या दबाकर जहर को निकालने का प्रयास न करें। डोरी या रस्सी कसकर न बांधे,गर्म पट्टी का उपयोग न करें। सर्पदंश से बचने के लिये किसी भी कूड़ा करकट वाली जगह,खलिहान में,पशु शालाओं में एवं अनाज के ढेर में जाने से पहले सावधानी बरतने की आवश्यकता है।साथ ही रात में निकलते समय टॉर्च एवं लाठी को लेकर निकलना चाहिये। जिससे किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।सांप काट ले तो झाड़ फूक के बजाए सरकारी अस्पताल में तुरन्त जाये। सर्पदंश से सतर्क रहे-सुरक्षित रहे। उन्होंने बताया कि यदि सांप काटने से किसी की मृत्यु हो जाए तो दैवीय आपदा के अंतर्गत सहायता राशि पाने के लिए पोस्टमार्टम एवं पंचनामा आवश्यक है।

# इलाज के अभाव में वनरोज की मौत

जन एक्सप्रेस | बाजार शुक्ल अमेठी

**✻ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर पशु चिकित्सालय की जिम्मेदारी**

इलाज के अभाव में एक वनरोज की मौत हो गई। घायल अवस्था में वनरोज का इलाज कराने पशु चिकित्सालय पहुंचे गांव के युवक तो पशु चिकित्सालय में ताला लटकता मिला डॉक्टर व चौकीदार भी नदारद रहे। सुबह 10:00 बजे से लेकर 1:30 बजे तक कोई पशु स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं रहा पशु चिकित्सालय में ताला लटकता रहा।

इलाज के अभाव में तड़प तड़प वनरोज की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्रामसभा मवैया रहमतगढ़ के गांव रहमतगढ़ के बाग में कुए में गिरा वनरोज दर्द से कराह रहा था। गांव के युवक कार्तिक कौशल अन्य दो साथी बाग की तरफ कोई काम से जा रहे थे।वन रोज की कराहने की आवाज सुनकर युवक रुक गए। कुए में देखा तो घायल वनरोज निकलने की कोशिश कर रहा था वनरोज की हालत देखकर युवकों से रहा नहीं गया। आनन-फानन में युवकों ने रस्सी बांस के सहारे घायल अवस्था में वनरोज को कुएं से निकालकर पशु चिकित्सालय पहुंचे जहां पशु चिकित्सालय में ताला लटकता मिला।युवकों ने सूचना डायल 112 को दी। डायल 112 के कर्मचारी जब तक पहुंचते तड़प तड़प वनरोज की मौत हो चुकी थी।

### क्या बोले पशु चिकित्सक

पशु चिकित्सक सुरेश कुमार से बात साझा की गई बताया चिकित्सालय में सिर्फ एक कर्मचारी की तैनाती है। मेरे विभाग में इमरजेंसी का कोई प्रावधान नहीं है। प्रकरण संज्ञान में है।

# विश्व हिंदू महासंघ मिटायेगा जात-पात ऊंच-नीच का भेद: अस्मिता भंडारी

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



विश्व हिंदू महासंघ सुल्तानपुर जनपद के महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीता कुंड धाम पर संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अस्मिता भंडारी के संदेश को नारी शक्ति तक पहुंचाया तथा उपस्थित सभी सदस्यों से उनके संदेश को आत्मसात करते हुए चरणबद्ध कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है की सब नर करहिं परस्पर प्रीति, यही रामराज्य की संकल्पना है, आपसी फूट और भेद भाव ही आज भारत के हिंदू राष्ट्र बनने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है और इसे दूर करना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है जिसके लिये सभी को समाज के हर तबके के बीच में जाना होगा। दलित बस्तियों में जाकर उन्हें उनकी सुरक्षा और हिंदुत्व का एहसास कराना होगा तभी राष्ट्र का समग्र विकास कर पाएंगे और सनातन धर्म को उसकी प्रतिष्ठा वापस दिला पाएंगे। दिनकर सिंह ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने भी आग्रह किया है कि सप्ताह में एक दिन नगर के साथ ग्रामीण अंचलों तक अलग अलग बस्तियों में हिंदू धर्म की आवश्यकता व महत्ता का प्रचार करें ताकि हिंदू राष्ट्र के मार्ग को प्रशस्त किया जा सके। बैठक में जिला महामंत्री सचिन पाण्डेय, राजेश पाठक, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, विमला कसौधन, मिथिलेश पाण्डेय, अन्नपूर्णा शर्मा, राधा मौर्या, देवकी जायसवाल, सपना शर्मा, पूर्व सभासद अंजू श्रीवास्तव, सुदामा जायसवाल, विद्या सैनी आदि उपस्थित रहे।

## खण्ड विकास अधिकारी तिलोई मेरी हत्या करवा सकते हैं: शशी सोनी

**जन एक्सप्रेस/अमेठी, रायबरेली।** जनपद अमेठी के तहसील तिलोई के थाना मोहनगंज के ग्राम बारकोट लालगंज की निवासिनी शशी सोनी ने खण्ड विकास अधिकारी तिलोई के विरूद्ध उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी तथा परिवार की हत्या करने का आरोप लगाया है। श्रीमती सोनी ने बताया कि उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैंक से पैसे निकाल लिये गये, वह फर्जी हस्ताक्षर बनाने की शिकायत कई बार कर चुकी हैं, किन्तु खण्ड विकास अधिकारी के दबाव के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। श्रीमती सोनी ने दिये गये पत्र में लिखा है कि कृपया आप द्वारा प्रेषित पत्र पत्रांक एवं दिनांक रहित प्रार्थिनी को जरिये रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राप्त हुआ, अत्यन्त खेद है कि आप महोदय एक जिम्मेदार राजपत्रित अधिकारी होने के बावजूद भी जनसूचना अधिकार अधिनियम में निहित प्राविधानों का उल्लंघन करते हुए आधी-अधूरी सूचनायें उपलब्ध कराकर स्वयं का एवं प्रार्थिनी का कीमती समय का दुरूप्रयोग कर रहे हैं। महोदय, प्रार्थिनी अन्तिम बार आपको पत्र देकर यह मांग कर रही है कि प्रार्थिनी द्वारा प्रेषित रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 18.05.2023 का संज्ञान लेते हुए पत्र में उल्लिखित समस्त तथ्यों को सम्यक परिशीलन करते हुए जानकारी प्रदान करना चाहें। प्रार्थिनी ने भ्रष्टाचार में लिप्त आपके अधीनस्थ कर्मचारी रजनीश भास्कर के विरूद्ध प्रार्थना-पत्र दिया था, इनके विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करने से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि इनके द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार में आपकी मौन स्वीकृति है। प्रार्थिनी, पीड़िता अनुरोध करती है कि दिनांक 18.05.2023 के पत्र का सम्यक परिशीलन कर वांछित सूचनायें समयावधि के अन्तर्गत उपलब्ध करायें। अन्यथा प्रार्थिनी भ्रष्टाचार के विरूद्ध जंग लड़ने हेतु मान्नीय सक्षम न्यायालय की शरण में जाने हेतु बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी व्यक्तिगत एवं व्यक्तिगत रूप से आप श्रीमान् जी की ही होगी।

श्रीमती शशी सोनी ने यह भी स्पष्ट रूप से इंगित किया है कि प्रार्थिनी के जान-माल की सुरक्षा किये जाने हेतु सम्बन्धित को उचित दिशा-निर्देश पारित करने की कृपा करें, ग्राम विकास अधिकारी श्री रजनीश भास्कर द्वारा संयुक्त रूप से किये जा रहे राजकीय धन के भ्रष्टाचार के बंदरबाट के खिलाफ जंग लड़ रही है।

# ऊँचाहार कृषि उत्पादन मंडी स्थल का उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

उत्तर प्रदेश सरकार में उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रविवार को रायबरेली जिले के ऊँचाहार कृषि उत्पादन मंडी स्थल का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा,कि ऊंचाहार में मंडी स्थल की मांग लम्बे समय से थी जिसे अब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पूरी कर दी है,अब इस क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज की अच्छी कीमत मिल सकेगी। अभी तक इस क्षेत्र के किसानों के लिए मंडी स्थल लालगंज थी जो यहाँ से लगभग 40 किलोमीटर दूर थी। ऐसे में किसान अपनी उपज अधिक भाड़ा लगने के कारण वहां न ले जाकर बिचैलियों के चंगुल में फसकर औने-पौने दामों में ही बेच देता था, अब इस मंडी में किसान अपनी उपज बेचेगा और उसे उसकी उपज के पूरे दाम मिलेंगे। वही किसानों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें उनकी उपज के सही दाम मिल सकेंगे उन्हें बिचैलियों से छुटकारा मिल सकेगा, वही धार्मिक स्थलों पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिये जा रहे वक्तव्यों पर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा कि की स्वामी प्रसाद मौर्य को ईश्वर सद् बुद्धि दे।

## नगर पंचायत के पांच चेयरमैन वैश्य समाज के साथ लोकसभा में निभाएंगे अहम भूमिका: डॉ0 सुमंत

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

आगामी दिनों में हुए नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव में 10 सीटों में वैश्य समाज के 5 चेयरमैन चुने गए इस जीत से प्रसन्न वैश्य एकता परिषद ने स्थानीय बाटी रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में जीते हुए सभी चेयरमैन ओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने दावा किया कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले हुए नगर पंचायत और नगर पालिका के चुनाव में एक बात साफ हो गई कि सोशल इंजीनियरिंग का दावा करने वाले मठाधीशो की इंजीनियरिंग फेल हो गई लाख विरोध के बाद भी जनता ने वैश्य समाज के प्रत्याशियों पर अपना विश्वास जताते हुए पांच में से दस सीटें दी हैं जिसके बाद यह साफ हो जाता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में वैश्य समाज का मतदाता अहम भूमिका निभाएगा। आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत सलोन से जीते निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रशेखर रस्तोगी परशदेपुर से जीते निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कौशल भाजपा से जीती महाराजगंज चेयरमैन सरला साहू ऊंचाहार से ममता जायसवाल और लालगंज से कांग्रेस जीती सरिता गुप्ता को सम्मानित किया गया। जीते हुए सभी नगर पंचायत अध्यक्षों ने सम्मानित जनता को धन्यवाद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ जिस तरह पहले काम कर रहे थे उसी तरह काम करेंगें।

वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव इं. विजय रस्तोगी ने बताया कि पूरा वैश्य समाज एक होकर अपने प्रत्याशियों के साथ तन मन धन से खड़ा रहेगा और आगामी लोकसभा चुनाव में एक अहम भूमिका के साथ अपनी ताकत दिखाएगा उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि नगर पंचायत और नगर पालिका के परिणाम इस बात की ओर इशारा करते हैं कि संपूर्ण समाज ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा पर अन्य लोगों से ज्यादा वैश्य प्रत्याशियों पर विश्वास करता है जिसका परिणाम 10 में से पांच जीते प्रत्याशी हैं। लगातार चैथी बार चेयरमैन महराजगंज सरला साहू के प्रतिनिधि व पति प्रभात साहू ने कहा कि चैथी बार महाराजगंज और दूसरी बार परशदेपुर की सीट जिताकर जनता ने यह संदेश दिया है कि लोकसभा के चुनाव में संपूर्ण समाज वैश्य समाज के साथ खड़ा होगा अगर राजनीतिक पार्टियां वैश्य समाज के प्रत्याशी के रूप में किसी योग्य व्यक्ति को चुनावी समर में उतारती है।

# लालचंद स्वर्णकार मेधा सम्मान के रूप में राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा प्रदान की छात्रवृत्ति

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

लालचंद स्वर्णकार मेधा सम्मान के रूप में इस वर्ष से राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति जनपद की एक मेधा को रू0 11000 की छात्रवृति प्रदान करेगी। उक्त निर्णय समिति की रविवार को संपन्न हुई बैठक में लिया गया। इस वर्ष का राना बेनी माधव बक्स सिंह सम्मान वीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर नवीन सिंह को प्रदान किया जाएगा। शिव बहादुर सिंह भदोरिया स्मृति सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गुलाब सिंह को दिया जाएगा, वहीं दिलीप सिंह स्मृति पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर रहीस सिंह एवं वीरा पासी सामाजिक सेवा सम्मान चंद्रशेखर शुक्ला को प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने दी। अध्यक्ष ने बताया कि समिति के सदस्यों के प्रयास एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रस्तावित राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मृति प्रेक्षागृह एवं पुस्तकालय का भूमि पूजन भी 24 अगस्त को संपन्न होगा। बैठक में सचिव ने वर्ष 2022-23 की आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। संयोजक ने बताया कि इस वर्ष अवध केसरी राना बेनीमाधव



बक्स सिंह की जयंती के अवसर पर 12 अगस्त को चित्रकला प्रतियोगिता 15 अगस्त फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 19 अगस्त को आई0एम0ए0 के सहयोग से शंकरपुर में स्वास्थ्य शिविर, 23 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर, 23 अगस्त को ही सायंकाल दीपदान एवं पुष्पांजलि तथा 24 अगस्त को भाव समर्पण समारोह, अखिल भारतीय सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संरक्षक अशोक सिंह, कौशलेंद्र सिंह, हरिहर सिंह उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, महेंद्र अग्रवाल, एसपी सिंह, राजा हर्षेद्र सिंह, डा रवि प्रताप सिंह, सीबी सिंह राठौर, उमाकांत तिवारी, रामकिशन पटेल, रामसेवक चैधरी, संजय शुक्ला, सूरज शुक्ला,सूर्य कुमार बाजपेई, जय सिंह सेंगर, बबलू केसरिया, रामबरन सिंह, विनय भदोरिया, सुनील सिंह भदोरिया, सत्येंद्र सिंह, मदन सिंह चैहान, राजन कछवाह, आरबी सिंह, रमेश सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह, लखन सिंह, महानंद चैधरी, नरेंद्र फौजी, धर्मेंद्र फौजी, राजू राठौर, अजीत सिंह, शिवम सिंह, धनंजय सिंह, बलवीर सिंह, जीतेंद्र सिंह, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बोल पर गरमाई सियासत

## सपा नेता बोले थे- बौद्ध मठ तोड़कर बद्रीनाथ, केदारनाथ और जगन्नाथपुरी बनाए गए, मायावती का पलटवार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा नेता व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि केदारनाथ, बद्रीनाथ और जगन्नाथ धाम समेत बड़ी संख्या में तीर्थस्थल बौद्ध मठों को तोड़कर बनाए गए हैं। अगर भाजपा के लोग हर मंदिर में मस्जिद ढूंढ़ने का काम करेंगे तो हर मंदिर में बौद्ध मठ ढूंढा जाएगा। जोकि, काफी महंगा पड़ेगा। इसलिए देश में भाईचारा कायम रखने के लिए जरूरी है कि सभी धार्मिक स्थलों का स्वरूप वैसा ही रहने देना चाहिए, जैसाकि 15 अगस्त 1947 को था।



स्वामी प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस करके विभिन्न इतिहासकारों, प्रकांड विद्वान पंडित राहुल सांकृत्यायन, स्वामी विवेकानंद और दयानंद सरस्वती के हवाले से कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य, उनके सहयोगियों और उन्हें मानने वाले राजाओं ने प्राचीन काल में बड़े पैमाने पर बौद्ध मठों को तुड़वाया। पुरी का प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर भी बौद्ध मठ को परिवर्तित करके बनाया गया है। उत्तराखंड के कुमाऊं में भी ऐसा बड़े पैमाने पर किया गया। इसलिए उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी का यह कहना है कि मैं (मौर्य) उनकी आस्था को प्रभावित कर रहा हूं, उचित नहीं है।

स्वामी प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दूसरों की आस्था की भी उतनी ही चिंता करनी चाहिए, जितनी उसे अपनी आस्था की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के मंदिरों को भी तोड़कर हिंदू तीर्थस्थल बनाए गए हैं। विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के रथ उत्सव की उत्पत्ति भी बुद्ध धम्म व संघ के आयोजन से जुड़ी है। जगन्नाथ मंदिर की छवियां भी बुद्ध धर्मावलंबियों की मान्यता संबंधी प्रतिमाओं से मिलती-जुलती हैं। स्वामी प्रसाद ने कहा कि अन्य धर्मों और उनकी मान्यताओं व पूजा स्थलों का सम्मान करने पर देश से नफरत का माहौल खत्म होगा। साथ ही कहा कि मैं भाजपा के उन लोगों को सावधान करना चाहता हूं जो हर मस्जिद में मंदिर ढूंढ रहे हैं कि इससे भाईचारा बिगड़ेगा।

### मौर्य के बहकावे में नहीं आने वाले बौद्ध और मुस्लिम: मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि हाल ही में स्वामी प्रसाद मौर्य ने बयान दिया है कि बद्रीनाथ सहित अनेक मंदिर बौद्ध मठों को तोड़कर बनाए गए हैं। आधुनिक सर्वे अकेले ज्ञान व्यापी मस्जिद का क्यों अन्य प्रमुख मंदिरों का भी होना चाहिए। यह केवल नए विवादों को जन्म देने वाला विशुद्ध राजनीतिक बयान है। मौर्य लंबे समय तक भाजपा सरकार में मंत्री रहे तब उन्होंने इस बारे में सरकार पर ऐसा दबाव क्यों नहीं बनाया। अब चुनाव के समय ऐसा धार्मिक विवाद पैदा करना उनकी व सपा की घिनौनी राजनीति नहीं तो और क्या है। बौद्ध, मुस्लिम समाज इनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

### स्वामी प्रसाद का बयान ओछी मानसिकता का प्रतीक: भूपेंद्र चौधरी



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर पलटवार किया है। चौधरी ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि स्वामी प्रसाद का बयान उनकी ओछी मानसिकता और तुच्छ राजनीति को दर्शाता है। चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म का बार-बार अपमान करना सपा के नेताओं की घृणित मानसिकता बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सपा के एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा केदारनाथ, बाबा बद्रीनाथ एवं जगन्नाथ पुरी के बारे में विवादित बयान दिया है। उनका यह बयान देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने और समाज में विद्वेष उत्पन्न करने वाला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपना मत स्पष्ट करना चाहिए कि क्या समाजवादी पार्टी उनके बयान से सहमत है ? स्वामी प्रसाद को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### मायावती के हर ट्वीट का जवाब देना उचित नहीं

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने से संबंधित बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान पर कहा, मायावती उनकी नेता रही हैं। इसलिए मायावती के सम्मान के लिए उनकी हर ट्वीट का जवाब देना मेरे लिए उचित नहीं हैं।

### मेरी बात एतिहासिक प्रमाणों पर

यह पूछे जाने पर कि बौद्ध मठों को लेकर उनके विचार व्यक्तिगत हैं या समाजवादी पार्टी भी इसका समर्थन करती है, क्योंकि सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव उनके बयानों का खंडन कर देते हैं? स्वामी प्रसाद ने कहा कि इस बारे में उनकी शिवपाल सिंह यादव से पहले से कोई बात नहीं हुई है। जो कुछ कह रहा हूं, वो एतिहासिक साक्ष्यों पर आधारित है।

---

पुरानी पेंशन बहाली

# हर हाल में लेकर रहेंगे अपना हक: कर्मचारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

अटेवा पेंशन बचाओ मंच की ओर से रविवार को कृषि विभाग स्थित सभागार में नारी शक्ति पेंशन अधिकार महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भर से महिला शिक्षक, कर्मचारियों ने भाग लिया। पुरानी पेंशन बहाल करो का नारा लगाते हुए महिलाओं का दल विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में शामिल हुआ।

कार्यक्रम में भी उन्होंने पेंशन संबंधित गीत और नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि पुरानी पेंशन कितनी महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि प्रदेश की राजधानी में पहली बार मातृ शक्ति ने इतनी बड़ी संख्या में एकत्र होकर सरकार को अपनी ताकत का अहसास करा दिया है कि महिलाएं भी पुरानी पेंशन बहाली के अभियान में पुरुषों से कम नहीं है।



अटेवा महिला प्रकोष्ठ की सुमन कुरील ने कहा कि प्रदेश सरकार हठधर्मिता छोड़ पुरानी पेंशन बहाल करे। नारी शक्ति जाग चुकी है वह बिना पेंशन लिये चैन से नहीं बैठेगी। अटेवा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रंजना सिंह ने कहा नारी शक्ति ने आर-पार का मन बना लिया है, अब वह रुकने वाली नहीं है और पुरानी पेंशन तो अब लेकर रहेंगे। अटेवा महिला प्रकोष्ठ सह प्रभारी ज्योति शिखा मिश्रा ने कहा कि अटेवा की ओर से हाल ही में एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा काफी सफल रही इस यात्रा ने पूरे प्रदेश के शिक्षक व कर्मचारियों को जागरूक करने का काम किया है। प्रदेश संयुक्त मंत्री राधा प्यारी रावत ने कहा कि आज प्रदेश का हर शिक्षक व कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली के लिये अटेवा के साथ खड़ा है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सह प्रभारी डा. नीतू यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन ही सरकारी शिक्षक व कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। आज कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है। प्रदेश सरकार भी पुरानी पेंशन बहाल करे। सम्मेलन का संचालन पार्वती विश्वकर्मा ने किया।

सम्मेलन में राजकीय नर्सेज संघ की प्रदेश अध्यक्ष शरली भण्डारी, पीजीआई नर्सेज संघ की अध्यक्ष लता सचान, ललिता, अंशू सिंह, नीलम सिंह, मंजू सिंह, रामेंद्री गुरियन, मंजू सिंह, सरला वर्मा, अंजू माली, कंचन सिंह रंजीत कौर, सुमन कुरील, विनीता यादव, रेनू शुक्ला आदि उपस्थित रहीं।

---

# एलयू ने 2 विदेशी यूनिवर्सिटी के साथ किया एमओयू

## ब्राजील की यूएफसी और कुआलालंमपुर की लिंकन यूनिवर्सिटी से हुआ करार; रिसर्च पर रहेगा फोकस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एलयू यानी लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई दिल्ली में एनईपी की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम के दूसरे दिन 2 अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ रू्ह किया। इसके जरिए स्किल, रीस्किल और अपस्किल यानी कौशल विकास पर जोर दिया जाना हैं।

इस दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने रु की तरफ से 2 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। वही ब्राजील के प्रोफेसर अलेक्सांद्रो पेड्रो अयाला ने यूनिवर्सिड फेडरल डो सियारा (यूएफसी), ब्राजील का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज के अध्यक्ष प्रोफेसर अमिया भौमिक ने लिंकन



यूनिवर्सिटी कॉलेज मलेशिया का प्रतिनिधित्व किया।

पहला समझौता ज्ञापन ब्राजील के यूनिवर्सिडेड फेडरल डो सियारा और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच टीचिंग और एकेडमिक एक्टिविटी को बढ़ाने और इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम को गति देने के मकसद से किया गया। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय विनिमय कार्यक्रमों की सुविधा और नेटवर्क निर्माण में सहयोग के लिए भी यह पहल बेहद मुफीद साबित होगी।

वही, दूसरा समझौता लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, कुआलालंमपुर, मलेशिया के साथ वैश्विक शैक्षिक प्रदर्शन, संयुक्त पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए युगल डिग्री कार्यक्रमों की दिशा में किया गया हैं। इसके जरिए क्रॉस बॉर्डर नॉलेज एक्सचेंज के जरिए कॉलेब्रेटिव रिसर्च और शार्ट टर्म कोर्स पर फोकस हैं।

इस दौरान कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि इस रू्ह से शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग बढ़ेगा। वैश्विक गतिशीलता में वृद्धि होगी, और ड्यूल डिग्री प्रोग्राम की स्थापना और अवसर आएंगे। छात्रों और अध्यापकों के लिए नए अवसर भी मिलेंगे। इसके अलावा एकेडमिक विकास और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि युगल डिग्री और ट्विनिंग प्रोग्राम से तमाम देशों के रू्ह करने का अवसर मिलेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय कि डीन एकेडमिक्स और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि रु की विश्वसनीयता और शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बढ़ रही हैं। और इसलिए कई एकेडमिक भागीदार एमओयू के प्रस्तावों के साथ टच में हैं। प्रोफेसर पूनम टंडन ने यूनिवर्सिड फेडरल डो सियारा ब्राजील के साथ कई सहयोगी अनुसंधान कार्य किए हैं। और यूएफसी के साथ अपने पोस्ट डॉक्टरेट कार्य के लिए कई छात्रों को सुविधा भी प्रदान की है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय छात्र सलाहकार प्रोफेसर आरपी सिंह ने कहा कि दुनिया भर के लगभग एक दर्जन विश्वविद्यालयों ने ज्ञान साझेदारी और अनुभव साझा करने के लिए हमारे विश्वविद्यालय से संपर्क किया है।

---

# साइबर ठग की ब्लैकमेलिंग से परेशान युवक ने किया सुसाइड

## युवक ने डायरी के 51 पन्नों पर लिखी पूरी कहानी, यूट्यूब से कमाई का लालच देकर फंसाया

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में साइबर ठगों की ब्लैकमेलिंग से परेशान एक युवक ने सुसाइड कर लिया। उसे पहले यूट्यूब पर कमाई के नाम पर फंसाया। इसके बाद हैकर्स ने उसका पर्सनल डाटा हैक कर लिया। फिर पर्सनल फोटो और वीडियो भेजकर पैसे मांगने लगे। युवक के कमरे से 51 पन्नों की डायरी मिली है। इसमें साइबर ठगों के ब्लैकमेलिंग की पूरी कहानी है।

डायरी बताती है कि ठगों ने यूट्यूब से कमाई के लालच में उससे एक लिंक पर क्लिक कराया था। इसके माध्यम से उसका डाटा हैक कर लिया। फिर फोन पर अश्लील फोटो और वीडियो भेजने लगे। इसके चलते युवक डिप्रेशन में था। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। अभी तक की जांच में पुलिस भी ब्लैकमेलिंग ही सुसाइड की वजह मान रही है। विकास नगर सेक्टर-3 निवासी पवन गिरि (45) का शुक्रवार रात घर में फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। उनकी पत्नी अर्चना ने शव देख कर परिजनों को सूचना दी। परिजनों को पवन के कमरे से एक डायरी मिली। डायरी में 51 पन्नों में कुछ न कुछ ऐसा लिखा, जिसे पढ़कर परिजन सकते में आ गए। परिजनों के मुताबिक डायरी में पवन क्या लिखना चाहते थे यह सही तरीके से समझ नहीं आ रहा है, लेकिन इतना साफ है कि वह साइबर ठगों के जाल में फंस गए थे।

### यूट्यूब के जरिए पैसे कमाने के लिए भेजा लिंक

पुलिस जांच में सामने आया है कि ठगों ने पवन को यूट्यूब के जरिए पैसे कमाने के लिए किसी लिंक पर क्लिक करा कर फोन का पूरा डाटा हैक कर लिया था। जिसके बाद निजी जानकारी हासिल कर हैकर्स उसको ब्लैकमेल करते थे। जिसमें उनकी कुछ अश्लील फोटो और निजी जानकारी भी थी। जिसके चलते ही उन्होंने यह कदम उठाया।

### ऑन लाइन लोन से भी जुड़ी हो सकती है घटना

पत्नी अर्चना के मुताबिक, डायरी में लिखा है कि मेरे और मेरी पत्नी के पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खातों आदि की जानकारी हैकर्स के पास थी। जिसके चलते अब न पैन कार्ड बनवा पाऊंगा और मोबाइल नंबर से सभी कार्ड लिंक होने से अब वह न तो नया मोबाइल नंबर ले पाएगा न ही खाता खुलवा पाएगा। सारा पैसा भी चला जाएगा। यह बातें कई टुकड़ों पर दो से तीन पन्नो पर लिखी है। जिससे लगता है वह इसके चलते ही डिप्रेशन में थे। साथ ही एक जगह ऑनलाइन लोन की भी बात लिखी है। ऐसे में आशंका है कि पवन कहीं चाइनीज लोन एप के खेल में तो नहीं फंस गए थे। जो हजारों में लोन देकर ग्राहक को ब्लैकमेल कर वसूली करते हैं।

### डायरी में लिखी बातों पर हो रही जांच

डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। डायरी में लिखी बातों की जांच कर हर बिंदुओं पर जांच की जाएगी। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑन लाइन लोन से भी जुड़ी हो सकती है घटना

पत्नी अर्चना के मुताबिक, डायरी में लिखा है कि मेरे और मेरी पत्नी के पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खातों आदि की जानकारी हैकर्स के पास थी। जिसके चलते अब न पैन कार्ड बनवा पाऊंगा और मोबाइल नंबर से सभी कार्ड लिंक होने से अब वह न तो नया मोबाइल नंबर ले पाएगा न ही खाता खुलवा पाएगा। सारा पैसा भी चला जाएगा। यह बातें कई टुकड़ों पर दो से तीन पन्नो पर लिखी है। जिससे लगता है वह इसके चलते ही डिप्रेशन में थे। साथ ही एक जगह ऑनलाइन लोन की भी बात लिखी है। ऐसे में आशंका है कि पवन कहीं चाइनीज लोन एप के खेल में तो नहीं फंस गए थे। जो हजारों में लोन देकर ग्राहक को ब्लैकमेल कर वसूली करते हैं।

---

आरएमएल के एक और डॉक्टर ने संस्थान छोड़ा

# न्यूरो सर्जन डॉ. राकेश ने दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के गोमतीनगर स्थिति डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के एक और डॉक्टर ने अलविदा कह दिया है। इस बार न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉ. राकेश सिंह ने संस्थान छोड़ा है। इससे संस्थान को तगड़ा झटका लगा है। हालांकि अभी संस्थान प्रशासन ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। इससे पहले पांच डॉक्टर लोहिया संस्थान छोड़ चुके हैं। न्यूरो सर्जरी विभाग की ओपीडी में रोजाना 200 से अधिक मरीज आ रहे हैं। गंभीर मरीजों के ऑपरेशन भी हो रहे हैं।

इसमें ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ संबंधी परेशानी, एनोरिज्म समेत दूसरी गंभीर बीमारी के ऑपरेशन शामिल हैं। विभाग में तैनात डॉ. राकेश सिंह ने इस्तीफा दे दिया है।




### संस्थान छोड़कर जाने वाले डॉक्टर

- इंडोक्राइन सर्जरी विभाग की डॉ. रोमा प्रधान
- गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग के डॉ. प्रशांत वर्मा
- मेडिकल आंकोलॉजी विभाग के डॉ. गौरव गुप्ता
- न्यूक्लीयर मेडिसिन विभाग डॉ. शाश्वत वर्मा
- पीएमआर विभाग के डॉ. वीरेंद्र सिंह गोगिया।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

लोहिया संस्थान की निदेशक डॉ. सोनिया नित्यानंद के मुताबिक लंबे समय से न्यूरो सर्जन डॉ. राकेश सिंह संस्थान में नही आ रहे थे। अब जाकर उन्होंने इस्तीफा दिया हैं। फिलहाल इस्तीफा मंजूर नही किया गया हैं।

---

# वेतन बढ़ाने को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले स्वास्थ्यकर्मी

## लोहिया संस्थान के संविदा कर्मियों ने कौशल किशोर से की मुलाकात, 8 साल से नहीं बढ़ा वेतन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के संविदा कर्मियों ने रविवार को केंद्रीय मंत्री और मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर से मुलाकात की। संविदा कर्मचारी संघ से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान मंत्री से वेतन बढोत्तरी को लेकर बात की।

संविदा कर्मियों का आरोप हैं कि लगातार मेहनत के बावजूद संस्थान में संविदा कर्मियों की सुनवाई नही हो रही हैं। संविदा कर्मियों का लगातार शोषण हो रहा हैं, वेतन में रिवीजन के बादजूद 8 साल तक कोई वेतन नही बढ़ा हैं।



संघ के महामंत्री सच्चिता नन्द ने मंत्री को बताया कि महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने वेतन निर्धारण करके शासन को भेज दिया है मगर शासन से अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ । जिस कारण से कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। कर्मचारियों का वेतन पिछले 8 वर्ष से नही बढ़ा है ।

संविदा कर्मियों ने प्रदेश के उच्च चिकित्सा संस्थानों में कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि कोरोना काल में अभूतपूर्व सेवा करने के बावजूद वेतन में कोई इजाफा नही किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को वेतन बढ़ोत्तरी करवाने के बात कहते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को उनका हक देने की बात कही।

इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष विकास तिवारी, मंत्री नीरज यादव, प्रवक्ता लवकेश तिवारी, त्रिभुवन यादव, मनीष वर्मा, हिमांशु शुक्ला मौजूद रहे।

---

# यूपी में लौटेगी बारिश, प्रदेश में सक्रिय हुआ मानसून

## पश्चिम यूपी में भारी तो पूर्वी में हल्की बरसात का अनुमान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दस दिन तक यूपी से रूठे रहने के बाद मानसून एक बार फिर से लौट रहा है। पूरे यूपी में मानसून की सक्रियता बन रही है। यह सक्रियता मध्यम से तेज बारिश कराएगी। अगस्त के पहले सप्ताह तक बारिश के बने रहने की पूरी संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणी के उत्तर की ओर खिसककर अपनी सामान्य स्थिति से उत्तर में पहुँचकर लखनऊ से होकर गुजरने की संभावनाएं बन रही हैं। पंजाब के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में निचले क्षोभ मंडल में बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी



युक्त पुरवा हवाओं ने बारिश का एक माहौल तैयार किया है। पाकिस्तान के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के साथ प्रतिक्रिया होने के कारण यूपी के पश्चिमी हिस्से में मानसून की सक्रियता में वृद्धि हुई है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार यूपी में मानसून सक्रिय हो रहा है। आने वाले कुछ दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की तुलना में पश्चिम यूपी में बारिश की संभावना ज्यादा है। अगस्त के पहले सप्ताह में पूरी यूपी में बारिश होने की संभावना है।

भले ही मौसम विभाग यूपी में मानसून के लौटने की बात कहकर राहत दे रहा है लेकिन रविवार को भी राजधानी लखनऊ सहित आसपास के जिलों में या तो बादल छाए रहे या फिर तेज धूप खिली रही। धूप के बने रहने से उमस में इजाफा हुआ। बीच-बीच हल्की पुरवाई हवाएं चलने से राहत जरूर महसूस हुई।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# लोकतंत्र में नेताओं की जन छवि का सवाल

**देश की राजधानी दिल्ली में 70 विधायकों में से तकरीबन 37 यानी 53 फीसदी पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायकों की संख्या 403 है जिनमें करीब 38 फीसदी यानी 155 विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। मंचों से ऐसे राजनेता जो महिला सुरक्षा की बात करते हैं, निजी तौर पर कितने गिरे हुए हैं इसका अंदाजा भी आप नहीं लगा सकते। महिलाओं के खिलाफ विभिन्न अपराधों को लेकर जो विश्लेषण सामने आया है वह बेहद चौंकाने वाला है। देश के 144 विधायकों ने महिलाओं से संबंधित अपराध की घोषणा की है।**

*भारतीय लोकतंत्र जागरूक और मजबूत है। यह सुखद और भविष्य के लिए अच्छी बात है। लेकिन हमारे राजतंत्र में राजनेताओं की स्थिति और छवि क्या बनती जा रही है, यह बड़ा सवाल है। लोकतंत्र को राजनेता नहीं जनता खुद धोखा दे रही है। जिसके हाथ में हम सत्ता सौंपने जा रहे हैं उसकी जन छवि क्या है। राजनीति में रहते हुए उसने कौन-सा विकास कार्य किया है। पांच साल के लिए जिस पर हमने भरोसा जताया वह हमारे लिए कितना खरा उतरा। समस्याओं का समाधान एवं चुनावी वायदों की गाड़ी कहां तक पहुंची, इसका खयाल हमें नहीं रहता। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया रिपोर्ट हमारे जनतंत्र का होश उड़ाने वाली है। लेकिन, वह हमारे लिए इतनी चिंता का विषय नहीं होगी। हमें सिर्फ शोर में जीने की आदत हो गई है। हम जमीन पर खड़े हैं कि नहीं यह आकलन भी हमें नहीं है। क्योंकि हम खुद अपनी चिंताओं में उलझे हैं कि देश और समाज की चिंता मुझे नहीं करनी है। क्या आपको पता है भारत की राज्य विधानसभाओं में जिन विधायकों को हमने चुनकर भेजा है उसमें 44 फीसदी का रिकॉर्ड आपराधिक बताया गया है। उन पर अपराध से सम्बंधित कोई न कोई मुकदमा दर्ज है। हम कैसे लोगों को चुनकर भेज रहे हैं? हालांकि अभी हम उन्हें अपराधी नहीं कह सकते, जब तक उनके खिलाफ अदालतों में चल रहे मुकदमों का फैसला नहीं हो जता। लेकिन ऐसे माननीयों पर क्रिमिनल केस दर्ज है, यह सच है। आपराधिक उपलब्धि के साथ-साथ इनके पास अकूत दौलत भी है। जिन विधायकों को हमने चुनकर भेजा है उनके पास औसतन 13.63 करोड़ की संपत्ति है। दो फीसदी विधायक अरबपति हैं। 4,001 माननीय में 88 अरबपति हैं। यह घोषणाएं चुनाव के दौरान माननीयों ने अपने शपथपत्र में खुद दिया है। फिर सोचें हम कैसे लोगों को चुन रहे हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) डब्ल्यू की तरफ से किए गए सर्वेक्षण में दो केंद्र शासित प्रदेश और 28 राज्य विधानसभा में 4,033 माननीय में 4,001 का विश्लेषण शामिल है। 1,136 तकरीबन 28 फीसदी विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। जिसमें हत्या, अपहरण, हत्या का प्रयास और महिलाओं के साथ अपराध शामिल है। केरल जैसे छोटे राज्य में 135 विधायकों में से 95 ने आपराधिक मुकदमों की घोषणा की है। आप सोचिए ऐसे लोगों को हम सत्ता का देवता मानते हैं। चुनाव के दौरान अपनी जान गंवा देते हैं। मंच पर उनका चरण पकड़ने और भारी-भरकम माला पहनाने की होड़ लगाते हैं। इन्हें शर्म न आए तो कम से कम हमें आनी चाहिए कि हम कैसे लोगों को लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में भेज रहे हैं। यह स्थित किसी एक विधानसभा की नहीं है। देश की अधिकांश विधानसभाओं की यही हालत है। हमने राजनेता नहीं आपराधिक आरोपितों को भेजा है। फिर ऐसे लोगों से अच्छे आचरण और विकास की उम्मीद कैसे कर सकते हैं। बिहार में 67 फीसदी, दिल्ली में 70, महाराष्ट्र में 62, तेलंगाना में 61 तमिलनाडु में 60 फीसदी माननीय अपने खिलाफ आपराधिक मुकदमों की घोषणा की है। बिहार में 242 विधायकों में से 161 जबकि महाराष्ट्र में 284 में से 175 के खिलाफ इस तरह के मुकदमे दर्ज है। भारत का दिल कहे जाने वाले मध्य प्रदेश की धड़कन क्या कहती है जरा देखिए। यहां 230 विधायकों में से 187 करोड़पति हैं। विधानसभा में पहुंचे 94 माननीयों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**मुंशी प्रेमचंद विधवा विवाह के पक्षधर थे और इसी कारण उन्होंने पहली पत्नी के निधन के बाद समाज के विरुद्ध जाकर वर्ष 1905 में 25 साल की आयु में शिवरानी नामक एक बाल विधवा से विवाह किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों में बदलाव आया। वैसे तो उन्होंने 13 वर्ष की उम्र में लेखन कार्य शुरू कर दिया था लेकिन उनके लेखन में परिपक्वता शिवरानी से विवाह के बाद ही आई थी, जिससे उनके लेखन की मांग बढ़ने लगी। उनकी दूसरी पत्नी शिवरानी ने ही बाद में उनकी जीवनी लिखी थी। अपने जीवन के आखिरी दिनों में प्रेमचंद जलोदर नामक बीमारी से ग्रसित हो गए थे और 8 अक्तूबर 1936 को दुनिया से अलविदा हो गए।**

# मुंशी प्रेमचंद : आम आदमी के साहित्यकार



योगेश कुमार गोयल

**कम ही लोग यह जानते हैं कि जो मुंशी प्रेमचंद हिन्दी लेखन के लिए इतने विख्यात रहे हैं, उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत उर्दू से की थी। अपना पहला साहित्यिक कार्य उन्होंने गोरखपुर से उर्दू में शुरू किया था और 1909 में कानपुर के 'जमाना प्रेस' से उर्दू में ही उनका पहला कहानी-संग्रह 'सोज ए वतन' प्रकाशित हुआ था।**

आधुनिक हिन्दी साहित्य के पितामह और उपन्यास सम्राट महान् कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने अपने लेखन के माध्यम से न सिर्फ दासता के विरुद्ध आवाज उठाई बल्कि लेखकों के उत्पीड़न के विरुद्ध भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने उपन्यासों और कहानियों के अलावा नाटक, समीक्षा, लेख, संस्मरण इत्यादि कई विधाओं में साहित्य सृजन किया। प्रेमचंद ऐसे कहानीकार और साहित्यकार थे, जिन्हें आज भी सबसे ज्यादा पढ़ा जाता रहा है। उन्हें 'आम आदमी का साहित्यकार' भी कहा जाता है। चूंकि उनकी लगभग सभी कहानियां आम जीवन और उसके सरोकारों से ही जुड़ी होती थी, इसीलिए उनके सबसे ज्यादा पाठक आम लोग रहे हैं। दरअसल उन्होंने अपने सम्पूर्ण साहित्य लेखन में एक आम गरीब आदमी की पीड़ा को न केवल समझा बल्कि अपनी कहानियों और उपन्यासों के जरिये उसका निदान बताने का प्रयास भी किया। उन्होंने अपनी लगभग सभी रचनाओं में आम आदमी की भावनाओं, उनकी परिस्थितियों, समस्याओं तथा संवेदनाओं का मार्मिक शब्दांकन किया। आज भी हिन्दी भाषी दिग्गज लेखकों और साहित्यकारों का यही मानना है कि मुंशी प्रेमचंद जैसा कलमकार हिन्दी साहित्य में न आज तक कोई हुआ है और न होगा। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने समाज को सदैव रूढ़िवादी परम्पराओं और कुरीतियों से निकालने का प्रयास किया। उन्हें 'हिन्दी साहित्य का माइलस्टोन' भी कहा जाता है। कम ही लोग यह जानते हैं कि जो मुंशी प्रेमचंद हिन्दी लेखन के लिए इतने विख्यात रहे हैं, उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत उर्दू से की थी। अपना पहला साहित्यिक कार्य उन्होंने गोरखपुर से उर्दू में शुरू किया था और 1909 में कानपुर के 'जमाना प्रेस' से उर्दू में ही उनका पहला कहानी-संग्रह 'सोज ए वतन' प्रकाशित हुआ था, जिसकी सभी प्रतियां ब्रिटिश सरकार द्वारा जब्त कर ली गई थी। उस समय में वे उर्दू में 'नबावराय' के नाम से लिखते थे। उनका लिखा कहानी संग्रह जब्त करने के बाद 'जमाना' के सम्पादक मुंशी दयानारायण ने उन्हें परामर्श दिया कि भविष्य में अंग्रेज सरकार की नाराजगी से बचने के लिए नवाब राय के बजाय वे नए उपनाम 'प्रेमचंद' के नाम से लिखना शुरू करें। इस प्रकार वे नवाब राय से प्रेमचंद बन गए। उत्तर प्रदेश में वाराणसी के लमही गांव के डाक मुंशी अजायबलाल के घर 31 जुलाई 1880 को जन्मे धनपत राय श्रीवास्तव उर्फ मुंशी प्रेमचंद की आज हम 143वीं जयंती मना रहे हैं। प्रेमचंद वकील बनना चाहते थे लेकिन आर्थिक तंगी के चलते उनका वह सपना पूरा नहीं हो सका। मुंशी प्रेमचंद विधवा विवाह के पक्षधर थे और इसी कारण उन्होंने पहली पत्नी के निधन के बाद समाज के विरुद्ध जाकर वर्ष 1905 में 25 साल की आयु में शिवरानी नामक एक बाल विधवा से विवाह किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों में बदलाव आया। वैसे तो उन्होंने 13 वर्ष की उम्र में लेखन कार्य शुरू कर दिया था लेकिन उनके लेखन में परिपक्वता शिवरानी से विवाह के बाद ही आई थी, जिससे उनके लेखन की मांग बढ़ने लगी। उनकी दूसरी पत्नी शिवरानी ने ही बाद में उनकी जीवनी लिखी थी। अपने जीवन के आखिरी दिनों में प्रेमचंद जलोदर नामक बीमारी से ग्रसित हो गए थे और 8 अक्तूबर 1936 को दुनिया से अलविदा हो गए। मुंशी प्रेमचंद एक दिन बालेमियां मैदान में महात्मा गांधी का भाषण सुनने गए और उनके विचारों से इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और उसके बाद पूरी तरह से स्वतंत्र लेखन में जुट गए। अपने जीवनकाल में मुंशी प्रेमचंद ने कुल 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें और हजारों की संख्या में लेखों व संस्मरणों की रचना की। उनके चर्चित उपन्यासों में बाजार-ए-हुस्न (उर्दू में), गोदान, कर्मभूमि, गबन, सेवा सदन, कायाकल्प, मनोरमा, निर्मला, प्रतिज्ञा प्रेमाश्रम, रंगभूमि, वरदान, प्रेमा इत्यादि और कहानियों में पूस की रात, नमक का दरोगा, बूढ़ी काकी, कफन, मंत्र, नशा, शतरंज के खिलाड़ी, आत्माराम, बड़े भाईसाहब, बड़े घर की बेटी, उधार की घड़ी, जुर्माना इत्यादि बहुत प्रसिद्ध रही। अपना अंतिम कालजयी उपन्यास 'गोदान' उन्होंने वर्ष 1936 में लिखा, जो बेहद चर्चित रहा और आज भी आधुनिक क्लासिक माना जाता है। प्रेमचंद की कुछ कहानियों पर उनके निधन के बाद फिल्में भी बनी। 1980 में उनके उपन्यास 'निर्मला' पर एक टीवी धारावाहिक भी बना, जो काफी लोकप्रिय हुआ था। 1938 में उनके एक उपन्यास 'सेवासदन' पर फिल्म बनी। 1963 में 'गोदान' और 1966 में 'गबन' उपन्यास पर फिल्में बनी। 1977 में उनकी कहानी 'कफन' पर फिल्मकार मृणाल सेन द्वारा 'ओका ऊरी कथा' नामक तेलुगू फिल्म बनाई गई, जिसे सर्वश्रेष्ठ तेलुगू फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। उनकी दो कहानियों 1977 में उनकी एक कहानी और 1981 में 'सद्गति' पर बॉलीवुड फिल्मकार सत्यजित राय ने फिल्में बनाई।



**1980 में उनके उपन्यास 'निर्मला' पर एक टीवी धारावाहिक भी बना, जो काफी लोकप्रिय हुआ था। 1938 में उनके एक उपन्यास 'सेवासदन' पर फिल्म बनी। 1963 में 'गोदान' और 1966 में 'गबन' उपन्यास पर फिल्में बनी। 1977 में उनकी कहानी 'कफन' पर फिल्मकार मृणाल सेन द्वारा 'ओका ऊरी कथा' नामक तेलुगू फिल्म बनाई गई।**

### एक्सप्रेस कविता

*राष्ट्र भूमि की परिणति है राष्ट्रवाद, इसे कतई ना समझे देश के लिए अपवाद। सुभाष चंद्र, विवेकानंद,एपीजे कलाम, देश प्रेम के लिए दुनिया करती, इन्हें सलाम। लाल बहादुर,इंदिरा गांधी,अटल बिहारी,नरेंद्र मोदी, समय-समय पर दुश्मनों की इन्होंने खाट खड़ी कर दी।*

*मत फैलाओ धर्म, जाति और राजनीति का इतना जहर, यह तत्व ही फैलाते हैं मस्तिष्क में जहर। राष्ट्रपति जैल सिंह जाकिर हुसैन और रामनाथ कोविंद, आओ इनकी देशभक्ति को करते हैं जय जय हिंद। हम गर्वित हैं कि हम हैं कट्टर राष्ट्रवादी, हमें देख रो रही है, ताकतें अलगाववादी। हिंदू मुस्लिम सिख्ख और भाई इसाई, रहते देश में जैसे हम हैं सगे भाई भाई। आओ मिलके अद्भुत अनूठा देश बनाएं।*

-प्रमोद गुप्त

### एक्सप्रेस ज्ञान

*फूलों की खुशबू हवा की दिशा में ही फैलती है, लेकिन एक व्यक्ति की अच्छाई चारों तरफ फैलती है।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 07:25 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वाषाढ़ा 18:48 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | विष्कंभ, 23:01 |
| सूर्योदय: | 05:45 |
| सूर्यास्त: | 19:09 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 07:26-09:06 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | श्रावण (अधिकमास) |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### रहना है विवादित !

*रह रह कर जिह्वा से ।*
*आते हैं बयान ।।*
*रहना है विवादित ।*
*इसी में सम्मान ।।*
*छोड़ कर सब काम ।*
*किए एजेंडा तय ।।*
*पकड़ लिए हैं अपनी ।*
*जो पुरानी लय ।।*
*है नज़दीक चुनाव ।*
*चर्चा में अब रहना ।।*
*बोल कर कुछ बोल ।*
*है आगे टहलना ।।*
*रोटी पानी बनी रहे ।*
*है उसका जुगाड़ ।।*
*हल्की फुल्की इसलिए ।*
*दिखती ये दहाड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डाइट में शामिल करें प्लांट बेस्ड मिल्क हड्डियां बनेंगी मजबूत और दूर होगा दर्द

**40-45** वर्ष की उम्र के बाद तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करनी लगती हैं। इसमें हड्डियों से जुड़ी समस्याएं भी शामिल हैं। इस उम्र में कोई कमजोर हड्डियों से परेशान रहता है, तो किसी को हड्डियों में अक्सर दर्द रहता है। इतना ही नहीं, कई लोगों को कमजोर हड्डियों की वजह से फ्रैक्चर होने की संभावना भी बढ़ जाती है। ऐसे में हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए डॉक्टर कैल्शियम और विटामिन डी सप्लीमेंट्स लेने की सलाह देते हैं। साथ ही, दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करने की भी सलाह देते हैं। लेकिन कुछ लोग लैक्टोज इनटॉलेरेंस होते हैं, उन्हें दूध से एलर्जी हो सकती है। ऐसे में अगर आप भी लैक्टोज इनटॉलेरेंट हैं, तो अपनी डाइट में प्लांट बेस्ड मिल्क को शामिल कर सकते हैं। प्लांट बेस्ड मिल्क भी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।



**बादाम का दूध:** बादाम पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन ई, पोटैशियम और कैल्शियम अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए आप बादाम का दूध पी सकते हैं। बादाम का दूध यानी आल्मंड मिल्क पीने से हड्डियों से जुड़ी दिक्कतें दूर हो सकती हैं। बादाम का दूध हड्डियों की कमजोरी दूर करता है। इसे बनाने के लिए आप बादाम को 4-5 घंटों के लिए पानी में भिगोकर रख दें। फिर इसे ग्राइंड करके दूध बनाएं। आप रोजाना इस दूध का सेवन कर सकते हैं।

**सोया मिल्क:** हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए आप सोया प्लांट बेस्ड मिल्क का सेवन भी कर सकते हैं। जो लोग लैक्टोज इनटॉलेरेंट होते हैं, उनके लिए सोया मिल्क पीना एक काफी अच्छा विकल्प हो सकता है। सोया मिल्क में कैल्शियम और विटामिन डी की मात्रा अधिक होता है। अगर आप रोजाना सोया मिल्क पिएंगे, तो इससे हड्डियां मजबूत बनेंगी। साथ ही, हड्डियों और जोड़ों के दर्द में भी आराम मिलेगा।

**ओट्स मिल्क:** ओट्स मिल्क पीना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ओट्स के दूध में प्रोटीन, विटामिन्स और कैल्शियम होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। रोज सुबह नाश्ते में ओट्स मिल्क पीने से आपकी हड्डियां मजबूत बनेंगी। हड्डियों से जुड़ी दिक्कतें भी धीरे-धीरे दूर होने लगेंगी।

**तिल का दूध:** हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए तिल का दूध पीना फायदेमंद हो सकता है। आप इस दूध को घर पर आसानी से बना सकते हैं। तिल के दूध में कैल्शियम काफी अधिक होता है, जिसे पीने से हड्डियों और जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है। तिल का दूध, हड्डियों को मजबूत बनाकर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# समूचे राजनीतिक तंत्र को एकजुटता का संदेश देने की जरूरत



हृदयनारायण दीक्षित

**सदन की कार्यवाही पूरे सप्ताह बाधित हुई। सरकार की अपीलों पर भी ध्यान नहीं दिया गया। मणिपुर की चिंताजनक परिस्थितियों का राजनीतिकरण हुआ। कांग्रेस ने संसद जैसी पवित्र संस्था का भी इस्तेमाल अपने शक्ति प्रदर्शन के लिए ही किया है।**

**सरकार भी जनादेश से बनती है और विपक्ष भी। लेकिन कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। आदर्श राजनैतिक संस्कृति विकसित करने की जिम्मेदारी उसी की थी। लेकिन इसके बावजूद वह विपक्ष की मर्यादा का पालन नहीं करती। सीके जैन लोकसभा के महासचिव रहे हैं। जैन ने 'प्रिसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस' पुस्तक के विवरण में यूरोपीय विद्वान वाल्टर लिपिमैन को उद्धृत किया है।**

**मणिपुर** हिंसा पर विपक्ष का रवैया सकारात्मक नहीं है। सरकार की तरफ से विपक्ष को कई बार सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। बीते मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को पत्र भी लिखा। शाह ने आग्रह किया कि मणिपुर की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि, ब्रहम सबका कर्तव्य है। संसद से मणिपुर को संदेश दिए जाने की जरूरत है कि सभी राजनीतिक दल मणिपुर की समस्या के समाधान के लिए एक साथ हैं। विपक्ष ने इस अपील का भी तिरस्कार किया। शाह ने सदन में भी कहा कि नारेबाजी करने वाले सदस्यों की समस्या के समाधान में कोई रुचि नहीं है। शाह ने याद दिलाया कि जनता सबको देख रही है। लेकिन विपक्ष ने सत्ता पक्ष की किसी भी अपील की तरफ ध्यान नहीं दिया। मणिपुर की परिस्थिति चिंताजनक है। पूरा देश चिंतित है। यह घटनाओं की शुरुआत से ही ध्यान देने योग्य रही है। सदन में समस्या पर पहले ही दिन से गंभीर विमर्श की आवश्यकता थी लेकिन विपक्ष विशेषतया कांग्रेस ने इसकी उपेक्षा की। संसदीय परंपरा में विपक्ष का कर्तव्य महत्वपूर्ण होता है। ब्रिटिश संसदीय परिपाटी में विपक्ष को गवर्नमेंट इन वेटिंग कहा जाता है लेकिन कांग्रेस जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका के निर्वहन में असफल सिद्ध हुई है। दरअसल विपक्ष की भूमिका के निर्वहन में कांग्रेस अपने इतिहास में कभी भी प्रभावी नहीं रही। गैर जिम्मेदारी की बात 1969 से प्रारंभ होती है। तब कांग्रेस अपने ही अंतर्विरोधों से टूट गई थी। टूटे धड़े के नेता डॉ. राम सुभग सिंह 1969 से 1970 तक प्रतिपक्षी नेता रहे लेकिन विपक्ष की भूमिका शून्य रही। 1977 में कांग्रेस के नेता यशवंत राव चव्हाण विपक्षी नेता थे। तब भी कांग्रेस की प्रतिपक्षी भूमिका प्रभावी नहीं थी। जनता पार्टी की सरकार आंतरिक कलह में गिर गई। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को समर्थन दिया। कायदे से कांग्रेस चौधरी चरण सिंह की सरकार की समर्थक दल थी। लेकिन कांग्रेस ने विपक्ष के नेता का पद नहीं छोड़ा। 1989 में राजीव गाँधी नेता प्रतिपक्ष बने। कांग्रेस ने विपक्षी दल का दायित्व नहीं निभाया। उसने चंद्रशेखर को समर्थन दिया। समर्थक दल होने के बावजूद राजीव गाँधी ने नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं छोड़ा। लोकसभा अध्यक्ष ने भाजपा को प्रतिपक्ष माना। 1996 में जनता ने कांग्रेस को फिर से विपक्षी दायित्व सौंपा। कांग्रेस देवेगौड़ा की समर्थक बनी। फिर उसने गुजराल को समर्थन दिया। अटल सरकार के समय कारगिल घुसपैठ पर संसद में बहस हुई। कांग्रेस पाकिस्तान समर्थक मुद्रा में आई। इसी कांग्रेसी चरित्र का नतीजा है कि 2014 के जनादेश में जनता ने कांग्रेस सहित किसी भी दल को मुख्य विपक्ष के योग्य नहीं बनाया। संसद की कार्यवाही का असाधारण महत्व होता है। संविधान निर्माताओं ने संसद को अनेक दायित्व सौंपे हैं। विधि निर्माण और संविधान संशोधन के भी अधिकार संसद के पास हैं। संसदीय प्रणाली में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही महत्वपूर्ण होते हैं। दोनों को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। लोकसभा सचिवालय द्वारा 2011 में प्रकाशित 'संसदीय पद्धति और प्रक्रिया' पठनीय है। इसके प्रारंभ में पं. जवाहरलाल नेहरू का उद्धरण है, ब्रसंसदीय प्रणाली में न केवल सशक्त विरोधी पक्ष की आवश्यकता होती है, न केवल प्रभावोत्पादक ढंग से विचार व्यक्त करना जरूरी होता है बल्कि सरकार और विपक्ष के बीच सहयोग का आधार भी आवश्यक होता है। किसी एक विषय पर ही सहयोग काफी नहीं। बल्कि संसद के काम को बढ़ाने का आधार परस्पर सहयोग ही है। कांग्रेस पं. नेहरू के इस विचार को नहीं मानती। इसी पुस्तक में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का प्राक्कथन है, संसद में अनुशासनहीनता और अव्यवस्था से मर्यादा क्षीण होती है। नागरिकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। आवश्यक है कि संसद लोगों की नजरों में अपनी अधिकाधिक विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए व्यवस्थित ढंग से काम करे। लेकिन आज की कांग्रेस ऐसे महत्वपूर्ण वरिष्ठ नेताओं की बात पर भी ध्यान नहीं देती। संविधान के अनुसार सत्ता पक्ष संसद के सामने जवाबदेह है। जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष का कर्तव्य है। सरकार को जवाबदेह बनाने का काम सदन की सुचारू रूप से कार्यवाही द्वारा ही संभव है। चुनाव के समय आम जनता ही किसी दल या दल समूह को सरकार चलाने का अधिकार देती है। इसी तरह जनता ही किसी दल या समूह को विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपती है। उसे सरकार को जवाबदेह बनाने का दायित्व सौंपती है।

# सावन का चौथा सोमवार आज, अधिकमास में होने के कारण व्रत नहीं होंगे मान्य

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** सनातन धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है कि इस मास में शिव परिवार की विशेष पूजा अर्चना होती है। सावन में श्रद्धालु शिवालयों में दर्शन पूजन और रुद्राभिषेक, जलाभिषेक करते है। सावन महीना भगवान भोलेनाथ को बेहद प्रिय है। इस महीने के प्रत्येक सोमवार पर किए गए व्रत और पूजन से भक्त अपनी हर मनोकामनाओं को पूर्ण होती है। वहीं जो कुंवारी कन्याएं सावन महीने में सोमवार के दिन व्रत रखती हैं, उन्हें सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। इस बार सावन में 19 साल विशेष योग बनने रहा है। इस कारण सावन माह 59 दिनों का है, तथा 8 सोमवार पड़ रहे हैं। अब तक सावन के महीने के तीन सोमवार बीत चुके हैं और चौथा सोमवार आज है। सावन के चौथे सोमवार के दिन शिव वास नंदी पर है, लेकिन यह मुहूर्त सुबह जल्द समाप्त हो जाएगा।

शास्त्रों में सावन के महीने का विशेष महत्व बताया गया है। सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार के दिन विधि-विधान से पूजा पाठ करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों पर विशेष कृपा बनाए रखते हैं। 19 साल बाद विशेष योग बनने के कारण सावन का महीना 59 दिनों का है और इस महीने में आठ सोमवार भी पड़ रहे हैं। तीन सोमवार बीत चुके हैं अब चौथा सोमवार आज है सावन के चौथे सोमवार को शिव वास प्रातः काल 07:26 तक रहेगा। ऐसे में जिन लोगों को चौथे सोमवार के दिन रुद्राभिषेक करना है, वो भक्त सुबह 07:26 बजे से पहले रुद्राभिषेक कर सकते हैं, जिससे उन्हें इस मुहूर्त में भगवान शिव की पूजा का विशेष लाभ मिलेगा।



### सावन का चौथा सोमवार आज सबसे खास

इस मुहूर्त में किए उपायों से खुल जाएगी किस्मत, चमक उठेगा भाग्य 19 साल बाद विशेष योग बनने के कारण सावन का महीना 59 दिनों का है चौथा सोमवार आज सावन के चौथे सोमवार को शिव वास प्रातः काल 07:26 तक रहेगा। ऐसे में जिन लोगों को चौथे सोमवार के दिन रुद्राभिषेक करना है, वो भक्त सुबह 07:26 बजे से पहले रुद्राभिषेक कर सकते हैं।

### रवि योग में है सावन का चौथा सोमवार

इस बार सावन का चौथा सोमवार रवि योग में है। इस दिन रवि योग सुबह 05 बजकर 42 मिनट से लेकर शाम 06 बजकर 58 मिनट तक है। इसके अलावा विष्कम्भ योग सुबह से लेकर रात 11 बजकर 05 मिनट तक रहेगा। फिर प्रीति योग शुरू हो जाएगा। रवि और प्रीति योग को बहुत शुभ माना जाता हैं। चौथे सोमवार को है ये खास योग

### व्रत मान्य नहीं

अधिक मास में अने के कारण सावन के चौथे सोमवार को सोमवार का व्रत मान्य नहीं है। इस दिन शिव जी की पूजा की जा सकती है लेकिन व्रत रखने की बाध्यता नहीं है।

### शिव वास मुहूर्त में रुद्राभिषेक के लाभ

1. शिवलिंग पर जल से रुद्राभिषेक करने से धन-धान्य में वृद्धि होगी।
2. शिवलिंग पर दही से रुद्राभिषेक करने से प्रॉपर्टी या घर से जुड़े लाभ प्राप्त होंगे।
3. शिवलिंग पर शहद से रुद्राभिषेक करने से संतान सुख की प्राप्ति होगी और इसको अति उत्तम माना जाता है।
4. शिवलिंग पर घी से रुद्राभिषेक करने से यश, कीर्ति और सम्मान की प्राप्ति होगी।
5. शिवलिंग पर गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करने से शत्रुओं से मुक्ति मिलती है।
6. शिवलिंग पर दूध और शक्कर मिलाकर जो छात्र अभिषेक करते हैं, उनके ज्ञान में वृद्धि होती है और किसी भी परीक्षा में परिणाम उनके पक्ष में आता है।

## आवेश में कुछ भी बोल जाते हैं बेलरायां के चौकी प्रभारी

जन एक्सप्रेस। तिकुनिया/खीरी

नवागत चौकी इंचार्ज बेलरायां के बिगड़े बोल चाचा भतीजे के मकान को लेकर विवाद में भतीजे से बोला की जा चाइना की दीवार बना ले वह क्या फैसला है। थाना तिकुनिया के कड़िया निवासी एक परिवार चाचा व भतीजे ने चौकी बेलरायां में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी जिस पर चौकी इंचार्ज ने दोनो पक्षों को बुलाकर बेलरायां चौकी में चौपाल लगाकर दोनो पक्षो की बात सुनी सभी लोगो ने बताया कि हम सभी लोगो का बराबर का बटवारा हो गया है जिसपर किसी प्रकार का कोई ऐतराज नहीं है भतीजे का प्रधान मंत्री आवास आया था जिसको कमप्लिट करते हुए रोशन दान लगाया था जिस पर चाचा का विरोध था जिसको लेकर भतीजे ने कहा रोशन दान तो सर ऊपर है किसी प्रकार का तेज हवाएं पास कर सकती है मेरी चार इंच की दीवार है जिस।

पर चौकी इंचार्ज आग बबूला हो गए और बोले की जा चाइना की दीवार बना ले क्या यही न्याय है फिर पीड़ित को डरा-धमका कर सुलह लिखवा लिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बड़े सौहार्द के साथ मनाया गया मोहर्रम का पर्व

जन एक्सप्रेस/भीरा-खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम का पर्व मनाया गया। रविवार को गमगीन माहौल में ताजिए का जुलूस गाजे-बाजे के साथ गांव भानपुर से गांव शाहपुर होते हुए कर्बला पर पहुंचा जहां पर ताजिऐ सुपुर्द ए खाक किए गए। इस दौरान कर्बला पर मेला लगा हुआ था जहां पर दुकानें सुबह से ही लगनी शुरू हो गई थी खेल खिलौने, मिठाई, टिक्की बतासे आदि की दुकानें लगी थीं। मेले में पहुंचे लोगों ने जमकर मेले का लुत्फ उठाया और अकीदतमंदों ने दुआ सलामती के लिए मन्नतें मांगी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद दिखी और हर प्रकार की हलचल व संदिग्धो पर नजर बनाए रखी जिससे पर्व शांति पूर्ण व्यवस्था के साथ मनाया गया।



### भीरा पुलिस ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर कराया जलपान

जन एक्सप्रेस/भीरा-खीरी। पवित्र श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए माना गया है और यह भी माना गया है कि इस मास में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से प्रसन्न होकर शिव भक्तों पर खुश होकर मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं इस अवसर पर कावंडियों की सेवा करने के लिए भीरा पुलिस ने भीरा के मुख्य चौराहे पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर हलवा और जलपान कराया तथा ईश्वर से कामना की। इस शुभ अवसर पर भीरा थाना प्रभारी निराला तिवारी उप निरीक्षक विपिन सिंह कांस्टेबल संजय सिंह संजीव कुमार संजीव अमित महिला आरक्षी मनीषा वालिया महिला कांस्टेबल बबली माधुरी समेत 112 की पुलिस मौजूद रही।



### भीरा पुलिस ने बाइक चोर को धर दबोचा

जन एक्सप्रेस/भीरा-खीरी। भीरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।खीरी पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत भीरा पुलिस ने एक आरोपी को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। पूछताछ में अपना नाम काशीराम पुत्र विशंभर निवासी जौहरा थाना फूलबेहड़ का होना बताया। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस को काले रंग की प्लैटिना बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई प्रदीप कुमार,हेड कांस्टेबल रामू यादव, आरक्षी देवव्रत सिंह व सत्यम शर्मा शामिल रहे।जानकारी देते हुए भीरा थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि एसपी के निर्देशन पर लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोपी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।



### धान की फसल बचाने गए लोगों में जमकर चले लाठी डंडे

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद (सीतापुर)। धान की फसल बचाने के लिए कंटीले तारों को बांधने के लिए गाड़े गए डंडों को उखाड़ रहे दबंगों ने विरोध करने पर खेत मालिक व उसके एक अन्य साथी की जमकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां ले जाया गया। पुलिस ने केस दर्जकर मामले की जांच शुरू की। सदरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम कटुवापुर मजरे देवकलिया निवासी राम प्रकाश ने पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि उसने धान की फसल बचाने के लिए खेत में आसपास लकड़ी के डंडे गाड़कर कंटीले तार व रस्सी बांधी थी। शनिवार की शाम जब वह खेत देखने गया तो वहां गांव के ही मोनू, अखिलेश पुत्रगण रामचंद्र, पिंकू व रिंकू पुत्रगण श्रीराम लकड़ी के लगे डंडे उखाड़ रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर चारों युवकों ने मिलकर रामप्रकाश की लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाने आए तोताराम की भी चारों ने जमकर पिटाई की। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े जिसपर हमलावर मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बिसवां भेजा। थानाध्यक्ष अजय रावत ने बताया कि नामजद चारों आरोपितों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सांसद धौरहरा फिर बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद रेखा अरूण वर्मा को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा धौरहरा सांसद, सहप्रभारी उत्तराखंड रेखा अरुण वर्मा को भाजपा का पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने देर रात राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी की जिसमें लक्ष्मीकांत बाजपेई व सांसद धौरहरा रेखा अरुण वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। सांसद धौरहरा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सांसद राजेश वर्मा, सांसद अशोक रावत, केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, राज्यमंत्री राकेश राठौर, सुरेश राही, विधायक ज्ञान तिवारी, पवन सिंह एमएलसी, रामकृष्ण भार्गव, निर्मल वर्मा, शिवकुमार गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेताओ व जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी हैं।



## हल्की बारिश में चोक हुईं नालियां, सफाई कर्मी रहते गायब

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विकास खंड सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजापुर पिपरिया के मोहल्ला किशोर नगर कालोनी निकट शाँती धर्मार्थ अस्पताल के पास में पिछले कई महीनों से गांव में तैनात सफाई कर्मी नही आ रहा है। जिसके कारण मोहल्ले में सड़क के किनारे कूड़े का अंबार लगा हुआ है।

बरसात के बाद इससे ग्रामीणों को संक्रामक बीमारीयों के फैलने का खतरा उत्पन्न हो रहा है और गंदगी से नालियां तक चोक हो गई है जिससे नालियों का पानी सडक पर बह रहा है और नालियां चोक पड़ी है। नाली चोक होने के कारण नालियों का पानी लोगों के घरों के सामने भरता है और सड़क पर बह रहा है। भीषण गर्मी के कारण गंदगी के अंबार से बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। मच्छरों की तो भरमार लगी हुई है। गांव के मुख्य सडक के किनारे अस्पताल संचालित है जिसका कूड़ा भी डाला जा रहा है और ग्राम सभा के मोहल्ले वाली सड़क की नाली पर तो झाड़ियां उग गई हैं और जगह-जगह पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इससे आने-जाने वाले लोगो को निकलने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।



गांव के अंदर जाने वाले मार्ग पर नाली के उपर पत्थर न पड़े होने के कारण नाली टूटी हुई है और ऊपर से नाली चोक होने के कारण उसका बहाव मार्ग पर रहता है। इसके कारण जलभराव की समस्या बनी रहती है, जिसमें वाहन चालको को गिरने का भय बना रहता हैं। मोहल्ला निवासियो में कमलेश वर्मा, मुकेश, राजेश,समर, शिवदयाल, रामपाल, सरोज, अरूण अवस्थी, सुरेश संजय वर्मा आदि लोगों का कहना है कि नालियों के किनारे बडी बडी झाडियाँ उगी हुई है जिनमें जहरीले कीडे मकौडे साँप आदि अपना डेरा जमाये रहते है मोहल्ले में सफाई न होने के कारण गम्भीर बिमारियों के फैलने का खतरा बढ गया है वही शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं होती है और न ही सफाई कर्मी ही आते हैं लोगों का कहना है कि नालियों की दुर्गंध से जीना मुहाल हो चुका है।घरो मे जहरीले कीडे मकौडे निकल रहे है। ग्रामीणों ने शीघ्र सफाईकर्मियों को भेजकर सफाई कराए जाने की मांग की है। अभी कुछ दिन पहले क्षेत्र में मलेरिया बुखार की चपेट में आकर बच्चे बीमार भी हो चुके हैं वहीं कई लोग बुखार से पीड़ित बने हुए हैं।

## जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर फिर निकलवाया शव

जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)

करीब तीन सप्ताह पूर्व हुई संदिग्ध हालत में युवक की मौत के बाद दफनाई गई लाश को जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश रविवार की सुबह खुदवाया गया। तहसीलदार की निगरानी पर कब्र से दफन शव को निकलवार पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना व कस्बा सदरपुर निवासी एराज अहमद खान पुत्र लईक खान की छह जुलाई की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए बगैर कब्रिस्तान में शव को दफना दिया गया था। मौत की सूचना के बाद जब गाजियाबाद के थाना व कस्बा खोड़ा कालोनी निवासिनी बहन मायके पहुंची तो उन्हें शव नहीं देखने दिया गया। गृह सचिव और मुख्यमंत्री के साथ जिला मजिस्ट्रेट को भेजे गए शिकायती पत्र में मृतक की बहन वसीम बानों ने आरोप लगाया गया है कि मृतक की पत्नी तंजीम उर्फ मन्नी ने नाजायज संबंधों के चलते प्रेमी वकील पुत्र जलील व दामाद जनपद बाराबंकी के भटुवामऊ के साथ मिलकर मारपीट करते हुए गले में फंदा कसकर हत्या कर दी।



मृतक की बहन के मुताबिक घटना से पहले उसके भाई ने उसे बताया था कि उसकी पत्नी तंजीम के सदरपुर कस्बा निवासी वकील पुत्र जलील से नाजायज संबंध थे। आरोप है कि मृतक ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ घर में ही कई बाद आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। विरोध करने पर उसकी पत्नी ने उसको जान से मारने की धमकी भी दी थी। यह बात मृतक ने अपनी बहन को बताया भी था। मृतक की बहन ने प्रमुख सचिव गृह, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, जिलाधिकारी सीतापुर समेत जिला मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र देकर शव को खुदवाकर पोस्टमार्टम करवाए जाए की मांग की थी। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर रविवार को प्रभारी तहसीलदार महमूदाबाद सुखवीर की निगरानी में एसओ सदरपुर अजय रावत ने शव को कब्र से खुदवाकर बाहर निकलवाया ओर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिलाा मुख्यालय भेज दिया।

## कार्यस्थलों पर महिला शोषण की जांच को समिति होगी गठित

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। रविवार को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए परिवाद समिति का गठन किया जाएगा। इसके आदेश महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रशासन को प्राप्त हुए हैं। अधिनियम के तहत 2013 की धारा चार के अनुपालन में जनपद के ऐसे प्रत्येक शासकीय अर्द्धशासकीय एवं अशासकीय एवं (निजी) विभाग, संगठन, उपक्रम स्थापना, उद्यम, संस्था, शाखा अथवा यूनिट में जहां कर्मियों की संख्या 10 से अधिक है। ऐसे सभी कार्यालयों की जांच नियोजकों द्वारा कार्यस्थल लैंगिक उत्पीड़न सम्बंधी शिकायतों की जांच के लिए आन्तरिक परिवाद समिति का गठन किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि व्यथित महिला कार्यस्थल पर हुए लैंगिक उत्पीड़न से सम्बंधित शिकायत उस कार्य स्थल के लिए गठित आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकती है। समिति का गठन उस कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर पर नियोजित महिला की अध्यक्षता में होगा। जिसमें से दो सदस्य सम्बंधित कार्यालय से एवं एक सदस्य गैर सरकारी संगठन से नियोजक द्वारा नामित किये जाएंगे। समिति की कुल सदस्यों में से आधी सदस्य महिलाएं होगीं। इसके अतिरिक्त ऐसे कार्य स्थल जहां कार्मिकों की संख्या 10 से कम है, वहां की व्यथित महिला द्वारा इस प्रकार के लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत जनपद में डीएम द्वारा गठित स्थानीय समिति में दर्ज करायी जा सकती है। यदि कोई नियोजक अपने कार्यस्थल में नियमानुसार आंतरिक समिति गठन न किये जाने की पर सिद्ध दोष ठहराया जाता है, तो नियोजक पर रुपये 50,000 तक का अर्थदण्ड अधिरोपित किये जानेका प्राविधान है।

## बढ़ रहे नशे के करोबार से युवाओं की जिंदगी के साथ परिवार हो रहे बर्बाद

### जेल चौकी क्षेत्र के मोहल्ला हिदायद नगर में इसमें एक चरस चिप्पड़ बेचने वाला गिरोह सक्रिय पुलिस बनी मूर्ख दर्शक

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** नशे के चंगुल में फंस कर किस तरह युवा बर्बादी के कगार पर पहुंच रहे हैं। इन दिनों कुछ ऐसा ही शहर के मोहल्ला हिदायत नगर में युवाओं में देखने को मिल रहा है।और मोहल्ले की युवा पीढ़ी में तेजी से नशे की लत फैल रही है।बताते चलें जवान हो रही पीढ़ी (12 से 20 साल) में नशे की लत तेजी से फैल रही है। यह नशा शराब या सिगरेट का नहीं है, बल्कि चिप्पड़ का है। इस तरह का नशा करने की वजह से युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। वहीं इस नशे के आदि होने के बाद से क्षेत्र में क्राइम भी बढ़ते जा रहे है। एक मोहल्ला हिदायत नगर ही नहीं पूरे शहर में युवा पीढ़ी द्वारा नशे के ज्यादा आदि हो जाने के बाद से क्षेत्र में चोरी, लूटपाट, मारपीट जैसी घटना लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं अब शहर में चंद रुपयों के कारण युवाओं लूट करते नजर रहे है। बताते चलें इसका सबसे बड़ा असर सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिदायत नगर में चरस गांजा स्मैक का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिसको लेकर वार्ड मेंबर शमशुल हसन काफी चिंतित हैं जिसको लेकर लगातार वह लोगों को जागरूक कर रहे हैं उन्होंने कोतवाली प्रभारी से सभासद समसुल हसन ने निवेदन करते हुए यह कहा है कि हमारे मोहल्ले के नौनिहाल बच्चों को बचा लीजिए वरना इस नशे से इनका भविष्य मिट जाएगा। इन पर रोकथाम के लिए इन नशा बेचने वालों को दंडित कर कानूनी कार्रवाई करें ताकि हमारे मोहल्ले के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके हम आपके आभारी रहेंगे जिसमें सभासद का दर्द साफ झलक रहा है लेकिन जेल चौकी कि पुलिस इस ओर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है अगर पुलिस की सख्ती हो तो इस तरीके के कारोबारी किसी भी क्षेत्र में सक्रिय नहीं हो सकते अगर यह कहा जाए कि इस तरह का कारोबार पुलिस की शह पर हो रहा है तो गलत नहीं होगा क्योंकि बिना पुलिस के शह पर कोई भी अवैध कारोबार फल-फूल नहीं सकता क्योंकि नशा खोर नशा के व्यापारी पुलिस से सेटिंग करके अपनी दुकान चला रहे हैं और पुलिस को भी समय-समय पर सुविधा शुल्क देकर युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।



## अमीर नगर ताजियों के मेले में चिकित्सा शिविर आयोजित



जन एक्सप्रेस। सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर मरहूम डॉक्टर वली मोहम्मद निवासी ग्राम करौंदा की याद में मेडिकल कैंप का आयोजन अमीर नगर के मेले में किया गया जिसमें करौंदा निवासी डॉ अफरोज अयान खान जनरल फिजिशियन अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ की समस्त टीम के द्वारा तकरीबन 200 से अधिक मरीजों को देखा गया शिविर के दौरान डॉक्टर आमिर हुसैन, डॉक्टर फरहान खान, डॉक्टर मोहम्मद ताहिर, डॉक्टर मोहम्मद अमान, डॉक्टर अतीक खान, डॉक्टर मुजम्मिल खान, साकिब खान, डॉक्टर जफर बैग, डॉक्टर सहीम खान, डॉक्टर रहीम खान व मोहम्मद अजीम खान के साथ-साथ अन्य स्टाफ मौजूद रहा वही इस पूरे कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने वाले मोहम्मद अहसान खान उर्फ चाँदमियाँ एडवोकेट पूर्व महामंत्री बार एसोसिएशन मोहम्मदी तथा जावेद खान पत्रकार करौंदा व मोहम्मद उस्मान खान सुपरवाइजर उपस्थिति रहे।

## भविष्य निधि पेंशन आपके द्वार कार्यक्रम में उठा दो वर्ष की अंतर धनराशि का मुद्दा

जन एक्सप्रेस। असलम अंसारी

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार लखीमपुर मे आयोजित पेंशन आपके द्वार कार्यक्रम में राष्ट्रीय संघर्ष समिति के उत्तर प्रदेश (मध्य क्षेत्र)के कॉर्डिनेटर शमशुल हसन एवम उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवम आवश्यक वस्तु निगम के सेवा निवृत विनोद कुमार गुप्ता के साथ प्रतिभाग किया और लखनऊ से भविष्य निधि कार्यालय से आए अधिकारयों के समक्ष उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवम आवश्यक वस्तु निगम के उन कर्मचारियों की विपदा बताई।

जिन्हें विभाग ने 60 वर्ष की आयु में सेवा निवृत किया और साठ वर्ष तक इनके वेतन से पेंशन की मद में कटौती भी की गई, परंतु भविष्य निधि विभाग द्वारा इन कर्मचारियों को अठावन वर्ष की गड़ना से ही पेंशन का भुगतान किया गया और दो वर्ष की पेंशन की मद में काटी गई। अधिक/अंतर की धनराशि अभी भी भविष्य निधि कार्यालयों में जमा है। इस संबंध में श्री सिद्दीकी द्वारा मीडिया को यह भी बताया गया की निगम मुख्यालय द्वारा 227 कर्मचारियों की एक सूची डिटेल सहित भविष्य निधि कार्यालय गोमती नगर लखनऊ को भेजी गई थी,जिसमे से लगभग30 कर्मचारियों की अंतर धनराशि का भुगतान इनके बैंक खातों में भेजा जा चुका है। इस अवसर पर श्री सिद्दीकी द्वारा बाकी के कर्मचारियों की धनराशि की वापसी भविष्य निधि कार्यालय द्वारा न किए जाने पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए शीघ्र अंतर धनराशि की वापसी की मांग की गई।

### लड़की से छेड़छाड़ करने वाला युवक अब तक गिरफ्तार नहीं

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अमीर नगर के ताजियों का मेला देखने आए गैर जनपद के युवक और उसके साथी ने मौका पाकर किशोरी को अकेला देख कर घर में घुस पड़े और उससे छेड़छाड़ करते हुए जबरन पकड़ कर ले जाने के प्रयास करने करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के चीख-पुकार मचाने पर आरोपी भाग निकले। सूचना पर पहुंचे पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे बीत जाने बाद भी केस दर्ज नहीं किया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

### पीएम को बताया सामाजिक प्रणेता, बूथ संख्या 370 पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

बीसीएम मार्ग नगर खैराबाद क्षेत्र में स्थित गेस्ट हाउस कर्बला पुरवा बूथ संख्या 370 पर भाजपा नेता अभिषेक गुप्ता प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद बेबी अभिषेक गुप्ता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात समाप्त होने के बाद उपस्थित लोगो का सममूह एक नुक्कड़ सभा में परिवर्तित हो गई।

मन की बात सुनने के बाद उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के साथ ही साथ एक सामाजिक सरोकार रखने वाला बताया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के दौरान कहे गए 15 अगस्त आजादी के इस महान पर्व पर 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के तहत जिक्र किया। पिछली बार की तरह इस बार भी नगर में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की बात कही. इसके साथ ही जी नशा मुक्ति सहित कई अन्य प्रकार की समाज के हित में बात करने की बात कही। इस अवसर पर गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, सभासद शकील खान, तुर्क पट्टी सभासद रफी, दिलीप जोशी, अंशु मिश्रा, बच्चन मिश्रा, संदीप मिश्रा, शुभम गुप्ता संदीप गुप्ता, सभासद आलोक बाजपेई सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

बता दें कि ये मन की बात कार्यक्रम का 103वां एपिसोड है, जबकि बीती 18 जून को मन की बात का 102वां एपिसोड टेलीकास्ट किया गया था। वहीं इस खास कार्यक्रम का शतक एपिसोड यानि 100वां एपिसोड इसी साल अप्रैल के महीने में टेलीकास्ट हुआ था।

# ईसाइयत हिंदुओं को धर्मान्तरण के मकड़ जाल में फंसाने के लिये लगातार प्रयासरत : कन्हैया लाल नगीना

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**

विश्व भर में बिखरे हुए हिन्दुओं को संगठित करने के लिये विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई। दुनिया में बिखरे हुए हिंदुओं मे राष्ट्रीयता व भारतीय धर्मधारा जाग्रत करना है। ईसाईयत हिंदुओं को धर्मान्तरण के मकड़ जाल मे फसाने के लिये लगातार प्रयासरत है। उक्त बातें अवध प्रांत अध्यक्ष कन्हैया लाल नगीना ने जिला कोऑपरेटिव बैंक के चंद्रमौली हाल में आयोजित विहिप जिला योजना बैठक मे कही।

विहिप के सत्संग, साप्ताहिक मिलन, संस्कार शाला बलोउपासना व समरसता का कार्य गांव स्तर तक बहुत जरूरी है। विहिप अवध प्रांत मंत्री देवेंद्र ने संगठन विस्तार व आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुये कहा कि बजरंग दल 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस पूरी उत्साह के साथ मनाएगा। 3 से 13 सितंबर तक विहिप का स्थापना



दिवस ग्राम समितियों तक व्यापक रूप मनाया जायेगा। गोपाष्टमी व दुर्गाष्टमी के भी आयोजन होगे। जिले में जगह-जगह विहिप के स्थापना दिवस के कार्यक्रम होंगे। साथ ही गोपाष्टमी व दुर्गाष्टमी के भी आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए प्रखंड वार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। लगभग डेढ़ सौ स्थानों पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम होंगे। इस दौरान प्रांत मंत्री देवेंद्र ने बताया कि 30 सितम्बर से 11अक्टूबर तक बजरंग दल शौर्य यात्रा निकालेगा प्रांत के 25 जिलो का भ्रमण करते हुए यात्रा 9 अक्टूबर को बाराबंकी पहुंचेगी जिले मे आने वाली यात्रा के लिये वृहद स्तर पर योजना बनाने की बात कार्यकर्ताओं से कही। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश व संचालन जिला मंत्री राहुल कुमार ने किया। इस मौके पर अवध प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख अखिलेश प्रताप, मातृशक्ति प्रांत सेवा प्रमुख ममता, प्रांत मातृशक्ति सत्संग प्रमुख रेनू, विभाग मंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद, विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिला कार्याध्यक्ष दयाशंकर, जिला उपाध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश, जिला संयोजक अखंड प्रताप मधुलिका वर्मा, सुषमा शर्मा, शानू शुक्ला तुलसीराम सहित जिला कार्यकारिणी सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देशों का नहीं दिखा असर, दुकानदारों ने नहीं रखे डस्टबिन

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**



लोधेश्वर महादेवा में चल रहे सावन के मेले में जिलाधिकारी के निर्देशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। पूर्व में यहां एसपी दिनेश कुमार सिंह के साथ निरिक्षण करने आए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने मंदिर परिसर में लगी दुकानों के सामने डस्टबिन रखने सहित चिकनी फर्श पर मैट बिछाने के निर्देश दिए थे। लेकिन सावन माह के तीन सोमवार बीत जाने के बाद भी मंदिर प्रशासन व दुकानदारों ने जिलाधिकारी के निर्देशों पर कोई पालन नहीं किया है। जिससे मंदिर परिसर में कोने कोने पर फूल पत्ती की गंदगी फैली हुई है। बता दें कि जनपद के सुप्रसिद्ध तीर्थ लोधेश्वर महादेवा में चल रहे सावन के चतुर्थ व पुरुषोत्तम मास के द्वितीय सोमवार पर जल चढ़ाने का क्रम एक दिन पूर्व रविवार से ही शुरू हो गया। यहां हजारों की संख्या में शिव भक्त बम बम, हर-हर के नारे लगाते व परिक्रमा करते लोग मंदिर पहुंच रहे है। सोमवार को यहां तीन लाख से अधिक भक्तों का पहुंचने का अनुमान है।

# मालवाहक गाड़ियां ढो रहीं सवारियां

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**



जिले में परिवहन व्यवस्था के नाम पर मजदूरों और गरीबों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। क्षेत्र में मालवाहक वाहनों का सवारी वाहनों के रूप में खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। अतिरिक्त कमाई के लालच में पिकअप और छोटा हाथी जैसे मालवाहक वाहनों पर चालक यात्रियों को बैठाकर यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे है। मालवाहक और डग्गामार वाहन ओवरलोड सवारियों को लादकर बेखौफ फर्राटा भर रहे है। चंद रुपयों की खातिर परिवहन विभाग और पुलिस की सांठगांठ से अवैध वाहन सड़कों पर दौड़ रहे है। दुर्घटना होने के बाद पुलिस सहित परिवहन अधिकारी लीपापोती में जुट जाते है। वहीं उच्च अधिकारी जांच का हवाला देकर जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेते है। शहर के पलहरी चौराहे से लेकर नाका चौराहे तक के आसपास के इलाके से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मजदूर जाते है। पैसा और पर्याप्त यातायात सुविधा न होने के चलते उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। यहां सुबह और शाम के नजारे को देखकर लोगों के होश खड़े हो जाते है। जब लोग मालवाहक गाड़ियों पर लटके हुए नजर आते है। बीते एक महीने से जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा था। इसके बावजूद भी पुलिस व परिवहन विभाग की सतर्कता नहीं देखी गई। जिले में चालान की खबरें लगातार सुर्खियां बटोर रही है। मगर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में नियमों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही है। मजे की बात यह है कि सड़क पर यात्रा के पर्याप्त साधन न मिलने के कारण यात्री छोटा हाथी व पीकप वाहन पर यात्रा करने को विवश है।

# कलाम प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल होंगे एक हजार से अधिक परीक्षार्थी

**जन एक्सप्रेस | बाराबंकी**



कड़ी मेहनत और ईमानदारी से आप बड़ी से बड़ी सफलता पा सकते है। ऐसी प्रतिभाओं की पहचान कर राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ना डॉ कलाम प्रतिभा खोज परीक्षा का उद्देश्य है। इस बार जनपद में चौथी बार आयोजित हो रही इस परीक्षा में एक हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे।

उक्त बातें इंडियन स्टूडेंट पावर के संरक्षक समाजसेवी पंकज गुप्ता पंकी ने शहर के विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया की इंडियन स्टूडेंट पावर बस सृजन सेतु के संयुक्त तत्वाधान में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस बार परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए सीजन 2 भी लॉन्च किया जा रहा है।जिसमें परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को विभिन्न तरह के निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इस बार परीक्षा हेतु पंजीकरण ऑनलाइन या ऑफलाइन 1 अगस्त से 31 अगस्त किया जाएगा। इस मौके पर सम्मान इंडियन स्टूडेंट पावर के अध्यक्ष सिद्धार्थ कनौजिया ने बताया कि परीक्षा के लिए 3 वर्ग बनाए गए है। तीनों वर्गों में प्रथम स्थान पाने वालों को साइकिल, द्वितीय स्थान पाने वालों को कुर्सी मेज स्कूल बैग व तृतीय स्थान पाने वाले को कुर्सी मेज व अन्य विजेताओं को स्टडी टेबल, स्कूल बैग, टिफ़िन, दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही तीनों वर्गों के करीब 300 परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जनपद के छात्र-छात्राओं की सुविधा को देखते हुए प्रयास किया जा रहा है कि परीक्षा के सभी केंद्र शहर के विद्यालयों को बनाया जाए। परीक्षा नियंत्रक पंकज वर्मा कंवल ने बताया कि डॉ कलाम प्रतिभा खोज परीक्षा के चतुर्थ आयोजन में टैलेंट सर्च एग्जाम की वेबसाइट पर छात्र ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे। इस मौके पर परीक्षा संयोजक आशीष सिंह आनंद, परीक्षा व्यवस्थापक राघवेंद्र सुमन, परीक्षा प्रभारी इंजीनियर दिलीप कुमार, रविंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य कर, किया वृक्षारोपण



**जन एक्सप्रेस | कालपी**

बजरंग दल पार्टी के कार्यकर्ताओं के तत्वधान में स्थानीय नगर के अलग-अलग सार्वजनिक तथा धार्मिक स्थानों में सेवा कार्य करके वृक्षारोपण किया गया तथा धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया।

रविवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर के कई मंदिरों में सेवा कार्य किए गए जिसमे वनेश्वर मंदिर राजघाट कालपी में 21 वृक्षों की पौध को रोप कर वृक्षा रोपण किया गया। इस मौके मे प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, बजरंग दल नगर संयोजक हर्ष विश्नोई, आदित्य पंडित, निखिल पंडित, आनंद प्रजापति, शिवम प्रजापति, किशन, बेटू ठाकुर, अंकित पाटकर, दीपू निषाद, जय कोस्टा प्रमुख रूप से शामिल रहे। विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि सभी लोग धरती को हरा-भरा करने के लिए संकल्प ले तथा वृक्षों की रखवाली संतानों की तरह से करें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### यमुना नदी का जल स्तर बढ़कर 100.03 मीटर पहुंचकर हुआ स्थिर

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** रविवार को यमुना नदी का कालपी में जलस्तर दोपहर को स्थिर हो गया है रविवार की दोपहर जलस्तर 100.03 मीटर पर पहुच कर स्थिर हो गया है। केंद्रीय जल आयोग कालपी केंद्र के प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि शनिवार को जलस्तर 99.85 मीटर पर था लेकिन रविवार को सुवह 8 बजे जलस्तर 100.02 मीटर पर पहुंच गया था। लेकिन दोपहर 2 बजे कालपी मे जलस्तर 100.03 मीटर पर हो गया। इस प्रकार मात्र 1-2 सेमी की मामूली तरीके से वृद्धि हो कर स्थिरता हो गई है। कालपी मे खतरे का निशान 108 मीटर पर दर्ज हैं। विभागीय सूत्रों ने उम्मीद जताई है कि रविवार को जल स्तर स्थिर रहेगा। बताते हैं कि यमुना नदी का जलस्तर बारिश की वजह से मामूली तरीके से वृद्धि हुई है। लेकिन रविवार को जलस्तर में किस प्रकार जाने की वजह से तटवर्ती ग्रामों में रहने वाले लोगों तथा प्रशासन के द्वारा राहत महसूस की गई है।

### आकाशीय बिजली गिरने से नुक़सान

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** बीती शाम को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कालपी नगर के दो घरों में बिजली के उपकरण खराब हो गए हैं। जिसमें गृह स्वामियों को भारी नुकसान हुआ है। समाज कल्याण की सरकारी कॉलोनी में भी आकाशीय बिजली गिर गई। फलस्वरूप कॉलोनी में रहने वाले पावर लूम संचालक विजय कुमार कोष्टा तथा उसके पड़ोसी की कालौनी मे आकाशीय बिजली की चपेट में आकर इनवर्टर, पंखे, कूलर तथा बिजली के उपकरण फुक गए। ज्ञात हो कि काशीखेड़ा में भी आकाशीय बिजली गिर जाने की वजह से खेतों में काम कर रहे हैं। 2 मजदूर घायल हो गए थे। जिन्हें सरकारी अस्पताल कालपी में भर्ती कराया गया है।

### चेकिंग अभियान चलाकर 214 वाहनों का काटा चालन

**जन एक्सप्रेस/उरई।** पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा के निर्देशन में यातायात पुलिस ने जिले के शहर समेत सभी नगर व कस्बों में अलग-अलग चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें वाहनों को रोककर उनके कागजात न पूरे पाए जाने और हेलमेट व सीट बेल्ट और तीन सवारी बिठाए जाने के चलते 2 सैकड़ा से अधिक वाहनों का चालान किया। जिसके चलते वाहन चालकों व मालिकों में हड़कंप मचा रहा और यहां वहां गलियों से भागते नजर आए। पुलिस की इस कार्यवाही से बिना कागजात के चल रहे वाहन चालकों में दहशत दिखाई दी। यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने के लिए अभियान चलाकर शहर उरई, कस्बा कालपी, जालौन, कोंच में वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बाईक पर तीन सवारी, बिना नम्बर प्लेट, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग आदि पर विशेष ध्यान दिया गया। वही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 214 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही आमजनमानस समेत वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

### सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय जाहर सिंह ने रविवार को थाना एट पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही के ट्रक चलाते हुए पीड़ित के भतीजे सचिन यादव पुत्र अरविन्द यादव उर्फ पल्लू की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और पीड़ित का भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** रामपुरा थाना क्षेत्र में आईटी आई कॉलेज के समीप अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामपुरा थाना क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज के समीप सड़क किनारे अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ का शव महीने से हड़कंप मच गया। घटना की खबर खेलते हैं वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं मौजूद लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर इसकी पहचान करानी शुरू कर दी। वहीं सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और नमूने लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। लेकिन पुलिस के खड़े प्रयासों के बाद भी देर शाम समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। फिलहाल पुलिस द्वारा शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया और उसकी पहचान कराने की कवायद की जा रही है।

### न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की

**जन एक्सप्रेस/कुठौंद।** लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा गांव पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई। कुर्क किए गए सामान को पुलिस ने ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया है। कुठौद थाना क्षेत्र के ग्राम बिलोहा निवासी सरमन पुत्र शिवमंगल गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार चल रहा था। बताया गया कि पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कई बार प्रयास किया लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा। बताया गया कि पुलिस के हाथ में लगने से आरोपी के विरुद्ध 82,83 की कार्रवाई की गई। जिस पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश अनुसार पुलिस द्वारा रविवार को उसके घर कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 7 बोरी भूसा, एक दरवाजा सहित अन्य सामान मिलाकर करीब 35 हजार रूपा कमालपुर की किया। पुलिस के काफी प्रयासों के बाद भी मोटर वाहन ना मिलने के कारण चौकी इंचार्ज अनिल कुमार यादव कांस्टेबल समीर व मोहित ने कुर्क किए गए सारे सामान को ग्राम प्रधान रवि सिंह के सुपुर्द कर दिया है।

## संदिग्धावस्था में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस/कोंच।** नहर विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदोई गुर्जर निवासी मेघराज 41 वर्ष नहर विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। जिसकी ड्यूटी जिला झांसी से समथर थाना क्षेत्र के लोहारी में लगी हुई थी। जहां से शनिवार देर शाम को वह ड्यूटी कर बाइक से कोंच वापस अपने ऑफिस पहुंचा रहा था। इस दौरान जब वह कोंच नहर के पास पहुंचा, तभी संदिग्ध हालात में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे मृतक के पुत्र मोहन सिंह ने बताया कि उसके पिता ड्यूटी करके लौट रहे थे। रास्ते में अचानक तबीयत खराब हुई और उनकी मौत हो गई।

## दंपति को सांप ने काटा, इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोटरा थाना क्षेत्र के बरसार गांव निवासी मलखान कुशवाहा 25 वर्ष फिलहाल उरई के मवाई रोड पर परिवार के साथ रहता है। जिसके चलते मलखान व उसकी पत्नी मालती 22 वर्ष ने रात को खाना खाया फिर साथ कमरे में पलंग पर सो गए जगह अलसुबह करीब 4 बजे एक सांप पलंग पर चढ़ आया। पहले उसने मालती के पैर में काट लिया। इसके बाद उसने मलखान भी भी पैर में काटा तो लात से सांप को नीचे गिरा दिया। काले रंग के सांप पर सफेद घरियां थी। सांप के काटने के बाद दोनों चीखने चिल्लाने लगे तो परिजन आ गए। उनको तुरंत मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पत्नी की हालत नाजुक थी। तब डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान रविवार को मालती की मौत हो गई। शादी को 2 साल भी नहीं हुए। परिजनों ने बताया कि मलखान कुशवाहा और मालती की शादी फरवरी 2022 में हुई थी।

# कांग्रेस का बूथ सबसे मजबूत के तहत शुरू हुआ जागरूकता मिशन

**जन एक्सप्रेस | मसौली-बाराबंकी**




बूथ के मजबूत संगठन से ही चुनावी समर जीता जा सकता है। आवाम को यह समझाने की जरूरत है, कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है करती हैं। भाजपा सिर्फ लुभावने सपने दिखाकर वोट लेती है और आपके साथ विश्वासघात करती है। देश तथा प्रदेश की भाजपा की सरकार किसान विरोधी है। इनके राज में बेटियां सुरक्षित नही हैं, नौजवान डिग्री लेकर सड़क पर घूम रहा है। मोदी और योगी की सरकार ने आपको धोखा दिया है। आपके विश्वास को तोड़ा है। इन्हें 2024 के चुनाव में हराना है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अवध प्रान्त के अध्यक्ष नकुल दुबे ने रविवार को कांग्रेस का बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के दौरान कही।

असल में नकुल दुबे जिले के विकास खण्ड देवां की न्याय पंचायत टिकरिया के बूथ जबरीखुर्द में पूर्व सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया, मध्यजोन के कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन के साथ बूथ की स्थानीय समीक्षा कर रहे थे। जिसके बाद पूर्व सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन के साथ विकास खण्ड मसौली के पल्हरी बूथ पर गहन समीक्षा की तथा पूर्व मंत्री प्रदेश अध्यक्ष नकुल दुबे ने तनुज पुनिया के साथ विकास खण्ड निन्दूरा के अनवारी, मुनीमपुर, रींवासींवा, डफरपुर, हसुवापारा, बजगहनी, बूथ समीक्षा की। कांग्रेस का बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में प्रथम दिन अमरनाथ मिश्रा, मो. इजहार सिद्दीकी, ज्ञानेश शुक्ला शिव बहादुर वर्मा, मो. शफी आजाद, रामानुज यादव सहित सैकड़ो की संख्या में संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामलों में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस | उरई**



पुलिस ने मारपीट के तीन मामले दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की। जानकारी के मुताबिक डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुहाना निवासी बृजेश कुमार पुत्र मातादीन ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही सुखनंदन पुत्र मंसूरी समेत चार लोगों ने उसको व उसकी माता जी के साथ मारपीट की और गाली गलौज की। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी उनको जान से मारने की धमकी देने लगे। वही दूसरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आनंद स्वरूप निगम के मकान तुलसी नगर उरई का है। पीड़ित श्री प्रकाश राव पुत्र रामेश्वर निवासी नियामतपुर थाना सिरसा कलार मकान में रह रहे थे। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि श्यामकरन पुत्र गोविंद जी निवासी मोहल्ला तुलसी नगर ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। वही तीसरा मामला रामपुरा थाना के बाबूपुरा निबासी वादी महिला सुहानी पत्नी पवन पांडे ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति पवन पांडे समेत पांच लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने सभी तीनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हाइवे पर शराब दुकानों के आवंटन की होगी जांच

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** नेशनल हाइवे पर जिले के भाजपा कार्यालय के नजदीक पल्हरी बाई पास के निकट खुली अंग्रेजी शराब व बियर की दुकानों के सम्बंध में मिल रही शिकायतों को लेकर जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने दुकान आवंटन को लेकर जांच बैठा दी है। जानकारी के मुताबिक नगर निगम ,नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत क्षेत्र में शराब की दुकानों को नेशनल हाइसे के पास खोलने के नियम है। जिसके चलते यह दुकान खुली है लेकिन फिर भी इस संबंध में दोबारा जांच करवाने के निर्देश दिए गए है द्य शराब की दुकान नेशनल हाईवे के पास होने के चलते हर वक्त सड़क दुर्घटना होने की असंका बनी रहती है। जिसको लेकर कुछ स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत आबकारी विभाग से की थी।

# आई फ्लू की चपेट मे आने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी

**जन एक्सप्रेस | कालपी**



नगर में नेत्र फ्लू की बीमारी से ग्रसित लोगों तादाद दिनोंदिन बढ़ती चली जा रही है। हजारों लोग आई फ्लू की चपेट में आ चुके हैं। डॉक्टरों के द्वारा दवाइयां वितरण के साथ-साथ नागरिकों को सचेत रहने के लिए जागरूक किया है। 15 दिनों से आई फ्लू बीमारी की शुरुआत हुई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विशाल सचान ने बताया कि इस बीमारी से रोगियों की आंखों में सफेद आंख का रंग गुलाबी बदल जाता है। आंखों में दर्द होने लगता है, आंखों में खुजली होने लगती है, उन्होंने बताया कि आई फ्लू से बचने के लिए बार-बार साबुन तथा आँख को साफ पानी से साफ करें। आपना चेहरा और आँख को साफ रखने के लिए टिशू पेपर या साफ कपड़े का प्रयोग करे ठक चश्मे को भलीभांति साफ रखे। पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करे व अपनी आँखों को बार बार मत छुए, सूरज की धूप तथा मिट्टी से दूर रहें। उन्होंने बताया कि आंखों की बीमारी होने पर चिकित्सक से सलाह अवश्य लें।

चिकित्साधिकारी के मुताबिक पिछले सप्ताह के दौरान करीब 600 आई फ्लू के मरीज अस्पताल में इलाज करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। रोग से बचने के लिए जागरूकता की जरूरत है।

# शहर के एक होटल में बैठक करते नौ संदिग्ध गिरफ्तार

## एसडीपीआई से संबंध होने का अंदेशा, पुलिस कर रही पूछताछ

जन एक्सप्रेस | अशोक उपाध्याय




**बहराइच।** दसवीं मोहर्रम के दूसरे दिन शहर के नाजिरपुरा मोहल्ला स्थित रोडवेज बस स्टेशन मार्ग पर एक होटल से 9 संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कई लोग होटल के कमरे में बैठकर रहे थे। गोपनीय सूचना पर पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है। पुलिस ने लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया है। पूछताछ में पकड़े गए लोगों का संबंध प्रतिबंधित पीएफआई के सहयोगी संगठन एसडीपीआई से होना बताया जा रहा है। थाना कोतवाली नगर पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि शहर के होटल शेहरान में कुछ संदिग्ध लोग बैठक कर रहे हैं। जिस पर पुलिस वालों ने छापा मारकर होटल को चारों तरफ से घेर लिया। इस पर बैठक में शामिल कुछ लोग तितर-बितर हो गए। पुलिस ने बैठक में शामिल 9 संदिग्ध लोगों को हिरासत में ले लिया है। बताते हैं कि इस होटल में पहले भी संदिग्ध लोगों के ठहरने की सूचना पुलिस को मिली है और उस पर पुलिस ने होटल की निगरानी बढ़ा दी थी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह के अनुसार पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार लोगों के नाम का खुलासा करने से पुलिस ने इंकार किया है। फिलहाल ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध लोगों का संबंध पीएफआई के सहयोगी संगठन एसडीपीआई से है। पूछताछ समाप्त होने के बाद ही पुलिस किसी नतीजे तक पहुंच पाएगी। वैसे भी पूर्व में बहराइच सिमी और फिर पीएफआई के गढ़ के रूप में जाना जाता है। स्टूडेंट इस्लामिक मोमेंट ऑफ इंडिया के साथ पीएफआई के सदस्यों की बहराइच में सक्रिय भूमिका रही है। अब एसडीपीआई नामक संगठन ने बहराइच में अपनी जड़ें मजबूत करना शुरू कर दिया है जिसको लेकर खुफिया एजेंसियां भी सकते में हैं। फिलहाल हिरासत में लिए गए लोगों से पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है इसके बाद ही इस बात का खुलासा होगा कि होटल में बैठक करने को लेकर एसडीपीआई के सदस्यों का मंसूबा क्या था। फिलहाल अधिकारी भी अभी कुछ कहने से परहेज कर रहे हैं।

### उधार रुपए समय से चुकता नहीं किए तो दबंगों ने युवक को पेड़ से बांधकर पीटा

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** उधार लिए गए रुपए समय पर नहीं लौटाया तो उसे तालिबानी सजा दी गई। उसे पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे बंधन से मुक्त कराया और आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने का भरोसा दिलाया है। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जानीजोत निवासी सकटू पुत्र बुध सागर ने गांव निवासी विजय राज से उधार रूपये लिया था। समय पूरा होने के बाद भी सकटू ने रूपये वापस नहीं किया। शनिवार शाम को युवक विजय राज के घर की ओर चला गया। इस पर विजयराज ने उससे बकाया रूपए की मांग की। युवक ने रूपये न होने की स्थिति में रुपए देने में असमर्थता जताई। इस पर आरोपी विजय राज नाराज हो गए। उन्होंने अपने भाई विपिन के साथ मिलकर सकटू को द्वार पर लगे पेड़ से रस्सी द्वारा बांध दिया। इसके बाद उसकी पिटाई की। गांव के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को गांव भेजा गया। वहां पर युवक बंधा मिला। जिस पर पुलिस ने उसे छुड़वाया। साथ ही आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों को जेल भेजा जाएगा।

# एसआई ने मंदिर के पुजारी को लाठी से पीटा, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस | बहराइच



जिले के खैरी घाट थाना क्षेत्र से संबद्ध शिवपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ने शनिवार की रात एक पुजारी की मामूली सी बात को लेकर लाठी से निर्मम पिटाई कर दी। पुलिस उसे जबरन थाने ले जाना चाहती थी लेकिन पुजारी ने इंकार कर दिया। जिस पर उसकी और पिटाई की। आसपास काफी लोग जमा हो गए और पुलिस की पुजारी को लाठियों से की जा रही पिटाई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई की बात कही है। घटना शिवपुर इमामगंज तटबंध की है। बताते हैं कि शिवपुर स्थित बांके मंदिर का पुजारी तटबंध पर किसी कार्य से मौजूद था तभी चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए। चौकी प्रभारी और पुजारी के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई इसके बाद पुजारी को लाठी से पीटना शुरू कर दिया पुजारी को जबरन बाइक पर बैठाकर थाने ले जाने की कोशिश की गई जिसका पुजारी में काफी विरोध किया और कहा कि वह किसी भी कीमत पर थाने नहीं जाएगा। जितना मारना पीटना है मारो पीटो। जान से मार डालो लेकिन गाड़ी पर नहीं बैठेंगे। इसके बावजूद पुलिसकर्मी जबरदस्ती व दुर्व्यवहार करते रहे। पुलिस की ओर से की जा रही पुजारी की अनावश्यक पिटाई का मामला देखकर आसपास से गुजर रहे लोग धीरे-धीरे जमा हो गए। किसी ने वीडियो बना लिया और उसे रात में ही वायरल कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर इतना वायरल हुआ है कि जिले के हर क्षेत्र में पुलिस की इस कार्रवाई की निंदा की जा रही है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसपी ने उपनिरीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया है। वही खैरी घाट थाने के प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर द्विवेदी का कहना है कि मामूली विवाद हुआ था लेकिन पुजारी को पीटना नहीं चाहिए। फिलहाल मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है जो भी निर्देश मिलेगा कार्रवाई की जाएगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर

जन एक्सप्रेस | बहराइच

**आकर्षण का केंद्र रहा अयोध्या का राम मंदिर, 12 ज्योतिर्लिंग, शिव तांडव स्तोत्र, चार वेद तथा गीता सार**

शहर के संत पथिक आशीर्वाद एकेडमी में रविवार को विज्ञान एवम सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि महिला पीजी कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. मोहिनी गोयल रही। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य तथा विशिष्ट अतिथि की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में संत पथिक सेवक समिति के मैनेजर अवधेश नारायण, संत पथिक सीनियर सेकेंडरी की प्रिंसिपल पूजा अग्रवाल,संत पथिक की डारेक्टर सुधा अग्रवाल तथा संत पथिक आशीर्वाद एकेडमी की प्रधानाध्यापिका श्रुति अग्रवाल ने साथ मे प्रत्येक कक्षा में स्थित बच्चो द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी को देखा , उनसे सवाल पूछे और बच्चो के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझा। बच्चो ने विज्ञान विषय के अतिरिक्त अंग्रेजी , सामाजिक विज्ञान , कला का उत्कृष्ट प्रदर्शनी लगाई गई। एमएलसी डा. प्रज्ञा ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के निर्देशन में बच्चों द्वारा बनाए गए माडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण बच्चो के बौद्धिक विकास के अनुरूप है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रदर्शनी का आयोजन होना जरूरी है।

उन्होंने बच्चो के विज्ञान प्रदर्शनी में माडल को देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया और भविष्य में गांव, ग्रामीण और जिले स्तर पर सहयोग करने की बात भी की। इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 के बच्चो ने भाग लिया।

इनमें जलियांवाला बाग श्रेष्ठी अग्रवाल, पाचनतंत्र धानी सिंह, उत्सर्जन तन्त्र स्वस्ति जैन, डायनामो जनित्र, सुमित सिंह, ट्रैफिक लाइट काव्य जैन, ड्रिप इरिगेशन आकर्ष मिश्र, रक्त संचारण प्रणाली शान्वी ,विद्युत माडल सचिन यादव, रेनवाटर हार्वेस्टिंग (उन्नति जैन) वाईफाई और दूरसंचार प्रणाली माध्यम (शौर्य गुप्ता).. आदि से संबंधित माडल प्रस्तुत किया। इनमें अयोध्या का राम मन्दिर, 12 ज्योतिर्लिंग, शिव ताण्डव स्त्रोत, गीता सार, चार वेद, आकर्षण के प्रमुख केन्द्र रहे।

### राष्ट्रीय लोकदल मनाएगा स्वर्गीय मुन्ना सिंह चौहान की सातवीं पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सिंचाई मंत्री/किसान नेता रहे स्वर्गीय मुन्ना सिंह चौहान जी की सातवीं पुण्यतिथि रालोद पार्टी कार्यालय आनंद नगर गौहनियां चौराहा पर 31 जुलाई को दिन में 1:00 बजे मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोकदल संगठन महासचिव राम शंकर वर्मा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति स्वर्गीय मुन्ना सिंह चौहान की सातवीं पुष्यतिथि के अवसर राष्ट्रीय लोकदल के अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल रालोद कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्गीय मुन्ना सिंह चौहान के चित्र पर फूल माला व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तत्पश्चात विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

## अखिल भारतीय पंचायत परिषद के पदाधिकारियों ने एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

# कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक को हटाने की मांग की

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात में तैनात प्रभारी निरीक्षक के कार्य व्यवहार से क्षुब्ध ग्राम प्रधानों ने रविवार को एम एल सी अवधेश कुमार सिंह मंजू को ज्ञापन सौंपा। विधान परिषद सदस्य ने प्रधानों की समस्याओं का निराकरण जल्द कराने का आश्वासन दिया है। प्रधानों ने मांग न पूरा होने पर जिला स्तरीय आंदोलन की बात कही है। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रदेश सचिव विजय त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष गुलजारी लाल शुक्ल के नेतृत्व में विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक को हटवाए जाने की मांग की गई है । एमएलसी को सौंपे गए ज्ञापन में प्रधानों ने कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे का कार्य व्यवहार ठीक न होने का आरोप लगाया है। विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह मंजू के आवास पर पहुंचे जिला महांमत्री शशिकांत त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अनूप कुमार पाण्डेय, सदर ब्लाक अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह राजू, गैसड़ी ब्लाक अध्यक्ष शिवा सिंह, श्रीदत्तगंज ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप सिंह, महेश सिंह व अभय मिश्र के साथ अन्य ग्राम प्रधानों ने बताया कि कोतवाली देहात में जब से श्री दुबे की तैनाती हुई है तब से क्षेत्र में अपराध बढ़ गया है। आए दिन चोरी व मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। एक सप्ताह पूर्व 24 घंटे के भीतर दो हत्याएं हो गईं। मोहर्रम के पर्व पर भी रघवापुर ग्राम पंचायत में दो पक्षों के बीच जमकर मारीपट हुई है। देहात कोतवाल जानबूझकर ग्राम प्रधानों को अपमानित करते हैं। यदि कोई प्रधान किसी मामले में थाने पर जाता है तो उसके खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई की धमकी देते हैं। ग्राम प्रधानों ने ज्ञापन में कहा है कि जयदीप दुबे के कार्य व्यवहार से ग्राम प्रधानों में भय ब्याप्त है। कोई भी प्रधान किसी भी प्रकरण में थाने तक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। ऐसे में गांव में विकास कार्य कर पाना संभव नहीं है। प्रधानों ने बताया कि जिले के उच्चाधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपा गया। लेकिन अब तक श्री दुबे के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। जयदीप दुबे विभिन्न माध्यमों से ग्राम प्रधानों पर दबाव बना रहे हैं। विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह मंजू ने ग्राम प्रधानों से कहा कि इस सम्बन्ध में पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# अभिषेक ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एम एल के पी जी कॉलेज के छात्र अभिषेक मिश्र ने यू जी सी नेट 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण करके महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया है। अभिषेक की सफलता पर महाविद्यालय प्राचार्य सहित तमाम शिक्षकों, परिजनों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के ग्राम बिजलीपुर कटरा शंकर नगर निवासी प्रेमचंद्र मिश्र व संगीता मिश्रा के पुत्र अभिषेक ने यूजीसी नेट की परीक्षा अध्ययन करके परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। परिजन बताते हैं कि अभिषेक बचपन से ही काफी मेधावी थे। अभिषेक ने केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करके दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। परास्नातक एम कॉम की शिक्षा एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर करने के साथ ही वर्ष 2023 की यू जी सी नेट की परीक्षा कॉमर्स विषय मे उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, विभागाध्यक्ष कॉमर्स डॉ एस के त्रिपाठी, डॉ पी एन पाठक, डॉ के पी मिश्र, डॉ के के सिंह व डॉ पंकज श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षकों व परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# अधिकारियों और ताजियादारों के सम्मान में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को किया गया सम्मानित**

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर मे मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी शाबान अली ने नवीं और दसवीं मोहर्रम के अवसर पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए आशिकाने शोहदाय करबला के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी किया सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार नवीं और दसवीं मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न परंपरागत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवीं को सारी रात जहां लोगों ने नक्श, ताज़िया, और जुल्फेकार की ज़ियारत की वहीं दसवीं मोहर्रम को भी अकीदतमंदों ने नज़राने अकीदत पेश किया। मोहर्रम के विभिन्न कार्यक्रमों को देखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद नज़र आया और सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था भी देखने को मिली। वीर विनय चौराहे पर स्वर्गीय कल्लू आज़ाद के नाम से मंसूब अंजुमन गुलस्ताने रसूल के बैनर तले आयोजित पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

स्वर्गीय कल्लू आज़ाद के नाम से आयोजित पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शाबान अली उपस्थित रहे। शाबान अली ने बलरामपुर के मोहर्रम की ऐतिहासिक पृष्ट भूमि पर प्रकाश डालते हुए धार्मिक सौहार्द, एकता और भाई चारे का संदेश दिया। इस अवसर पर शाबान अली ने मोहर्रम पर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए उच्चाधिकारियों को धन्यवाद भी ज्ञापित किया तथा आयोजकों की ओर से अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर, सीओ ट्रैफिक, एसडीएम सदर, कोतवाली इंचार्ज समेत समस्त पुलिस कर्मियों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के द्वारा शाबान अली ने ख़ाकसारों को सम्मानित करने के साथ ही ताज़ियादारों, जुल्फेकार और नक्श बनाने वालों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मोहर्रम के विभिन्न कार्यक्रमों एंव मेला के अवसर पर भी शाबान अली की ओर से स्टाल लगा कर मिष्ठान वितरित कर श्रद्धालों को पानी पिलाने का भी पुनीत कार्य किया गया।

# दिव्यांगों एवं समाज सेवा के क्षेत्र में 53वाँ पुरस्कार

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

डॉक्टर रानी अवस्थी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से तीन विषयों में एम.ए तथा पीएचडी करने के बाद 1980 में अपना कर्म क्षेत्र अयोध्या अपने इष्टदेव भगवान श्री राम की नगरी को चुना और ईश्वर की कृपा से उन्होंने जो रास्ता चुना उसमें उन्हें सफलता मिलती गई चाहे व दिव्यांगों की शिक्षा, विवाह, नौकरी, सहायता उपकरण का कार्य हो या फिर मानवता संबंधी बाढ़ क्षेत्र में खाद्य सामग्री बांटने का या जाड़े में कंबल बांटने का अथवा करोना काल में मदद करने का अथवा अनाथ बच्चों की सेवा परित्यक्त को सहारा अथवा महिलाओं को सिलाई, अचार, पापड़, अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण देना हो किसी की दवा करनी हो सभी में आगे रहती हैं। यही कारण है कि इन्हें कोई कहता है मां तो कोई आंटी कोई प्यार से दीदी तो कोई मैम कहता है डॉक्टर रानी अवस्थी को दिव्यांग विभिन्न नामों से संबोधित करते हैं समाचार पत्रों में भी वह एक स्त्री, दीदी , मां तो दिव्यांगों की आंटी, दिव्यांगों की मसीहा, अयोध्या की मदर टेरेसा मानवता की प्रतिमूर्ति आदि विभिन्न नामों से उनके बारे में निकल चुका है। कहते हैं 1980 से दिव्यांगों के जीवन में परिवर्तन लाने का प्रण लेकर कार्य आरंभ किया तो अनवरत करती रही आज 42 वर्ष हो गए हैं कार्य करते हुए जिसमें लगभग 25000 दिव्यांगों को समाज में नौकरी व व्यवसाय कराकर पुनर्वासित किया है 200 दिव्यांगों का विवाह करवाया हजारों दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किए गए।

# अब पर्यटन को बढ़ावा देने लगा है रौनाही पंप कैनाल

जन एक्सप्रेस | सोहावल- अयोध्या



सिंचाई खंड अयोध्या की पहल से दशक भर बाद पंप कैनाल और डाक बंगला अब चमक उठा है। यहां पर प्रतिदिन काफी संख्या में कैनाल पार्क में पहुंचकर बहती सरजू नदी के उफान को देखने की भीड़ बढ़ने लगी है। एक तरह से देखा जाए तो सोहावल क्षेत्र में डाक बंगला और पंप कैनाल पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। पड़ोसी जनपद गोंडा के साथ अन्य जिलों से आने वाले पर्यटकों को पंप कैनाल अपनी खूबसूरती को लेकर लोगों को आकर्षित करने लगा है। यहां से निकली मंगलसी माइनर जो लगभग साढ़े छः किलोमीटर के किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान करती है। रौनाही पंप कैनाल नहर से जुड़े किसान साल भर विभिन्न फसलों के साथ सब्जियों की खेती करते है। दशक भर पहले पूर्व सिंचाई मंत्री स्व.मुन्ना सिंह चौहान के कार्यकाल में डाक बंगला सहित चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल का जीर्णोद्वार तथा डाक बंगले के सामने पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के साथ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रनिंग लाइट और फौव्वारे आदि का निर्माण कराया गया था। लेकिन देखरेख और रखरखाव के अभाव में डाक बंगला की बाउंड्री कई जगहों पर टूट चुकी थी। साथी डाक बंगला भी जर्जर होने के साथ-साथ पंप कैनाल की सुंदरता भी खत्म हो गई थी। इस पंप कैनाल पर सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के द्वारा दिए गए निर्देश पर अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड अयोध्या ने एक परियोजना में शामिल कर इक्कीस लाख की लागत से चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल और डाक बंगला का पुनरोद्वार कराया गया है। इसके चलते डाकबंगला अब अपनी खूबसूरती को लेकर पर्यटकों सहित क्षेत्रीय लोगों को अपनी और आकर्षित करने लगा है। यहां दिन प्रतिदिन सरजू नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर एक बोर्ड भी लगवा दिया गया है। जिसमें पंप कैनाल के रेलिंग पर न चढ़ने की चेतावनी दी गई है। अधिशासी अभियंता रजनीश गौतम ने बताया की रेलिंग के नीचे सरजू नदी एवं संप बेल की गहराई ज्यादा है। जरा सा भी गलती पर कोई फिसल कर गिर गया। तो जान माल का खतरा हो सकता है।

## डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता व विचार गोष्ठी का आयोजन




जन एक्सप्रेस | अयोध्या

शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए विचार गोष्ठी व विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्तर के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों तथा युवाओं के बीच उनके कार्यों तथा देश के लिए योगदान को याद किया गया। देश के एक छोटे से गांव से निकलकर गरीबी, भुखमरी आदि संघर्षों का मुकाबला करते हुए आपने देश के सर्वोच्च पद (राष्ट्रपति) को सुशोभित किया इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में प्रमुख वक्ताओं में शांति फाउंडेशन ट्रस्ट के मुखिया सुनील कुमार आनंद, शिक्षक नेता मनोज कुमार, रमेश, नेहा वर्मा गंगेश मिश्र व अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। ट्रस्ट प्रमुख डॉ विजय शंकर मौर्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया की एपीजे अब्दुल कलाम जी कहते थे, यदि तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हैं तो सूरज की तरह जलना सीखोआयोजित साइंटिफिक मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, शील्ड व पुस्तके आज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन, संचालन एवं समापन ट्रस्ट के सदस्य अनिल कुमार मौर्य, रामसूरत मौर्य, अपूर्व सिन्हा जी, वैभव शंकर, शेष नारायण, संजय, ज्ञान जी श्रीवास आदि का योगदान रहा।

# शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी हुआ सामान बरामद

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



खण्डासा पुलिस ने आधा दर्जन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार लोगों के पास से अवैध तमंचा और दो मोटर साइकिल सहित भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। पकड़े गए चोरों ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि वह लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए सुनसान घरों को निशाना बनाते थे। खंडासा थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने बताया कि सिधारीं बाजार मोड़ के पास तीनों लोग मोटरसाइकिल से खड़े थे। शक के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस टीम उनके पास जैसे ही पहुंची तो वह भागने का प्रयास किए।

लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें दौड़ाकर दबोच लिया। पकड़े गए युवकों से तलाशी के दौरान वकील उर्फ सेनापति के पास से 315 बोर एक देसी तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस टीम तीनों को थाने ले आई जहां पर पुलिसिया पूछताछ में तीनों आरोपियों ने थाना कुमारगंज व थाना खण्डासा क्षेत्र में कई स्थानों पर चोरी करने की बात कबूल की। थाना कुमारगजं क्षेत्र के शिवनाथपुर निवासी अजय सिंह के यहां बीते 28 जुन की रात हुई चोरी, बिरौलीझाम रघुराज तिवारी के यहां बीते 10 जून को हुई चोरी, अकमा गांव निवासी अतुल कुमार पांडे के यहां बीते 19 जुलाई की रात चोरी, सिधारीं बाजार निवासी आभूषण बर्तन व्यवसाई दुकान बहादुरगंज में 13 जुलाई की रात चोरी, धमथुआ निवासी छंगू चौरसिया के यहां 27 जून की रात में चोरी की घटनाएं शामिल है। इसके अलावा खंडासा निवासी अजमत के यहां 5 जुलाई की रात चोरी करने की भी बात चोरों ने स्वीकार की है। चोरी करने वाले वकील उर्फ सेनापति पुत्र मंजूर निवासी इटौंजा थाना कुमारगंज, संत कुमार सिंह पुत्र स्वामीनाथ निवासी जरई व हरिश्चंद्र तिवारी केदारनाथ तिवारी निवासी नरगेशवा थाना हलियापुर जनपद सुलतानपुर ने बताया कि दिन में घरों की रैकी करने के बाद रात में चोरी करते थे। समान जब नहीं ले जा पाते थे तो छुपा देते थे और मौका पाते ही सामान भी उठा ले जाते थे। चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मनोज यादव, चौकी प्रभारी शैलेश द्विवेदी, चौकी प्रभारी उमेश वर्मा, कांस्टेबल राहुल, रवि, अंशु, दुर्गा प्रसाद, हेड कांस्टेबल उमेश यादव शामिल रहे। चोरों के कब्जे से भारी मात्रा में पीतल तांबा और स्टील के बर्तन बरामद हुए हैं। इसके साथ ही पुलिस टीम ने चोरों की निशानदेही पर सोनी होम चांदी के जेवरात सहित मोबाइल पोको कंपनी, बैटरी, इनवर्टर एवं 7 सौ रुपए नगद भी बरामद किया है।

# कांवड़ियों व ताजिएदारों का विवाद: एसपी ने थाना अध्यक्ष व चौकी इंचार्ज को किया सस्पेंड

- शनिवार को हुआ था विवाद, कमिश्नर, डीएम, एसपी सहित कई थानों की पुलिस फोर्स पहुंची थी मौके पर
- निलंबित किए गए चौकी इंचार्ज की तरफ से 125 अज्ञात के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



विगत दिवस देर रात जहां मोहर्रम पर सख्त इंतजामों के बाद भी बवाल हो गया था। बरेली हाईवे पर जनपद के खमरिया पुल गांव में कावड़ियों और ताजिएदारो के बीच विवाद के बाद हुए पथराव के मामले में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने एक्शन लेते हुए थाना अध्यक्ष और चौकी इंचार्ज की लापरवाही के बाद दोनों को सस्पेंड कर दिया हैं। बताते चले पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने पूरे मामले में प्राथमिकता जांच के बाद जहानाबाद थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार और शाही चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह को सस्पेंड कर दिया हैं। और उन्होंने कहा प्रारंभिक जांच में कुछ पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई थी जिस पर थाना अध्यक्ष व चौकी इंचार्ज को सस्पेंड किया गया हैं। उधर इससे पूर्व निलंबित किए गए चौकी इंचार्ज की तरफ से 125 अज्ञात के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है हालांकि इस द्व.द्व.ह्व. में कावड़ यात्रा और ताजिए का कोई जिक्र नहीं किया गया है।

बताते चलें कि विगत दिवस शनिवार रात ताजिएदारो और कावड़ियों के बीच हुए विवाद के बाद पथराव के मामले में जानाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खमरिया पुल का था। इस पर ताजिए और कावड़ यात्रा के लोग आमने-सामने आ गए जिसके बाद ताजिएदारो को लेकर कांवड़ियों ने हंगामा कर दिया इतना ही नहीं इस बीच पुलिस के दरोगा ने एक कावड़िया के थप्पड़ भी जड़ दिया। इसी बात को लेकर मामला और गरमाया देखते ही देखते लोगों की भीड़ हमलावर हो गई और नौबत हाथापाई पथराव तक आ गई। इस बीच वहां मौजूद सीओ सिटी जहानाबाद प्रतीक दहिया का सर फट गया था। यह देख काफी देर बवाल चलता रहा मौके पर जब ज्यादा ही मामला बिगड़ते पाया गया तब जिला अधिकारी प्रवीण कुमार तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कई थानों की पुलिस फोर्स व पीएसी बल को बुलाना पड़ा लेकिन हालात पर काबू नहीं पा सके जहां ताजिया लेकर जा रहे लोगों ने भी हाईवे पर ताजियों को रखकर जाम लगा दिया हालात दरबदर बेकाबू होते देख पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज कर दी और भीड़ को खदेड़ा तथा मामला शांत कराया। लेकिन इस बीच पथराव की घटना के दौरान कई पुलिसकर्मियों एवं राहगीरों को चोटे भी आई। इतना ही नहीं इस बीच जनमानस तथा प्रशासनिक हमले के आधा दर्जन वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। मामला आग की तरह फैलता रहा मामले को तूल पकड़ता देख बरेली रेंज के आईजी डॉ.राकेश सिंह और कमिश्नर सौम्या अग्रवाल भी पीलीभीत आ पहुंचे और जिलाधिकारी से जानकारी ली साथ ही तमाम थानों की पुलिस फोर्स के साथ गांव को छावनी में तब्दील कर दिया तथा कई दंगाइयों को पुलिस ने घर से उठाकर कई लोगों को हिरासत में लिया था। जब मामला शासन स्तर तक पहुंचा इसके बाद अफसरों ने शक्ति की शाही चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह की ओर से 125 अज्ञात पर कई धाराओं और आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### एक की टाइमिंग पर आमना-सामना होना पड़ गया भारी

बताया जा रहा है कि एक ही टाइमिंग पर जहां ताजिए और कावड़ यात्रा रास्ते के विवाद को लेकर मामला आमने सामने आ गया ऐसे में पुलिस का बड़ा फेलियर देखने को मिला जहां पूर्व अनुमान होने के बावजूद मौके पर पुलिस फोर्स तैनात नहीं की गई जिस कारण दोनों पक्ष के लोग आपस में उग्र हो गए।

### डीएम एसपी ने 4 घंटे बाद बमुश्किल मामला शांत कराया था

शनिवार को हुए विवाद में जहां डीएम व एसपी ने करीब 4 घंटे बाद बमुश्किल मामला शांत कराया वही इस बीच देर शाम मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और डीआईजी डॉक्टर राकेश सिंह मौके पर पहुंचे बताया जा रहा है अमरिया थाना क्षेत्र के कर देना गांव से कांवरियों का जत्था कछला घाट से जल लेने जा रहा था जहां जत्था खमरिया पुल के मंदिर पर रुका था इसी बीच खमरिया पुल के ताजिए भी आ गए इसी बीच शाही चौकी इंचार्ज पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और कावड़ियों को साइड में करने लगे लेकिन वहां एक दरोगा ने एक कावड़िया के थप्पड़ जड़ दिया इसी बीच मामला तूल पकड़ गया जिसके बाद कावड़िए गुस्से से आगबबूला हो गए और ताजिए गलत रूट से निकालने का आरोप लगाने लगे तो वही ताजिए हाईवे पर रखकर ताजिए दार भी रुक गए।

### भारी प्रशासन मौके पर पहुंचा भारी जाम लगा

जहां माहौल तनावपूर्ण होता देख सीओ सदर प्रतीक दहिया पुलिस बल के साथ पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाते रहे लेकिन इसी बीच किसी ने पथराव कर दिया जिसमें रहे गंभीर रूप से घायल हो गए मामला ज्यादा बिगड़ने पर वही जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा सहित भारी पुलिस फोर्स एवं प्रशासनिक अधिकारी एलआईयू भी पहुंचे लेकिन लोगों ने वाहनों में भी तोड़फोड़ कर डाली करीब 4 घंटे बाद ताजिए हाईवे से हटाए गए और एक-एक कर वाहनों को पुलिस ने निकलवाया लेकिन इस बीच हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई भीड़ काफी बढ़ चुकी थी लेकिन पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा और जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार अफसरों और फोर्स के साथ मामला संभालते रहें।

# पिता ने नाबालिग पुत्र के पैरों में बेड़ियां डालकर बाजार में ठेले से बांधा

- चाट के ठेले पर पैर में बेंडियों से बंधे किशोर का वीडियो प्रसारित
- पिता बोला चाट बिक्री के रुपए लेकर हो जाता था फरार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। पिता ने नाबालिक पुत्र के पैरों में बेड़ियां डाल दी। बात यहीं तक नहीं है, नाबालिक किशोर के पैरों में बेड़ियां डाल कर साइकिल से बांध कर चाट के ठेले पर काम के लिए लगा दिया गया। यह वाक्या एक दिन का नहीं है बताते हैं कि उसका पिता उसके साथ प्रत्येक दिन यही करता है। नाबालिक के पैरों में बेड़ियां डालकर चाट के ठेले पर काम कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

चार दिन पूर्व संयुक्त टीम ने नगर में अभियान चलाकर नौ नाबालिक किशोरों को बालश्रम से मुक्त कराया था। रविवार को नाबालिक किशोर के पैरों में बेड़ियां डाल कर चाट के ठेले पर काम कराने के वायरल वीडियो ने मानवता को शर्मसार कर दिया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में एक ग्रामीण ने अपने बेटे को चाट के ठेले पर खड़ा कर पैरों में बेड़ियां डाल दी।ग्रामीण ने तर्क दिया कि उसके पुत्र की आदत ठीक नहीं है।गलत संगत व लोगों से अभद्र व्यवहार न करे इस लिए ऐसा किया है। पिछले कुछ दिनों से बाजार में आने जाने वाले लोग बच्चे को इस हालत में चाट के ठेले पर काम करते हुए देख रहे थे। लेकिन गांव के किसी भी ग्रामीण ने कोई पहल नहीं की। रविवार चाट के ठेले पर नाबालिग के पैरों में बेड़ियां डालकर काम कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया।मामला बाल श्रम विभाग के अलावा पुलिस के संज्ञान में आ गया। किशोरी से अमानवीय व्यवहार को लेकर खलबली मच। आनन-फानन में किशोर को बंधन मुक्त किया गया।

> किशोर के पैर में जंजीर बांधकर चाट के ठेले पर काम कराने का वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। टीम को मौके पर भेजा गया है।जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> **निर्वान सिंह**
> डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सीडब्ल्यूसी

# समाजवादी पार्टी की विधानसभा क्षेत्र की बैठक शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। समाजवादी पार्टी की विधानसभा क्षेत्र की बैठक जयशंकर भवन मोहल्ला दुबे बीसलपुर में विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बूथ कमेटियों का शीघ्र गठन किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार ने कहा कि हम सभी समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जो कल्याणकारी योजनाएं चलायी थीं वह धरातल पर दिखायी दे रही हैं। भाजपा सरकार ने केवल हवाई घोषणाएं करने के अलावा कोई काम नहीं किया है। ऊपर से महंगाई बढ़ाकर गरीब बेसहारा जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। इसलिए कार्यकर्ता घर घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों व रीतियों के बारे में जनता को बतायें ताकि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जबाव दिया जा सके। बैठक में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट, बीडी प्रजापति, चौधरी प्रदीप पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप गंगवार, मंसूरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दलित छात्रावास खाली कराने के मामले पर सपा नेतृत्व गंभीर

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

शहर के बालसन चौराहा स्थित दलित छात्रावास को प्रशासन द्वारा खाली कराये जाने एवं विश्वविद्यालय के आस पास के छात्रावासों से छात्रों को हटाए जाने के मामले को सपाके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गंभीरता से लिया है। मामले की जाँच एवं जानकारी जुटाने के लिये समाजवादी पार्टी के नेताओं का दस सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल एक अगस्त को प्रयागराज आएगा। जो पूरे प्रकरण की सही जाँच करके राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत करायेगा। अवगत हो कि वर्ष 1952 मे पूर्व सांसद महाशय मसुरिया दीन पासी द्वारा निर्मित दलित छात्रावास मे रह रहे छात्रों को गत दिनों प्रशासन ने जबरन खाली कराया। विश्व विद्यालय के छात्रों की समस्या की जानकारी मिलने पर सपा मुखिया ने रिपोर्ट मांगी है। सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के हस्ताक्षर से जारी प्रतिनिधि मण्डल सूंची मे सपा के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व मंत्री, विधायक इंद्रजीत सरोज, विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारतीय, राष्ट्रीय महासचिव राजू पासी, छात्र नेता अरविन्द सरोज, पूर्व प्रत्याशी संदीप यादव, पप्पूलाल निषाद एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन शामिल रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सीमेंट लादकर आ रही मालगाड़ी पटरी से उतरी

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। प्रयागराज से सीमेंट लेकर देवरिया सदर जा रही मालगाड़ी कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर बेपटरी हो गई। तेज आवाज के साथ धड़ाधड़ सात वैगन ट्रैक से उतर गए। इस दौरान ट्रैक भी क्षतिग्रस्त हो गई। रेल अधिकारियों और एआरटी का दल वैगन को पटरी पर लाने में जुटा हुआ है। स्टेशन के लोहता छोर के पास मालगाड़ी के बेपटरी होने से कुछ ट्रेनें जहां-तहां रोक दी गई हैं। दोपहर 12:30 बजे से यातायात प्रभावित है।

### सरिया से लदा ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचे राहगीर

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। जमुनीपुर बाजार में जक्खिनी खैरा मार्ग पर बांदीपुर से सरिया लादकर ट्रैक्टर को अवधेश पटेल चला रहा था और राजा तालाब के लिए जाना था, की जमुनीपुर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दाहिने तरफ गड्ढे में पलट गई। वही जमुनीपुर निवासी दीपक सिंह के दो लड़के देव, एवं किशन जक्खिनी स्कूल से पढ़ने के बाद साइकिल से घर आ रहे थे की ट्रैक्टर को पलट के देख भागते भागते साइकिल का अगला पहिया सरिया के नीचे दब गया और छात्र किसी तरह बाल-बाल बच गए। मौके पर जक्खिनी चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ पहुंच गए और ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी द्वारा ट्रैक्टर को सीधा करवाएं, और ट्रैक्टर और ड्राइवर को जाखिनी चौकी पर ले गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान जमुनीपुर अनिल राम, पूर्व प्रधान जमुनीपुर विनय कुमार सिंह, पीएन सिंह ,बच्चा लाल सेठ, तूफानी यादव, प्रवेश सिंह , एडवोकेट मनीष कुमार सिंह, दीपक सिंह, तिलक सिंह, सुमारू सिंह, सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

### निसंतान्ता के लिए जन जागरुकता अभियान

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। भारत में नि:संतान्ता का विस्तार काफी ज्यादा हो रहा है, और हर छह दंपत्तियों में से एक दंपत्ति इस समस्या के शिकार हैं। इसे स्वास्थ्य की एक गंभीर समस्या नहीं माना जाता बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ.दीपिका मिश्रा ने कहा नि:संतान्ता के बड़े सामाजिक मनोवैज्ञानिक, आर्थिक और शारीरिक प्रभाव होने के बाद भी इस बारे में कई भ्रांतियाँ हैं। मेडिकल टेक्नॉलॉजी में हो रही उन्नति ने आई. वी. एफ. (इन विट्रो फर्टिलाईज़ेशन) जैसी अत्याधुनिक तकनीकें हमें दी हैं, जिनसे नि:संतान दंपत्तियों को भी गर्भधारण करने के विकल्प खुल गए हैं, लेकिन फिर भी ज़्यादातर नि:संतान दंपत्ति इलाज से वंचित रह जाते हैं।

### व्यापारियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। देश भर में छोटे कारोबारों को सशक्त बनाने के प्रयास में, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और मेटा वॉट्स्ऐप बिजनेस एप्प पर दस मिलियन स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित करने के लिए व् कुशल बनाने के लिए अपने वॉट्स्ऐप से व्यापार कार्यक्रम का विस्तार कर रहे हैं। खुद को बेहतर बनाने के लिए सही उपकरणों के साथ भारत भर के व्यापारी अपने कारोबार को बढ़ाने के नए तरीके सीखकर फायदेमंद रह सकते हैं।

### चित्रांश परिवार की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। यमुनानगर। चित्रगुप्त कल्याण समिति की बैठक भगवान चित्रगुप्त मंदिर रायल हाउस पब्लिक स्कूल में हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने विचार विमर्श कर संस्था के उद्देश्य, उसके विकास, आर्थिक सहयोग तथा सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर रणनीति तय की। संस्था के अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी सदस्यों की बात सुनी और उनके सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। बैठक में राजीव कुमार ने चित्रांश परिवार के लड़के एवं लड़कियों की समिति के सहयोग से विवाह का सुझाव दिया। जिसका सबने समर्थन किया। संगीता सिन्हा ने गरीब बच्चों को भोजन की व्यवस्था कराने की सलाह दी जिसपर समिति ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रभात श्रीवास्तव ने सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। उनकी सलाह पर डोर टू डोर सम्पर्क किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कमलेश चंद्र श्रीवास्तव महामंत्री भुवनेश्वरी सक्सेना प्रबंधक विनोद चंद्र श्रीवास्तव आशुतोष कुमार श्रीवास्तव धर्मेंद्र श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव प्रभात कुबेरनाथ आदि उपस्थित रहे।



### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी नवाबगंज मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र आदमपुर में बूथ नंबर 247 पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस मौके पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैया लाल पांडेय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों और बेहतर उपलब्धियों के चलते आगामी लोकसभा चुनाव भी भाजपा जीतकर सरकार बनाने जा रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, आनंद पांडे मुखिया, नीतीश शुक्ला, अवनीश सिंह, सनी धुरिया, अजीत शर्मा, सुजीत निर्मल, राम लखन पाल रमेश मोरिया कल्पना सहित तमाम कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# युवक पर चाकू से हमला कर नगदी व मोबाइल लूटा

- घायल अवस्था में सीएचसी लेकर पहुंचे परिजन
- कार्रवाई के लिए पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। उत्तराखंड के हल्द्वानी से काम कर घर वापस लौटे युवक को गांव के ही एक दबंग ने रास्ता रोककर चाकू से हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के दौरान युवक के जेब में रखी 20 हजार रुपए की नगदी व एक मोबाइल फोन लूट लिया। दिनदहाड़े चाकू से हमलाकर लूट की घटना से खलबली मच गई। दबंग युवक को घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा छत्रपति निवासी करन कुमार उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहकर मजदूरी करता है। तीन माह बाद रविवार को युवक अपने घर वापस लौटा था। घर जाने के बाद युवक गांव से बाहर की ओर आ रहा था। आरोप है कि गांव के ही एक दबंग ने रास्ता रोककर चाकू से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। दबंग ने युवत के सर, हाथ व पेट पर चाकू से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। हल्द्वानी से लेकर आए मजदूरी के 20 हजार रुपए व एक मोबाइल भी लूट लिया। दबंग युवक को घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी से गांव में खलबली मच गई। परिजन आनन-फानन में घायल युवक को ई रिक्शा पर लादकर कोतवाली पहुंच गए। घायल अवस्था में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। परिजनों ने कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।



> युवक के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने मारपीट की है। लूट का आरोप निराधार है।परिजनों की ओर से तहरीर दी गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी
> **आशुतोष रघुवंशी**
> प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर।

# ग्राम पंचायत महंद खास के रोजगार सेवक पर मनमानी का आरोप

- प्रधान, बीडीसी, ग्रापं सदस्य व कई ग्रामीणों ने जांच कर कार्रवाई की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। रोजगार सेवक की मनमानी के विरोध में अब प्रधान, बीडीसी, ग्राम पंचायत सदस्य और कई ग्रामीण भी सामने आ गए हैं। उन्होंने रोजगार सेवक पर कई आरोप लगाते हुए जिला स्तर के अधिकारियों से शिकायत की है। साथ ही मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजा है। शिकायतकर्ताओं ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व एक महिला ने रोजगार सेवक पर काम पर लगाने के एवज में 20 हजार रुपए की मांग की थी ।

पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत महंद खास के रोजगार की मनमानी से श्रमिकों को मनरेगा में कार्य नहीं मिल पा रहा है। महिला मेठ को तो तैनाती के बाद से कार्य नहीं दिया गया है। उसने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब रोजगार सेवक की मनमानी के विरोध में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य व कई ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के अलावा जिला स्तर के अधिकारियों से शिकायत की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि महिला मेठ अनीता देवी को रोजगार सेवक मनमानी के चलते मनरेगा में कार्य नहीं दे रहा है। जबकि महिला मेठ गरीब परिवार से है। कार्य न मिलने से उसको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि डीसी मनरेगा के लिखित आदेश देने के बावजूद रोजगार सेवक अपनी मनमानी कर रहा है। शिकायत करने वालों में प्रधान कोमल प्रसाद, क्षेत्रपंचायत सदस्य हरदेई, ग्रापं सदस्य सीमा देवी, देवकी देवी, लालता प्रसाद, आत्माराम, टीकाराम, महिला मेठ अनीता देवी, राकेश, मदनलाल, गोमती देवी, विपिन कुमार, लीलामती आदि शाामिल रहे।

# मनप्रीत कौर के भोग में शामिल हुए राज्यमंत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया

- 22 जुलाई को कार दुर्घटना में हुई थी उनकी मृत्यु

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



रविवार को प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज नानकमत्ता गुरुद्वारा पहुंचकर अमरिया क्षेत्र के ग्राम बेला पोखरा निवासी मनजीत सिंह की पत्नी के निधन पर आयोजित भोग कार्यक्रम में शामिल होकर उनकी पत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। और शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया अपने शोक संदेश में राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि श्री मंजीत सिंह के परिवार से उनके पुराने पारिवारिक रिश्ते हैं। इस इस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मन बहुत व्यतीत हुआ। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है की दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीलीभीत अमरिया आदि क्षेत्रों के लोग शामिल हुए और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। बता दें कि ग्राम बेला पोखरा निवासी मनजीत सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मनप्रीत कौर का 22 जुलाई को चंडीगढ़ से आते समय कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

## पेज 1 का शेष...

### छह साल में यूपी के लिए..

सीएम योगी ने रविवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनएक्सी) में मुख्यमंत्री कमांड सेंटर का उद्घाटन और सीएम डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कमांड सेंटर और डैशबोर्ड बनाने का उद्देश्य डाटा कैप्चर करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी लाना है। साथ ही इसका मुख्य ध्येय आम जनमानस की समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान करना है। सीएम योगी ने कहा कि जिस अधिकारी या कार्मिक की जहां पर तैनाती हुई है, वह वहीं पर निवास करे। ऐसा न हो कि तैनाती किसी जनपद में हो और अधिकारी और कार्मिक किसी अन्य जनपद में निवास करते हों। अगर जनपद में सरकारी आवास उपलब्ध नहीं है तो अधिकारी और कार्मिक किराए के मकान में रहें और समय पर अपने दफ्तर पहुंचे।

### अतीक के वकील विजय...

आरोप है कि उधारी के सवा लाख रुपये मांगने पर विजय ने उसे धमकी देते हुए रंगदारी मांगी थी। विजय पर विभिन्न जिलों में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। अतीक के दूसरे वकील खान शौलत हनीफ ने पुलिस कस्टडी के दौरान आरोप लगाया था कि उमेश पाल के कचहरी से निकलने के दौरान विजय मिश्र ने अशरफ और असद को अपने फोन से इंटरनेट कॉल के जरिये सूचना दी थी। बताते हैं कि इसके बाद ही 24 फरवरी को अतीक-अशरफ के गुर्गो ने उसका पीछा किया और घर के बाहर उमेश पाल और उसके दो गनर को गोलियों से भून डाला था।

# हेल्थ कॉन्क्लेव में चिकित्सा के क्षेत्र के दिग्गजों का जमावड़ा

- उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ. प्रभाकर शर्मा सम्मानित
- उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिया सम्मान पत्र व अवार्ड
- डॉ. प्रभाकर ने डिप्टी सीएम के साथ साझा किया मंच, बताईं चिकित्सकों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



लखनऊ के होटल ताज में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभाकर शर्मा को सम्मान पत्र व अवार्ड देते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

इंडिया न्यूज़ की ओर से लखनऊ के होटल ताज में आयोजित कार्यक्रम 'हेल्थ कॉन्क्लेव' में उत्तर प्रदेश के चिकित्सा के क्षेत्र के दिग्गजों का जमावड़ा रहा। कार्यक्रम में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान व उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पीलीभीत जनपद से एकमात्र चयनित वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभाकर शर्मा को सम्मानित किया गया। उनको सम्मान पत्र व अवार्ड उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री/ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने प्रदान किया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व चैनल हेड अरविन्द चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कई काबीना व राज्य मंत्री भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को संबोधित करते हुए उनकी समस्या व समाधान के बारे में भी एक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि सरकार भी चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत ही संजीदा है।

यही कारण है कि सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में छोटी से छोटी कमी को नजरअंदाज करने के बजाय उसको सही करने पर काम कर रही है। उन्होंने चिकित्सकों का आह्वान किया कि वे सप्ताह में एक बार जरूरतमंदों के लिए अवश्य सेवा भाव से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही उत्तर प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में मुकाम हासिल कर सकता है। इस दौरान प्रदेशभर से आए डॉक्टरों ने भी उप मुख्यमंत्री के साथ संवाद करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में हो रही समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए उनसे अपील की कि इन समस्याओं को अगर दूर करा दिया जाता है तो शायद चिकित्सा पद्धति और सुगम हो सकती है और डॉक्टरों को भी राहत मिल सकती हैं। पीलीभीत से कार्यक्रम का हिस्सा बने वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभाकर शर्मा ने उपमुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में हो रही डॉक्टरों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए इस ओर ध्यान देने के लिए आग्रह किया, जिस पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने डॉ. प्रभाकर शर्मा के सुझावों पर विचार करते हुए समस्याओं का जल्द समाधान कराने के लिए आश्वस्त किया।

### वीवीआईपी में इनकी रही उपस्थिति

हेल्थ कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अलावा आयुष मंत्री दयाशंकर दयालु, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, काबीना मंत्री संजय निषाद व राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के करीब 130 चिकित्सकों की मौजूदगी रही, जिन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी ज्ञान और अनुभवों को साझा किया।

### कौन है डॉ. प्रभाकर

पीलीभीत शहर के वरिष्ठ आर्थोपेडिक्स एंड ट्रामा सर्जन डॉ. प्रभाकर शर्मा प्रभाकर हॉस्पिटल के प्रबंध संचालक हैं। डॉ. प्रभाकर ने वर्ष 1985 में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। वर्ष 1993 में एमएस (आर्थोपेडिक्स) जीएसवीएम कानपुर करने के बाद मास्टर ऑफ साइंसेज (ट्रामा सर्जरी) सेली ओक हॉस्पिटल (यूके), फैलोशिप इन ट्रामा सर्जरी (यूके), डिप्लोमा इन रिससिटेशन साइंस (यूके) करने के बाद अपोलो हॉस्पिटल न्यू दिल्ली में असिस्टेंट कंसलटेंट बतौर कार्य किया। बीते 23 वर्ष से आर्थोपेडिक्स एंड ट्रामा सर्जरी के लिए समर्पित होकर डॉ. प्रभाकर शर्मा स्वयं के हॉस्पिटल (प्रभाकर हॉस्पिटल) को संचालित कर रहे हैं।

## सदर क्षेत्र के युवक के पाकिस्तानी जेल में बंद होने का मामला

# प्रशासनिक गतिविधियां देख परिजनों में जगी सूरजपाल की वतन वापसी आस

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




बेटे खबर पाकर मां शांति देवी की छलक पड़ी आंख, पुरानी तस्वीर में पति को देखती सूरजा देवी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानखेड़ा निवासी मानसिक बीमार युवक के पाकिस्तान पहुंचने और वहां की जेल में बंद होने के मामले में परिजन उसकी वतन वापसी की आस छोड़ चुके थे। हाल में दूतावास के निर्देशों पर युवक के सत्यापन की शुरू हुई प्रशासनिक गतिविधियों ने परिजनों की आस को संजीवनी देने का काम किया है। उन्हें अब यह लग रहा है कि पाकिस्तान की जेल से सूरज पाल की वतन वापसी जल्द हो सकती है। मालूम हो कि सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानखेड़ा निवासी सूरज पाल मानसिक रूप बीमार था। पिता के निधन के दिसंबर 2020 में वह लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं चला। फरवरी 2021 बीएसएफ के अधिकारियों को सूरजपाल के भटकते हुए पाकिस्तान की सीमा में घुस जाने की जानकारी मिली। बीएसएफ के अधिकारियों ने परिजनों से संपर्क कर उन्हें जानकारी दी। जिस पर उसकी पत्नी सूरजा देवी चचेरे देवर रमेश के साथ जम्मू के आरएस पुरा तक गयी। सैन्य अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी सूरजपाल से मुलाकात नहीं हो सकी। जिस पर वह सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ कर वापस चली आयी।
जुलाई माह में भारतीय दूतावास ने जिला प्रशासन से पत्राचार कर सूरजपाल पुत्र स्व. उमाशंकर निवासी सुल्तानखेड़ा कोतवाली सदर का सत्यापन कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद हरकत में आयी राजस्व टीम और एलआईयू ने गांव पहुंच कर उनसे पूछताछ कर सत्यापन संबंधी आवश्यक दस्तावेज जुटाए। प्रशासनिक टीम से जब सूरजपाल पाल के पाकिस्तान जेल में और सकुशल होने की बात पता चली तो उनकी आंखों से खुशी के आंशू छलक पड़े। प्रशासनिक गतिविधियों ने सूरजपाल की घर वापसी की आस खो चुके परिजनों की उम्मीदों को संजीवनी देने का काम किया है। एडीएम नरेंद्र सिंह ने बताया कि दूतावास से पत्राचार कर सूरजपाल की नागरिकता सत्यापन कराने को कहा गया था। आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट तैयार कर दूतावास को भेजी जाएगी।

### सूरजपाल का पाकिस्तान पहुंचना क्षेत्र में बना चर्चा का विषय

नगर पालिका के अकरमपुर वार्ड के सुल्तानखेड़ा मोहल्ला निवासी सूरजपाल के पाकिस्तान जेल बंद होने की बात अखबारों में प्रकाशित होने के बाद यह मामला आस पास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। लोगों को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति आखिर कैसे पाकिस्तान की सीमा में पहुंच गया। जहां बिना पासपोर्ट के सीमा में प्रवेश करने के जुर्म में उसे जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया।

## भुहेरा गांव में आवारा कुत्तों के काटने से मासूम की हालत गंभीर

गंगा कटरी से गांवों में पहुंचे आवारा कुत्तों से ग्रामीणों में दहशत



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के भुहेरापुर गांव निवासी किसान जगदीश के अनुसार रविवार शाम वह और उसकी पत्नी खेत पर काम कर रहे थे और खेत पर मौजूद उनका पांच वर्षीय मासूम बेटा उनसे कुछ दूरी पर खेत में ही खेल रहा था तभी कुछ देर बाद अचानक उसके चीखने की आवाज आई। पीछे पलट कर देखा तो पाया कि तीन चार आवारा कुत्तों ने उनके बच्चे पर हमला कर दिया था। जब तक वह डंडा लेकर बच्चे के पास तक पहुंचे तब तक कुत्ते उसे कई जगह काट कर ज़ख्मी कर चुके थे और बच्चा बेहोश हो गया था। किसी तरह बच्चे को कुत्तों से छुड़ाने के बाद वह उसे एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर पहुंचे जहां बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार गंगा नदी में पानी बढ़ने से गंगा कटरी में रह रहे कई कुत्ते गांव में आ गए हैं और वह आए दिन किसी न किसी को जख्मी कर रहे हैं। कुत्तों के आतंक के कारण ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गैंगस्टर में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा



जन एक्सप्रेस/उन्नाव। कोतवाली गंगा घाट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 30 जुलाई को प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने अपनी टीम के साथ गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे नसीम अहमद पुत्र हाजी अखलाक अहमद निवासी केडीए कॉलोनी कानपुर फैज अहमद पुत्र इकलाक अहमद निवासी केडीए कॉलोनी कानपुर बिलाल अहमद पुत्र नईम अहमद निवासी केडीए कॉलोनी कानपुर को अखलाक नगर चौकी जाजमऊ कोतवाली गंगा घाट जनपद उन्नाव से गिरफ्तार किया है।

### बाढ़ पीड़ित परिवारों को वितरण की राशन किट



जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज उन्नाव। डीएम के निर्देश पर रविवार को लेखपाल मनोज यादव मिश्रा कॉलोनी बाढ़ केन्द्र पहुंचे जहां उन्होंने राशन किट बांटी। राशन किट वितरण की सूचना पर चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, ईदगाह कॉलोनी, सैय्यद कम्पाउंड रहने वाले लोग पहुंचे। इस दौरान लेखपाल ने 125 लोगों को दस किलो आटा, पांच किलो चावल, दो किलो दाल, एक लीटर तेल, पांच किलो लइया, दो किलो चना, दो सौ ग्राम हल्दी, सब्जी मसाला आदि सामग्री दी गई। राशन किट पाकर बाढ़ पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से बराबर बाढ़ पीड़ितों की इसी तरह मदद की जायेगी।

### तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसके साथ रहा पति व बच्चे घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान बांगरमऊ मार्ग स्थित फरीदीपुर गांव के पास रविवार सुबह हुई। लखनऊ थाना सहादतगंज के रहने वाले इकरार का बत्तीस वर्षीय बेटा इरशाद अपनी पत्नी आमरीन और दो बच्चों के साथ आसीवन से लखनऊ जा रहा था। तभी लखनऊ की तरफ से फरीदीपुर गांव जा रहे डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दम्पति सहित एक बच्चा घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने आमरीन को मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मी पति व बेटे अब्दुल के पैर में गंभीर चोट लगने से इलाज चल रहा है। घटना की सूचना से परिजन बेहाल हैं। मृतका आमरीन अपने पीछे बच्चों में अरशद (2), अब्दुल (4) व एक बेटी अलीजा (2) को छोड़ गई हैं। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नव विवाहिता ने मायके में फंदे से लटक कर दी जान

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक नव विवाहिता ने मायके में दुपट्टे के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह पिता ने शव फंदे से लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के दबौली गांव निवासी मोहनलाल की पूजा (19) ने बीती रात घर के अंदर ही दरवाजे के ऊपर लगी ग्रिल में दुपट्टे के फंदे से लटक कर जान दे दी। पूजा की शादी 3 मई को सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी विनय के साथ हुई थी। बीती 28 जून को पति विनय उसे मायके छोड़ गया था। पूजा की मौत से पारिवारिक जनों का रो रोकर बुरा हाल है। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि नव विवाहिता की मौत का मामला होने पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता की ओर से थाने में दी गयी तहरीर में कोई आरोप नहीं लगाया गया है। गौरियाकला पीएचसी के डॉ. बीके सिंह व नवाबगंज सीएचसी के डॉ. शैलेंद्र अस्थाना के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

### परिवार परामर्श केंद्र के जरिए 40 जोड़े साथ रहने को राजी

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। पुलिस लाइन सभागार समेत जिले के सभी थानों की महिला हेल्प डेस्क पर रविवार को हुए परिवार परामर्श केंद्र के आयोजनों में पति पत्नी के आपसी विवाद वाले 40 जोड़ों के बीच आपसी सहमति बनी। जिसके बाद उन्हें पुनः विवाद न करने के वादे के साथ विदा किया गया। पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में छह, महिला थाना में 10, अचलगंज थाने में 05, थाना व सोहरामऊ थाने में तीन जोड़ों के बीच आपसी सहमति बनी। इसी तरह मौरावां, औरास, गंगाघाट, बेहटा मुजावर, बांगरमऊ व दही में वार्ताकार दो दो जोड़ों के बीच आपसी सहमति बना पाने में सफल रहे। सदर कोतवाली, अजगैन, फतेहपुर चौरासी व आसीवन थाने में एक-एक जोड़े आपसी विवाद भुला कर फिर से साथ रहने को राजी हुए।

### चोरों ने युवक की बाइक पार की

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। मूलरूप से बारासगवर के करन्ईपुर निवासी सुनील कुमार वर्तमान समय में ऋषि नगर में रहते हैं। शनिवार दोपहर ढाई बजे पुराने पुल के पास कूड़ा उठाने के लिये बाइक से गया था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पार कर दी। वापस आने पर बाइक न देख उसके होश उड़ गये। उसने बाइक चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 एस एस सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 61 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की कोविड जांच की गई।

## नहर में नहाते समय छह किशोर डूबे, पांच सकुशल निकाले गए, एक की मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सदर कोतवाली के लोक नगर से गुजरी शारदा नहर में रविवार शाम नहाते समय छह किशोर अचानक डूबने लगे जिससे वहां चीख पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों ने के प्रयासों से सभी को बाहर निकाला गया। इसी बीच सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। एक को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है।
सदर कोतवाली के जवाहर नगर मोहल्ला के रहने वाले फिरोज का पंद्रह वर्षीय बेटा असद अहमद मोहल्ले के रहने वाले अपने साथियों जुबेर अहमद पुत्र लतीफ अहमद, फिरोज पुत्र लतीफ, आसिफ खान पुत्र आरिफ खान, तौसिफ अहमद पुत्र लईक अहमद व मेहराज खान पुत्र सकी उल्लाह खान के साथ लोक नगर नहरिया नहाने गए थे। गहरे पानी में चले जाने से असद अहमद डूबने लगा उसके बचाने के प्रयास में अन्य साथी भी गहराई में जाकर डूबने लगे। जिससे वहां चीख पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से जुबेर अहमद, फिरोज, आशिफ खान, तौसिफ अहमद और मेहराज को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। वहीं असद अहमद के बेसुध होने पर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है। उसकी मौत पर मां रूबी व बहनों सबनूर और नाजनी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक शहर के ही एक इंटर कालेज में कक्षा आठ का छात्र था। परिजनों के मुताबिक वह घर से पार्क जाने की बात कह कर निकला था।

### गंगा में डूबे तीन युवक, एक को बचाया, दो मृत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर बी निवासी रमेश शर्मा का 18 वर्षीय बेटा मिलन शर्मा अपने साथी कानपुर बांसमंडी निजाम का बेटा शाबान (16) व मनीरम बगिया निवासी रामजी गुप्ता का बेटा रवि गुप्ता (33) तीनों कानपुर बांसमंडी स्थित हमराज कम्प्लेक्स में काम करते थे। रविवार दोपहर तीनों गंगा नहाने के लिये रेलवे पुल के नीचे पर्यावरण मंत्रालय घाट पर पहुंचे। जहां तीनों कपड़े उतार कर गंगा में कूद गये। इस दौरान मिलन गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। यह देख शाबान और रवि ने उसे बचाने का प्रयास किया। जिससे तीनों डूब गये। तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर गोताखोर दौड़े और रवि को बाहर निकाल लिया। वहीं शाबान और मिलन गहरे पानी में जाने से डूब गये। काफी देर बाद गोताखोरों ने दोनों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे दोनों के परिजन उन्हें इलाज के लिये ले गये। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर दोनों के परिजनों में कोहराम मच गया। शाबान के परिजन उसका शव लेकर कानपुर चले गये। वहीं मिलन के परिजन कंचन नगर बी चले गये।

### चारपाई से उतरते ही वृद्धा को सांप ने डंसा, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी रूपाना (63) पत्नी बलवंत शनिवार शाम खाना खा पी कर सोई थी। रविवार जैसे ही वह सो कर उठने पर चारपाई से उतरते ही नीचे बैठे सांप ने उसे डंस लिया। इसकी जानकारी पर परिजन आनन फानन परिजन उसे सफीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बलवंत की सूचना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि सर्प दंश से मौत की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मोहर्रम जुलूस के दौरान दो पक्षों में टकराव प्रशासन से समय रहते हालात किए काबू

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में ताजिया जुलूस के दौरान शनिवार की शाम दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। तनाव बढ़ता इससे पहले ही प्रशासनिक अमले ने समय रहते हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया। दोनों पक्षों में सुलह के बाद देर रात ताजिया सुपुर्द ए खाक किए गए।
बेहटा मुज़ावर थानाक्षेत्र के गांव खंभौली में शनिवार की शाम मोहर्रम का ताजिया जुलूस निकल रहा था। जुलूस में शामिल लोग मातम मना रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान किसी के पान मसाला खाकर थूकी गयी पीक की छींट एक युवक पर जा गिरी। जिसकों दो पक्षों में टकराव की स्थिति बन गयी। दूसरे पक्ष से एक युवक द्वारा बदले के रूप में एक जोरदार तमाचा जड़ दिया गया। इसी बात के बाद दो पक्ष आमने सामने हो गए तथा झगड़ा फसाद की स्थित बनने लगी। मौके की नजाकत देख वहां सुरक्षा के लिहाज से तैनात पुलिस कर्मियों ने तत्काल मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना मिलते ही अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उदित नारायण सेंगर, तहसीलदार दिलीप कुमार, सीओ विजय आनंद, बांगरमऊ कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह, एसओ बेहटा मुजावर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों को साथ बैठा कर आपसी सदभाव बनाए रखते हुए त्योहार सम्पन्न करने की बात कही। दोनों पक्षों की सहमति बनने पर सुलह समझौता हुआ। जिसके बाद देर रात जुलूस निकाल कर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया गया। सीओ विजय आनंद ने बताया कि दो पक्षों में विवाद की स्थिति बनी थी जिसे समय रहते वार्ता करा कर शांत करा दिया गया। किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।

## मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष का अभिनंदन




अरूण सिंह को माला पहना कर स्वागत करते कार्यक्रम संयोजक।

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम पर नवाबगंज मंडल के कुसुंभी गांव पहुंचे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष का अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया।
शीर्ष नेतृत्व के आवाहन मंडल नवाबगंज के बूथ संख्या 306 कुसुंभी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां कार्यक्रम के बाद गांव में प्रथम आगमन पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरूण सिंह का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व अन्य लोगों ने अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।
इस मौके पर ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रवासी व मुख्य अतिथि के रूप में बूथ अध्यक्ष अजयकांत राठौर एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार पांडे व साधन सहकारी समिति कुसुंभी के अध्यक्ष राम प्रताप, कुंवारे गुरु, अनिल त्रिपाठी, पुत्तन द्विवेदी, गंगा प्रसाद लोधी, चंद्रशेखर लोधी, अजय कुमार द्विवेदी समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## उत्तरीपुरा स्थित दबंग के. के. राठौर की आढ़त पर क्या योगी सरकार का बुलडोजर चलेगा ?

### दलित मजदूर की हालत बिगड़ी घर में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर




बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत होरी गढ़वा निवासी दलित मजदूर शिव श्याम कि बीते दिनों दबंग आढत संचालक केके राठौर साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर मृत समझकर दूसरे की आढत के सामने फेंक कर भाग गया था और पुलिस को अपनी दुकान पर लूट का मुकदमा पंजीकृत करा दिया था 2 दिनों तक भटकने के बाद दलित की आवाज सपा नेत्री रचना सिंह के पास तक पहुंची ने मौके पर पहुंचकर हालत को देखा और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जिस पर एसीपी ने मौके पर पहुंचकर बयान दर्ज करते हुए कानपुर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया और मुकदमा पंजीकृत कराया इसके बाद भी अभी तक दबंग केके राठौर की गिरफ्तारी न होने से पूरा में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं घायल को खून की उलटियां अभी भी हो रही है जिससे घर मे कोहराम मच जाता हैं। पिछले 2 वर्ष पहले राजेपुर स्थित राशन गोदाम से लगभग 50 कुंटल चना चोरी हुआ था जो इसी आढत से बरामद हुआ था सत्ता में पहुंच के चलते इस पर मुकदमा पंजीकृत नहीं हो सका और अपनी आढत से ही चना भरवा कर दूसरी बोरियों में चने को राजेपुर गोदाम में रखा गया था जिसके चलते यह सुर्खियों में आया था तब से यह आढत के साथ-साथ अधिकारियों तक सुर और सुंदरी की व्यवस्था करता रहता है और क्षेत्र में सट्टा का माफिया भी बन बैठा है अब कोई भी इस पर हाथ डालने से पहले 10 बार सोचना है इसके पास एक दर्जन युवाओं की टीम है जब जहां चाहता है उसके ऊपर मारपीट कर देता है आखिरकार दलित पर दबंगई दिखाने वाले की हालत पर क्या योगी सरकार का बुलडोजर चलेगा वहीं पर लोगों का कहना है कि अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है आढ़त पर बुलडोजर कैसे चलेगा।

## आबकारी व पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने 40 लीटर कच्ची शराब व देशी शराब के 22 पौवे बरामद करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कराए गए हैं।
जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर हसनगंज कुमार गौरव व इंस्पेक्टर सफीपुर पुरूषोत्तम प्रसाद टंडन ने माखी पुलिस टीम के साथ नटपुरवा व रायपुर गढ़ी में दबिश दी। इस दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। आसीवन थाना क्षेत्र के सरम्मा गांव में दबिश देने पर विनोद कुमार पुत्र स्व. परमेश्वर दयाल निवासी रसूलाबाद को देशी शराब के दीवाना ब्रांड के 22 पौवों के साथ गिरफ्तार किया गया। आसीवन थाने में उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## पिछले वर्षों की तरह इस बार भी धूमधाम से निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

### 151 मीटर का तिरंगा और भव्य झांकियां होगी आकर्षण का केंद्र, विमल द्विवेदी के आवास पर तैयारी बैठक में बनी रणनीति

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



बैठक में तैयारियों पर चर्चा करते हिंजामं के पदाधिकारी।

हिंदू जागरण मंच व नर सेवा नारायण सेवा की विशाल तिरंगा यात्रा बीते वर्षों की तरह इस बार भी पूजे जोश के साथ निकाली जाएगी। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मंच के प्रांतीय प्रभारी के आवास पर रविवार को एक बैठक आयोजित कर तैयारियों पर चर्चा की गयी जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।
हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय प्रभारी विमल द्विवेदी के आवास पर हुई बैठक में तय हुआ कि 14 अगस्त को निकलने वाली विशाल तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर वृंदावन गार्डन आवास विकास कालोनी में संपन्न होगी। गत वर्षों। में ही यात्रा का यही रूट रहा। विमल द्विवेदी ने पदाधिकारियों को लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जनसंपर्क कर आमंत्रित करने की अपील की।
तिरंगा यात्रा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बताया कि शहर के विभिन्न मोहल्लों के साथ ही गांवों में घर घर जाकर लोगों तिरंगा संपर्क किया जाएगा। यात्रा में भव्य झाकियों के साथ 151 मीटर तिरंगे विशेष आकर्षण रहेगा।
बैठक में मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह, एके दीक्षित, अलोक शुक्ल, योगेंद्र तिवारी, दिलीप मिश्रा, कमलेश बाजपेई, अमित तिवारी एडवोकेट, अखिल मिश्रा, राघवेंद्र पांडेय, मनीष मिश्रा, नीरज यादव, कल्लू कुशवाहा, मनीष अवस्थी, अवनीश तिवारी, अभिषेक, शिव सेवक, परिमल मिश्रा, केतन, शैलेंद्र, विकास सविता, जय शिव अवस्थी, शुशील, शिवम् वर्मा, सोनू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## अनुभव शंकर फिर बने विहिप के जिलाध्यक्ष

### उपाध्यक्ष सोमेंद्र सिंह उर्फ मोनू सिंह बने

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर




बिल्हौर विश्व हिंदू परिषद ने नई कार्यकारिणी टीम घोषित करते नए पदाधिकारियों को टीम की नई कमान सौंपी है। जिसमे पुनः अनुभव शंकर कटियार को कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार और शनिवार की कानपुर प्रांतीय बैठक में कमेटी के सदस्यो ने निर्णय लेते हुए पिहानी गांव निवासी पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कानपुर ग्रामीण सुशील कटियार के पुत्र अनुभव शंकर कटियार को पुनः कानपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पिछला कार्यक्रम सराहनीय रहा है जिसके चलते यह पद दिया गया है
शिवराजपुर निवासी सोमेंद्र सिंह उर्फ (मोनू सिंह तोमर) को विश्व हिंदू परिषद से जिलाउपाध्यक्ष घोषित किया है। क्षेत्रीय लोगों ने सोशल मीडिया पर दोनो पदाधिकारियों को खूब बधाइयां देकर फूल मालाओं से स्वागत किया था दोनों जोड़ी को पिछले कार्य काल अच्छा और लोगों के प्रति समय देना और हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में शामिल होकर टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करना रहा है जिसके चलते पुनः पद पर आसीन किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चार बार किया मध्य प्रदेश का जिक्र

# 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान से जुड़ें देशवासीः पीएम मोदी

### शहडोल के पकरिया से शुरू हुई जलक्रांति को सराहा, विचारपुर को मिनी ब्राजील बताया, उज्जैन का भी किया जिक्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि इसका मकसद शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि पिछले साल उन्होंने पंद्रह अगस्त पर 'पंच प्राण' की बात कही थी। 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान में हिस्सा लेकर हम इन 'पंच प्राणों' को पूरा करने की शपथ लें। उन्होंने कहा कि देशवासी पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी युवाडॉटजीओ वीडॉटइन पर अपलोड कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने एक बार फिर इस वर्ष भी 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए एक साथ आने और तिरंगा फहराने की भी अपील की। प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम के 103वें एपिसोड में कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' के तहत देशभर में अमर बलिदानियों की स्मृति में अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही इन विभूतियों की स्मृति में देश की लाखों ग्राम पंचायतों में विशेष-शिलालेख भी स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत देशभर में 'अमृत कलश' यात्रा भी निकाली जाएगी। पूरे देश के गांव-गांव से कोने-कोने से मिट्टी लेकर यह अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। यात्रा अपने साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से पौधे लेकर भी आएगी। कलश में लाई मिट्टी को पौधों से मिलाकर फिर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के समीप 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा। यह अमृत वाटिका 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी।



#### पीएम बोले, शहडोल में बन रहा है मिनी ब्राजील

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कुछ समय पहले मैं एमपी के शहडोल गया था। वहां आदिवासी भाइयों से मुलाकात हुई। पकरिया गांव के आदिवासियों ने प्रकृति और जल संरक्षण के लिए काम कर दिया है। 100 कुओं को वाटर रिचार्ज सिस्टम में बदल दिया है। बारिश का पानी इन कुओं में जाता है और वहां से जमीन में। सभी गांववालों ने 800 कुओं को रिचार्ज के लिए उपयोग में लाने का लक्ष्य बनाया है। एमपी के शहडोल में विचारपुर गांव है, इसे मिनी ब्राजील कहा जाता है। ये गांव आज उभरते सितारों का गढ़ बन गया है। यहां मेरी मुलाकात इन खिलाड़ियों से हुई। विचारपुर गांव के मिनी ब्राजील बनने की यात्रा 2 दशक पहले शुरू हुई। यह कभी नशे का शराब का गढ़ था। रईस अहमद जो पूर्व फुटबॉलर हैं और कोच हैं, उन्होंने युवाओं को फुटबॉल सिखाना शुरू किया। अब विचारपुर की पहचान फुटबॉल से होने लगी। फुटबॉल क्रांति नाम से एक प्रोग्राम चल रहा है।

#### अमेरिका ने 100 से ज्यादा दुर्लभ कलाकृतियां लौटाईं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अमेरिका ने हमें सौ से ज्यादा दुर्लभ और प्राचीन कलाकृतियां वापस लौटाई हैं 7 ये कलाकृतियाँ ढाई हजार साल से लेकर ढाई सौ साल तक पुरानी हैं 7 इनका नाता देश के अलग-अलग क्षेत्रों से है 7 2016 और 2021 में भी जब मैंने अमेरिका की यात्रा की थी, तब भी कई कलाकृतियां भारत को लौटाई गई थी 7 इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इन कलाकृतियों को लेकर खूब चर्चा हुई 7 युवाओं में अपनी विरासत के प्रति गर्व का भाव दिखा।

#### हज यात्रा नीति में बदलाव की हो रही प्रशंसा

पीएम ने कहा कि हज यात्रा नीति में पिछले सालों में किए गए बदलाव की सब जगह सराहना हो रही है। खासकर मुस्लिम महिलाएं उन्हें चिट्ठ लिखकर आशीर्वाद दे रही हैं। नीति में बदलाव के चलते अब महिलाएं भी बिना पुरुष सहयोगी के हज यात्रा कर सकती हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए सऊदी सरकार का धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि पहले मुस्लिम महिलाओं को बिना मेहरम की हज यात्रा की इजाजत नहीं थी। यह एक बड़ा बदलाव है। मुस्लिम महिलाएं उन्हें चिट्ठी लिखकर अपनी हालिया हज यात्रा की जानकारी दे रही हैं। इसमें वे महिलाएं भी शामिल हैं जिन्होंने हज की यात्रा बिना किसी पुरुष सहयोगी या मेहरम के पूरी की है। इनकी संख्या 4000 से ज्यादा है। इस संबंध में सऊदी सरकार का भी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। ऐसी महिलाओं के लिए उन्होंने खास तौर पर एक महिला समन्वयक की नियुक्ति की थी।

#### युवाओं को रखना होगा ड्रग्स की आदत से दूर

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की भावी पीढ़ियों को अगर हमें बचाना है तो हमें उन्हें ड्रग्स की आदत से दूर रखना होगा। 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान से 11 करोड़ से ज्यादा लोग को जोड़ा गया है। मोदी ने ड्रग्स के खिलाफ सुरक्षाबलों के अभियान और इसकी आदत से जूझ रहे लोगों के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। इसी संदर्भ में उन्होंने मध्य प्रदेश के एक गांव का उदाहरण दिया जिसे आज 'मिनी ब्राजील' के तौर पर जाना जाता है। मध्य प्रदेश के शहडोल के विचारपुर गांव के युवा आज फुटबॉल के उभरते सितारे बन रहे हैं। एक समय में जो आदिवासी गांव नशे के लिए जाना जाता था आज वे अपनी प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने इसके लिए पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच रईस अहमद के प्रयासों की सराहना की। जिन्होंने इन खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारा।

#### उज्जैन में 18 कलाकर बना रहे चित्रकथाएं

प्रधानमंत्री ने कहा, हम न केवल अपनी विरासत को अंगीकार करें, बल्कि उसे जिम्मेदारी से साथ विश्व के सामने प्रस्तुत भी करें। मुझे खुशी है कि ऐसा ही एक प्रयास इन दिनों उज्जैन में चल रहा है। यहाँ देशभर के 18 चित्रकार, पुराणों पर आधारित आकर्षक चित्रकथाएँ बना रहे हैं। ये चित्र, बूंदी शैली, नाथद्वारा शैली, पहाड़ी शैली और अपभ्रंश शैली जैसी कई विशिष्ट शैलियों में बनेंगे। इन्हें उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा, यानी कुछ समय बाद जब आप उज्जैन जाएंगे।

#### 'मुस्लिम महिलाओं ने लिखे पत्र'

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्हें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं के पत्र प्राप्त हुए हैं, जो हज करके लौटी महिलाओं ने उन्हें लिखे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन महिलाओं ने पुरुष सदस्यों या मेहरम के बिना हज यात्रा की। उनकी संख्या 50 या 100 नहीं है बल्कि 4000 है। यह एक बड़ा बदलाव है। पहले मुस्लिम महिलाओं को बिना मेहरम के हज यात्रा करने की अनुमति नहीं थी। पीएम ने इसके लिए सऊदी अरब सरकार को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने अकेले हज यात्रा पर जाने वाली महिलाओं की मदद के लिए महिला समन्वयकों की तैनाती की।

#### अमेरिका ने लौटाईं दुर्लभ कलाकृतियां

प्रधानमंत्री ने अमेरिका द्वारा लौटाई गईं प्राचीन कलाकृतियों के बारे में भी बात की और कहा कि कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर अमेरिका द्वारा 100 से ज्यादा दुर्लभ कलाकृतियों के लौटाने की खूब चर्चा थी। ये दुर्लभ कलाकृतियां ढाई सौ से 2500 साल पुरानी हैं। ये कलाकृतियां देश के विभिन्न इलाकों से संबंधित हैं। अमेरिका की सरकार ने इन्हें हमें वापस लौटाया है। पीएम ने कहा कि उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान भी अमेरिका ने कई कलाकृतियां भारत को लौटाई हैं।

#### सावन का मतलब ही आनंद और उल्लास हैः पीएम मोदी

पीएम ने कहा, इस समय सावन का महीना चल रहा है। महादेव की आराधना के साथ सावन हरियाली और खुशहाली से जुड़ा होता है। इसका बहुत महत्व रहा है। सावन के झूले, सावन की मेंहदी, सावन के उत्सव। सावन का मतलब ही आनंद और उल्लास है। इस आस्था और परंपराओं का एक पक्ष और भी है। ये हमें गतिशील बनाते हैं। शिव अराधना के लिए कितने ही भक्त कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। 12 ज्योतिर्लिंगों पर भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनारस पहुंचने वाले लोगों की संख्या रिकॉर्ड तोड़ रही है। हर साल वहां 10 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं।

## 'कलम के सिपाही' मुंशी प्रेमचंद



**हिन्दी** साहित्य जगत में मुंशी प्रेमचंद प्रमुख स्तंभ थे जिन्होंने हिंदी जगत को कहानियाँ एवं उपन्यासों की अनुपम सौगात प्रस्तुत की प्रेमचंद हिन्दी और उर्दू के यथार्थवादी महानतम लेखक मुंशी प्रेमचंद जी की रचना-दृष्टि, विभिन्न साहित्य रूपों में, अभिव्यक्त हुई है। वो बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे। प्रेमचंद जी कि रचनाओं में जन साधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिक चित्रण किया है। साहित्य जगत ने उनके लेखन से प्रभावित होकर उन्हें 'कलम के सिपाही' का उपनाम दिया था मुंशी प्रेमचन्द ने साहित्य के माध्यम से भारत के दलित एवं उपेक्षित वर्गों का नेतृत्व करते हुए उनकी पीड़ा एंव विरोध को वाणी प्रदान की उनकी रचनाओं का एक उद्देश्य होता था। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने न केवल सामाजिक बुराइयों के दुष्परिणामों की व्याख्या की, बल्कि उनके निवारण के उपाय भीबताए। उन्होंने बाल-विवाह, बेमेल-विवाह, विधवा-विवाह, सामाजिक शोषण, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक समस्याओं को अपनी कृतियों का विषय बनाया एवं यथासंभव इनके समाधान भी प्रस्तुत किए'कर्मभूमि' नामक उपन्यास के माध्यम से उन्होंने छुआ-छूत की गलत भावना एंव अछूत समझे जाने वाले लोगों के उद्धार का मार्ग बताया है।उन्होंने लगभग अपनी सभी रचनाओं में धर्म के ठेकेदारों की पूरी आलोचना की है एवं समाज में व्याप्त बुराइयों के लिए उन्हें जिम्मेदार मानते हुए जनता को उनसे सावधान रहने का संदेश दिया है। 'सेवासदन' नामक उपन्यास के माध्यम से उन्होंने नारी शोषण के खिलाफ आवाज उठाई है। अपनी कई रचनाओं में हिन्दू-मुस्लिम सांप्रदायिकता पर गहरा आघात किया एंव 'कर्बला' नामक नाटक के माध्यम से उनमें एकता व भाईचारा बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया। इस तरह देखा जाए तो अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेमचन्द ने न केवल 'कलम के सिपाही' के रूप में ब्रिटिश सरकार से लोहा लिया, बल्कि समाज सुधार के पुनीत कार्य को भी बखूबी अंजाम दिया उनके उपन्यास 'गोदान' को यथार्थवादी उपन्यास की संज्ञा दी जाती है, क्योंकि इसके नायक होरी के माध्यम से उन्होंने समाज के यथार्थ को दर्शाया है गाँव का निवासी होने के कारण उन्होंने किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचारों को नजदीक से देखा था, इसलिए उनकी रचनाओं में यथार्थ दर्शन होते हैं। उन्हें लगता था कि सामाजिक शोषण एंव अत्याचारों का उपाय गांधीवादी दर्शन में है, इसलिए उनकी रचनाओं में गांधीवादी दर्शन की भी प्रधानता है। प्रेमचन्द गांव के किसान एंव मोची से लेकर शहर के अमीर वर्ग एंव सरकारी मुलाजिमों तक को अपनी रचनाओं में यथार्थ चित्रण किया है। साहित्य जगत ने उनके लेखन से प्रभावित होकर उन्हें '**कलम के सिपाही**' का उपनाम दिया है। प्रेमचन्द को उनके महान उपन्यासों में उत्कृष्ट कथाशिल्प एवं प्रस्तुतीकरण के कारण '**उपन्यास सम्राट**' भी कहा जाता है। मुंशी प्रेमचंद का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के लमही नामक ग्राम में सन् 1880 ई0 को एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता श्री अजायब राय तथा माता आनंदी देवी थीं। प्रेमचंद जी का वास्तविक नाम धनपत राय था।



डॉ रचना सिंह 'रश्मि'
स्वतंत्र स्तंभकार
singh79rashmi@gmail.com

# पाकिस्तान में आतंकी हमले में 35 लोगों की मौत, 80 घायल



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य के बाजौर में रविवार को एक पॉलिटिकल रैली में के दौरान ब्लास्ट हुआ। पुलिस ने इसे आतंकी हमला बताया है। पाकिस्तानी टीवी चैनल 'जियो न्यूज' के मुताबिक- 35 लोगों की मौत हो चुकी है और 80 लोग घायल हैं। घटना बाजौर की खार तहसील की है। यहां सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल जमीयत उलेमा इस्लाम फजल की रैली चल रही थी। पार्टी ने कहा- 35 कार्यकर्ता मारे गए इस रैली को JUI-F के सीनियर लीडर हाफिज हमदुल्लाह संबोधित करने वाले थे, लेकिन वो किसी वजह से यहां पहुंच नहीं सके। बाद में मीडिया से बातचीत में हाफिज ने कहा- हमारे करीब 35 कार्यकर्ता इस ब्लास्ट में मारे गए हैं। मैं इस घटना की निंदा करता हूं। हमारे हौसले इस तरह के हमलों से कम नहीं होंगे। हाफिज ने आगे कहा- इस तरह के हमले पहले भी होते रहे हैं। इनकी गहराई से जांच होनी चाहिए। हमें तो किसी तरह की सिक्योरिटी भी मुहैया नहीं कराई जाती। हम इस मसले को संसद में उठाएंगे।

#### फिदायीन हमले का शक

पुलिस के मुताबिक ब्लास्ट शाम करीब 4.30 बजे हुआ। इस वक्त रैली में काफी लोग मौजूद थे। माना जा रहा है कि हमलावर पार्टी समर्थकों के बीच ही मौजूद था। इसलिए इसे फिदायीन हमला माना जा रहा है। JUI-F के चीफ मौलाना फजल ने घटना के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से बातचीत की और उन्हें तफ्सील से जानकारी दी। सरकार ने घटना की जांच के आदेश भी दे दिए हैं। फजल ने समर्थकों से कहा, आप लोग फौरन अस्पताल पहुंचें और घायलों को खून मुहैया कराएं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी के मुताबिक, यह हमला मुल्क को कमजोर करने की एक और साजिश है। सरकार आतंकियों से निपटने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

#### पार्टी ने कहा, 35 कार्यकर्ता मारे गए

इस रैली को JUI-F के सीनियर लीडर हाफिज हमदुल्लाह संबोधित करने वाले थे, लेकिन वो किसी वजह से यहां पहुंच नहीं सके। बाद में मीडिया से बातचीत में हाफिज ने कहा, हमारे करीब 35 कार्यकर्ता इस ब्लास्ट में मारे गए हैं। मैं इस घटना की निंदा करता हूं। हमारे हौसले इस तरह के हमलों से कम नहीं होंगे। हाफिज ने आगे कहा- इस तरह के हमले पहले भी होते रहे हैं। इनकी गहराई से जांच होनी चाहिए। हमें तो किसी तरह की सिक्योरिटी भी मुहैया नहीं कराई जाती। हम इस मसले को संसद में उठाएंगे।

#### हमले के पीछे कौन

JUI-F कट्टर इस्लामी संगठन है और इसके तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अफगान तालिबान से करीबी रिश्ते हैं। लिहाजा, इस बात की आशंका कम है कि इस इलाके में तालिबान ने हमला किया होगा। अब सवाल ये है कि अगर तालिबान ने हमला नहीं किया तो फिर कौन इसके पीछे होगा। पाकिस्तान सरकार और तालिबान के बीच बातचीत कराने में भी जमीयत चीफ मौलाना फजल-उर-रहमान का अहम रोल था।

# मिस्टर करप्शन नाथ एमपी में ट्रांसफर इंडस्ट्री के सिवाय कोई नया उद्योग नहीं ला पाएः अमित शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत इंदौर में भाजपा के संभागीय सम्मेलन में रविवार को की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। शाह ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और कमलनाथ पर तंज कसते हुए कहा कि 'मिस्टर बंटाधार' और 'करप्शन नाथ' मप्र में कोई नया उद्योग नहीं ला पाए, सिवाय ट्रांसफर इंडस्ट्री के। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मध्य प्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाएगी। गृह मंत्री ने कहा कि पूरे देश में भाजपा का सबसे अच्छा संगठन मध्य प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे और राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने प्रदेश में



संगठन को खड़ा किया है। यहां हर गांव हर बूथ में कमल देखने को मिलता है। आज 2023 के चुनाव की शुरुआत हो गई है। अब हर संभाग में ऐसे सम्मेलन होंगे। कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि 2023 और 2024 के चुनाव में परिणाम भाजपा के पक्ष में आएंगे।

#### कांग्रेस पार्टी राममंदिर का काम लटका रही थी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में वर्षों तक रामलला टेंट में थे। 550 साल में न जाने कितने लोग वहां शहीद हो गए। कांग्रेस पार्टी मंदिर के काम को लटका रही थी, लेकिन जैसे ही कोर्ट का फैसला आया तो मंदिर की आधारशिला रखी गई। देवी अहिल्या बाई के बाद देश के तीर्थों को जीर्णोद्धार करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। भाजपा की सरकार देशवासियों के लिए की धड़कन बनी है। प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा हैं। कांग्रेस ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मध्य प्रदेश में 19 हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश के किसानों के खाते में भेजे।

#### कांग्रेस सत्ता में आई तो न लाडली रहेगी न बहनाः शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने इस प्रदेश का कबाड़ किया। डेढ़ साल सत्ता में रहने पर में केंद्र सरकार की योजनाओं को ठप किया। किसान सम्मान निधि नहीं ली। मैंने संबल योजना बनाई थी, लेकिन कमल नाथ ने उसे बंद कर दिया। बच्चों से लैपटॉप छिन लिए। तीर्थ दर्शन योजना बंद कर दी। कांग्रेस के समय दलालों और घूसखोरों का सरकार में बोलबाला था। चौहान ने कहा कि लाडली बहनें तब तक हैं, जब हमारी सरकार रहेगी। अगर कांग्रेस आ गई तो न लाडली रहेगी न बहना रहेगी, इसलिए इस बार कोई चूक नहीं होना चाहिए। अमित शाह विजय का मार्ग प्रशस्त करने आए हैं। हम युद्ध के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कई मामलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अब हमारा देश समृद्ध और ताकतवर देशों की गिनती में आ रहा है।

शाह ने कहा कि मिस्टर बंटाधार और करप्शन नाथ प्रदेश में कोई नया उद्योग तो नहीं ला पाए। सिर्फ ट्रांसफर इंडस्ट्री शुरू कर पाए। शिवराज सरकार के समय की 51 योजनाएं बंद कर दी। योजनाओं के पैसे से टेंडर देकर सिर्फ कमीशन खाने का काम कांग्रेस सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन सरकार मध्य प्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में नौ साल से नरेंद्र मोदी शासन कर रहे हैं। वे विश्व में देश का झंडा बुलंद करने का प्रयास करते हैं।

## अहमदाबाद के अस्पताल में लगी आग, 100 से ज्यादा मरीजों को सुरक्षित निकाला गया



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अहमदाबाद के एक अस्पताल में आग लगने की खबर है। आग लगने के बाद अस्पताल से 100 से ज्यादा मरीजों को सुरक्षित निकाला गया है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। मौके पर 20-25 अग्निशमन कर्मी मौजूद हैं। आग अस्पताल के बेसमेंट में लगी थी। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। अहमदाबाद के शाही बाग इलाके में स्थित दस मंजिला राजस्थान अस्पताल के बेसमेंट में यह आग लगी। अस्पताल के बेसमेंट में सुबह करीब साढ़े चार बजे यह आग लगी। आग लगने के बाद पूरे बेसमेंट में धुंआ भर गया। अस्पताल से एहतियातन 125 मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। अग्निशमन अधिकारी जयेश खादिया ने बताया कि राजस्थान अस्पताल के बेसमेंट में आग करीब सुबह साढ़े चार बजे लगी। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। अस्पताल में कुछ पुनर्निर्माण का काम चल रहा था। आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मरीजों को भी सुरक्षित निकाल लिया गया है। 20-25 अग्निशमन कर्मी मौके पर मौजूद हैं और आग को नियंत्रित कर लिया गया है। शाही बाग पुलिस थाने के निरीक्षक एमडी चंपावत का कहना है कि बेसमेंट में चल रहे नवीकरण काम के चलते बेसमेंट में रखी चीजों में आग लग गई।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया असम विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन

## बोले, यह भवन नहीं, लोकतंत्र का मंदिर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को असम विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान बिरला के अलावा असम विधानसभा के अध्यक्ष बिस्वजीत दायमरी, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और रामेश्वर तेली समेत अहम चेहरों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि नया विधानसभा परिसर दस एकड़ जमीन में फैला हुआ है, जिसमें मुख्य इमारत और प्रशासनिक कामकाज के लिए अन्य इमारतें शामिल हैं। इस मौके पर लोकसभा स्पीकर ने कहा, किसी भी राज्य विधानसभा का भवन सिर्फ एक भवन नहीं है। यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। इस मंदिर में बैठकर हम केवल जन कल्याण के लिए काम करते हैं। इसीलिए लोकतंत्र की 75 वर्षों की यात्रा में हमने सामाजिक-आर्थिक विकास के माध्यम से देश को आगे बढ़ाया है।



#### 10 साल पहले रखी गई थी नए परिसर की नींव

अधिकारियों के मुताबिक, नये परिसर की नींव 10 साल पहले रखी गई थी और तब इसके निर्माण पर 234.84 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान था, लेकिन निर्माण कार्य में देरी और परिसर में अन्य निर्माण के कारण अब 351 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। अधिकारियों के अनुसार, नए भवन में 180 विधायकों के बैठने की व्यवस्था है। मौजूदा विधानसभा भवन में 126 विधायक बैठ सकते हैं।

# यमुना में नहाने गए पांच दोस्त डूबेः दो बचे, तीन लापता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बाहरी-उत्तरी दिल्ली के अलीपुर स्थित सिंघु गांव के नजदीक यमुना में नहाने गए तीन किशोर गहरे पानी में डूब गए। हादसे के बाद इनके साथ मौजूद दो अन्य दोस्त बुरी तरह घबरा गए। डर की वजह से दोनों ने इनके परिजनों को डूबने के बारे में नहीं बताया। परिजन अपने बच्चों को ढूंढते रहे। देर रात को दोनों दोस्तों ने किशोरों के डूबने की जानकारी दी। रात को ही मामले की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। बोट क्लब के गोताखोर भी मौके पर पहुंच गए। रातभर और रविवार को दिन में चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीनों किशोरों का सुराग नहीं लग सका। आशंका व्यक्त की जा यमुना के तेज बहाव में तीनों दोस्त बह गए। बचाव दल रिशु (14), शिवम (13) और रूपेश (14) की तलाश में जुटा है। जानकारी के अनुसार रिशु, शिवम और रूपेश परिवार के साथ सिंघु गांव में रहते हैं। रिशु के परिवार में पिता राम सिंह, मां और एक भाई है। शिवम के परिवार में पिता नागेंद्र व अन्य सदस्य हैं। वहीं रूपेश के परिवार में पिता जितेंद्र पांडेय व अन्य लोग हैं। तीनों ही दोस्त पास के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्र हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे तीनों दोस्त अपने दो अन्य दोस्त प्रवेश और शुभम के साथ खेलने जाने की बात कर घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। रिशु के पिता राम सिंह ने बताया कि उन्होंने प्रवेश और शुभम से पूछा तो वह पता न होने की बात करने लगे।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी** द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। **संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,** (**नेशनल हेडः कमलेश फाइटर**) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : **UPHIN/2009/30003**, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (**नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।**)